

अदब सीखना है तो कलम से सीखो, जब भी चलती है, सिर झुकाकर चलती है।

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबह वाणी

सफलता चाहिए तो खुद को वश में रखें, दूसरों को नहीं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025 | श्रावण कृष्ण पक्ष: प्रतिपदा विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 190 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### पंजाब में रेलगाड़ी पटरी से उतरी

**माधोपुर (अप्रस)।** जम्मू-कश्मीर से पंजाब के पठानकोट की तरफ आ रही एक मालगाड़ी गुरुवार सुबह माधोपुर रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। हादसे में ट्रेन का इंजन और तीन डिब्बे पटरी से उतरे (डिरेल) हैं। गनीमत यह रही कि यह एक मालवाहक ट्रेन थी, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। रेलवे विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारी बारिश के चलते ट्रैक के नीचे की मिट्टी और पत्थर खिसक गए हैं, जिससे यह रेल लाइन हल्की क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसी कारण ट्रेन का संतुलन बिगड़ा और वह पटरी से उतर गई। इसके कारण मालवा एक्सप्रेस, सर्वोदय एक्सप्रेस जैसी 4 सवारी गाड़ियां भी रास्ते में फंसी हुई हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया है कि शाम तक ट्रैक को ठीक कर चालू कर दिया जाएगा।




## पंजाब कैबिनेट का बड़ा फैसला

# 10 लाख रुपए तक के कैशलेश 'सेहत कार्ड' पर लगी मुहर

### ऐतिहासिक पहल लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन पंजाब

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में वीरवार को हुई कैबिनेट बैठक में अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने देश की अपनी तरह की पहली योजना, मुख्यमंत्री सेहत योजना को मंजूरी दे दी। इसके तहत राज्य के निवासी 10 लाख रुपए तक का इलाज फ्री करवा सकेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने वाली यह योजना 2 अक्टूबर से शुरू होगी। मुख्य मंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत राज्य का प्रत्येक परिवार 10 लाख रुपए तक का नकद रहित इलाज करवाने में सक्षम होगा। इसके साथ ही पंजाब देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां प्रत्येक परिवार को स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यापक योजना के तहत लाया गया है। इस योजना का लाभ पंजाब की कुल तीन करोड़ आबादी को होगा और अब तक 550 से अधिक निजी अस्पतालों को इस योजना के लिए सूचीबद्ध किया गया है, जिसे आने वाले दिनों में एक हजार तक बढ़ाया जाएगा। पहले प्रत्येक परिवार केवल पांच लाख रुपए तक का इलाज करवा सकता था, इस सीमा को अब बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों सहित पंजाब का प्रत्येक नागरिक मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्राप्त करने के लिए पात्र होगा, इसके लिए आय की कोई सीमा नहीं है। पहले आय सीमा के मापदंड के कारण केवल चयनित परिवारों को ही इस योजना के तहत लाभ मिलता था, लेकिन अब सभी पंजाब निवासियों को इसका लाभ मिलेगा।

शेष पेज-2 पर


कैबिनेट मीटिंग की अध्यक्षता करते सीएम भगवंत मान।

### ऑनलाइन हासिल कर सकते हैं सेहत कार्ड

प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड, सेवा केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से जारी किए जाएँगे। इसके अलावा, लोग अपने वोटर कार्ड या आधार कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से भी स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत इलाज सभी सरकारी अस्पतालों और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगा, और अब पंजाब के किसी भी निवासी को वित्तीय तंगी के कारण इलाज से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।

## पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र

### दिवंगत हस्तियों को दी श्रद्धांजलि



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब विधान सभा में वीरवार विधानसभा के पिछले सैशन के बाद दिवंगत हुई हस्तियों सहित अहमदाबाद हवाई जहाज हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि भेंट की। 16वीं पंजाब विधान सभा के 9वें (विशेष) सैशन के दौरान सदन ने तरन तारन के विधायक डा. कश्मीर सिंह सोहल, पूर्व केंद्रीय मंत्री स. सुखदेव सिंह ढींडसा, प्रसिद्ध लेखक डा. रत्न सिंह जग्गी, शहीद नायक सुरिन्दर सिंह, शहीद लांस नायक बलजीत सिंह, शहीद लांस नायक गुरप्रीत सिंह, अबोहर के कारोबारी संजय वर्मा और अहमदाबाद में हाल ही में हुए हवाई जहाज हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि भेंट की। समूचे सदन ने श्रद्धांजलि देते सम्मान के तौर पर दिवंगत आत्माओं की याद में दो मिनट का मौन भी रखा।

# कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

तीन दिन पहले हुआ था उद्घाटन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नई दिल्ली।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर बुधवार रात फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले, 7 जुलाई को कैप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की। खबरों के अनुसार खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हरजीत सिंह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की लिस्ट में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ा है।

हमलावर ने फायरिंग का वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें कैफे के बाहर एक कार में बैठा व्यक्ति गाड़ी के अंदर से लगातार फायरिंग करते दिख रहा है। हालांकि, अभी तक घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

# पांच देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे पीएम मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की आठ दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद गुरुवार सुबह स्वदेश लौट आए। प्रधानमंत्री दो जुलाई को घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रवाना हुए थे। यात्रा के अंतिम चरण में वह बुधवार को नामीबिया पहुंचे थे जहां उन्होंने नामीबियाई राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की।

पीएम मोदी ने नामीबिया की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित किया।

इससे पहले ब्राजील में उन्होंने 17 वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया और सदस्य देशों के सामने विभिन्न विषयों पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट किया।




# पंजाब सरकार गांवों के विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 1500 महिला पंचों-सरपंचों को नांदेड़ साहिब के दर्शन के लिए ले जाएगी: सीएम

महिला पंचायती प्रतिनिधियों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से लिया गया निर्णय

डैमों से सी.आई.एस.एफ. की तैनाती का निर्णय रद्द करने के लिए प्रस्ताव लाएगी राज्य सरकार

विपक्षी दलों के दोहरे चरित्र की कड़ी निंदा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** राज्य में महिलाओं के अधिक अधिकारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने गांवों के विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 1500 महिला सरपंचों और पंचों को पवित्र स्थल नांदेड़ साहिब के दर्शन के लिए भेजने का निर्णय लिया है। इसके बारे में विस्तार से जानकारी साझा करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि



यह पहल नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित है। उन्होंने कहा कि इन महिला सरपंचों-पंचों के आने-जाने और रहने-सहने का सारा खर्च पंजाब सरकार वहन करेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन महिला पंचायती प्रतिनिधियों के इस पवित्र स्थल पर जाने के लिए विशेष रेलगाड़ियों की व्यवस्था की जाएगी और महाराष्ट्र में इन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

मुख्य मंत्री ने कहा कि प्रत्येक पंजाबी के दिल में नांदेड़ साहिब के प्रति बहुत श्रद्धा और महत्व है और कई लोगों के मन में जीवन में कम से कम एक बार दर्शन करने की इच्छा होती है। उन्होंने आगे कहा कि ये पंच-सरपंच महिला सशक्तिकरण की भावना की मिसाल हैं और सरकार इन्हें इस तीर्थ यात्रा के दर्शन के लिए ले जाकर उनके योगदान का सम्मान करना चाहती है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि महिला सरपंच और पंच पंजाब और पंजाबियों के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए अरदास करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस पहल को मजबूती से लागू करने के लिए आवश्यक रूपरेखा को अंतिम रूप दे रही है।

मुख्य मंत्री ने आगे कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने पंजाब के डैमों की सुरक्षा के लिए सी.आई.एस.एफ. के जवानों को तैनात करने की सहमति दी थी। मुख्य मंत्री ने घोषणा की कि वर्तमान सरकार इस निर्णय को वापस लेने के लिए शुक्रवार को पंजाब विधान सभा में प्रस्ताव पेश करेगी। भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि पंजाब पुलिस राज्य के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। भगवंत सिंह मान ने कहा, 'अगर पंजाबी देश की सीमाओं की रक्षा कर सकते हैं, तो वे अपने डैमों की रक्षा भी कर सकते हैं।'

मुख्य मंत्री ने तीखा राजनीतिक हमला करते हुए भाजपा नेता सुनील जाखड़ को सलाह दी कि वे अन्य मुद्दों पर टिप्पणी करने के बजाय अपनी पार्टी और पद को बचाने पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेसी नेता, जो अब भाजपा में हैं, लुधियाना उपचुनाव में भगवा पार्टी की हार से बुरी तरह घबरा गए हैं। भगवंत सिंह मान ने ऐसे नेताओं के बार-बार वफादारी बदलने और पंजाब के लोगों के सरोकारों के प्रति भी वफादार न रहने की कड़ी आलोचना की।

पंजाब पुलिस में सुधारों का जिक्र करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि पुलिस में मानव शक्ति और संसाधनों को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि वर्षों से पुलिस की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार बल को और अधिक मजबूत करने और इसकी गौरवमयी विरासत को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह राज्य और इसके लोगों के बड़े हित में सरकार का कर्तव्य है।

### देश के महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज कर रहे हैं पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के पास विदेशों का दौरा करने का समय है, लेकिन वे 140 करोड़ भारतीयों की समस्याओं को दूर करने में असफल रहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि वे 10,000 से कम आबादी वाले देशों से विदेशी सम्मान प्राप्त करने का जश्न मना रहे हैं, जबकि देश के महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज कर रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा, 'यह देश की दयनीय स्थिति को दर्शाता है।'

# पंजाब में बढ़ रहा मछली पालन क्षेत्र, वार्षिक 2 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचा मछली उत्पादन: खुड्डियां

विभिन्न मछली पालन प्रोजेक्टों के अंतर्गत 637 लाभार्थी मछली-पालकों को 30.64 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी

राष्ट्रीय मछली पालक दिवस के मौके पर मछली पालन मंत्री द्वारा पंजाब के नौजवानों को मछली पालन क्षेत्र में मौजूद आर्थिक संभावना का लाभ उठाने का न्योता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** राष्ट्रीय मछली पालक दिवस के मौके पर आज पंजाब के पशु पालन, डेयरी विकास और मछली पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि राज्य में मछली पालन क्षेत्र लगातार बढ़-फूल रहा है और राज्य में पानी के कुदरती स्रोतों, निजी तलाबों और छप्पड़ों में से वार्षिक 2 लाख मीट्रिक टन मछली पैदा की जा रही है। मछली पालन क्षेत्र की प्रगति पर रौशनी डालते हुये स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि पंजाब में इस समय 43,683 एकड़ से अधिक क्षेत्र



मछली पालन के अधीन और करीब 985 एकड़ क्षेत्र झींगा पालन के अधीन है, जो राज्य में जल- जीवों के पालन- पोषण के बढ़ रहे रुझान को दर्शाता है।

उन्होंने आगे बताया कि मछली पालन क्षेत्र के विकास के लिए 16 सरकारी मछली पुंग फार्म, 11 मछली फीड मिलें और 7 लैबाट्रियां सक्रियता से राज्य के किसानों की मदद के लिए काम कर रही हैं। इसके इलावा 637 मछली पालकों को मछली पालन के विभिन्न प्रोजेक्टों के अंतर्गत 30.64 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है जिसमें मछली और झींगा पालन के लिए तालाब का निर्माण, मछली फीड मिलें, रीसर्क्युलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस), बायोफ्लौक-कल्चर सिस्टम, आईस बॉक्स की सुविधा वाले इंसुलेटेड वाहन, मोटरसाईकल और आटो- रिक्शा शामिल हैं, जिन पर 40 से 60 फीसद तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि इसके साथ ही साफ़-सुथरे वातावरण में मछली और मछली उत्पादों की बिक्री के लिए 8 प्राईवेट फिश कियोस्क भी स्थापित किये गए हैं।

राज्य के मछली पालकों को राष्ट्रीय मछली पालक दिवस के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के योग्य नेतृत्व अधीन मछली पालन क्षेत्र अच्छी तरह बढ़-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इन यत्नों ने मछली पालन और सहायक उद्योगों में विकास के लिए विशाल संभावनाएं पैदा करने के साथ-साथ मछली और झींगा प्रोसेसिंग के लिए विकास के नये रास्ते खोले हैं। इस प्रगति स्वरूप पंजाब की आर्थिकता को बढ़ावा मिलेगा जिससे रोज़गार के नये के मौके पर भी पैदा होंगे।

मछली पालन मंत्री ने राज्य के नौजवानों को मछली पालन के पेशे को स्व- रोज़गार के एक लाभप्रद के मौके पर तौर पर देखने की अपील करते हुये इस उद्यम को अपना कर राज्य के आर्थिक विकास में हिस्सेदार बनने के लिए कहा।

# युद्ध नशों विरुद्ध' के 131वें दिन 129 नशा तस्कर गिरफ्तार; 4.2 किलो हेरोइन बरामद

नशा छुड़ाने सम्बन्धी यत्नों के हिस्से के तौर पर पंजाब पुलिस ने 86 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राज़ी किया

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** राज्य में से नशों के मुकम्मल ख़ात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के आदेशों पर शुरु किये गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 131वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 129 नशा तस्करों को गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े में से 4.2 किलो हेरोइन, 509 ग्राम अफ़ीम और 23,370 रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। इससे सिर्फ़ 131 दिनों के अंदर गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 21,356 हो गई है।

यह आपरेशन डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के आदेशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय चलाया गया।

ज़िक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस. एस. पीज़ को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व अधीन 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है।

आपरेशन के विवरण देते हुये स्पैशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 84 गज़टिड अधिकारियों की निगरानी अधीन 1300 से अधिक पुलिस कर्मचारियों के सम्मिलन वाली 180 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 414 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते राज्य भर में 92 ऐफआईआरज़ दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस आपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 456 शक्की व्यक्तियों की जांच भी की।

स्पैशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में से नशों के ख़ात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति-इनफोरसमैंट, डी-एडिकशन और प्रीवैंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के तौर पर 86 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

# पंजाब सरकार 390 सरकारी इमारतों पर 30 मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा प्लांट करेगी स्थापित: अरोड़ा

## कहा-150 करोड़ रुपए की लागत वाला प्रोजेक्ट मार्च 2026 तक चालू किया जायेगा

यह प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट प्राकृतिक ऊर्जा पैदा करेगा, कार्बन घटाऐगा और वार्षिक 15 करोड़ रुपए के बिजली खर्चों की बचत करेगा

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** पंजाब के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने आज बताया कि राज्य की प्राकृतिक ऊर्जा सम्बन्धी क्षमता में विस्तार करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार द्वारा मार्च 2026 तक राज्य भर में 390 सरकारी इमारतों की छतों पर 30 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किये जाएंगे।



श्री अमन अरोड़ा पंजाब ऊर्जा विकास अथॉरिटी (पेडा) द्वारा चलाए जा रहे चल रहे प्रोजेक्टों का जायज़ा ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पेडा के चेयरपर्सन डा. सुखचैन गोगी और प्रमुख सचिव नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत श्री अजोए कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

इस प्रोजेक्ट संबंधी जानकारी देते हुये श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि 150 करोड़ रुपए की लागत वाले इस प्रोजेक्ट से विभिन्न सरकारी विभागों के बिजली ख़र्च में वार्षिक 15 करोड़ रुपए की बचत होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्धी टैंडर प्रक्रिया मुकम्मल हो चुकी है, जिससे इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट को लागू करने का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि इस प्रोजेक्ट के अधीन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण, परिवहन, कृषि और किसान कल्याण, पर्यटन और सांस्कृतिक मामले, गृह मामले और न्याय, मैडीकल शिक्षा और अनुसंधान, स्थानीय निकाय और जल स्रोत विभाग सहित 25 प्रमुख विभागों की इमारतों पर सौर ऊर्जा प्लांट लगाए जाएंगे।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब ने पिछले तीन सालों में नवीकरणीय ऊर्जा में प्रभावशाली प्रगति दर्ज की है जिसके अंतर्गत 1098 सरकारी इमारतों की छतों पर 7.7 मेगावाट सामूहिक क्षमता वाले सौर ऊर्जा प्लांट लगाए गए हैं, जो स्थायी ऊर्जा के प्रति राज्य सरकार की वचनबद्धता को दर्शाते हैं।

मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की स्थिरता, वातावरण संरक्षण और वित्तीय सूझ के प्रति दृढ़ वचनबद्धता दोहराते हुये श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का प्रयोग करके राज्य का उद्देश्य कार्बन को घटाना, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को घटाना और अपने नागरिकों के लिए बेहतर भविष्य को यकीनी बनाना है। यह पहलकदमी पंजाब को प्राकृतिक और अधिक ऊर्जा-कुशल राज्य बनाने की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ये रहे मौके पर मौजूद

मीटिंग के दौरान अमन अरोड़ा ने विभाग के अधिकारियों को प्राकृतिक ऊर्जा उत्पादन को और बढ़ाने के तरीकों की तलाश करने के निर्देश भी दिए। मीटिंग में पेडा की सी. ई. ओ. मिस. नीलिमा, डायरैक्टर एम. पी. सिंह और अन्य सीनियर अधिकारी भी मौजूद थे।

# चावल मिलर्स और अन्य हितधारकों की समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत: मंत्री समूह

पंजाब सरकार खरीद प्रक्रिया में शामिल सभी भागीदारों को विकास में सक्रिय सहयोगी मानती है

अब तक 105 लाख मीट्रिक टन अनाज की निकासी हो चुकी है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** चावल और गेहूं की निर्बाध व सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित मंत्री समूह ने आज पंजाब के चावल मिल मालिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं और चिंताएं ध्यानपूर्वक सुनीं और उनकी वाजिब मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मंत्री समूह के चेयरमैन तथा कृषि एवं



किसान कल्याण मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि पंजाब सरकार, मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, आगामी खरीफ सीजन की व्यवस्थित खरीद को सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रबंध कर रही है। उन्होंने कहा कि धान की बुआई शुरू हो चुकी है और मिलर्स सहित सभी हितधारकों की जरूरतों व चिंताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक स्तर पर गंभीर प्रयास जारी हैं, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक्क ने मीडिया से बातचीत में बताया कि मिलर्स ने राज्य सरकार की सराहना की है, जिन्होंने महीनों पहले ही खरीफ सीजन की तैयारियाँ शुरू कर दी थीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं मिलर्स से संबंधित सभी वैध मुद्दों के निराकरण के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं और शीघ्र ही वह इस विषय पर केंद्र सरकार के अधीन मामलों को लेकर नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी से भेंट करेंगे। किसानों, चावल मिलर्स, आढ़तियों और मजदूरों सहित सभी हितधारकों को आश्वस्त करते हुए कैबिनेट मंत्रियों ने कहा कि राज्य सरकार उनकी जायज़ माँगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अनाज के भंडारण के लिए स्थान सुनिश्चित करने की दिशा में अब तक राज्य से 105 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) अनाज की निकासी की जा चुकी है। परिवहन और जेल मंत्री स लालजीत सिंह भुल्लर ने चावल मिलर्स को खरीद प्रक्रिया की रीढ़ की हड्डी करार दिया और कहा कि राज्य सरकार उनकी भलाई हेतु हरसंभव कदम उठा रही है। वहीं, जल संसाधन मंत्री श्री वरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि सरकार सभी भागीदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उन्हें सिर्फ खरीद प्रक्रिया में ही नहीं, बल्कि पंजाब के समग्र विकास में सक्रिय भागीदार मानती है।

# पौधारोपण अभियान को मिल रही गति, वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक्क मैदान में सक्रिय

## बल्लोवाल सौंखड़ी और फतेहपुर नर्सरियों का मौके पर जाकर लिया जायज़ा

अर्थ प्रकाश संवाददात

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाने को निर्णायक बताते हुए वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने पौधारोपण अभियान को राज्य सरकार के वन क्षेत्र बढ़ाने के समग्र प्रयासों का अहम हिस्सा बताया है।

शहीद भगत सिंह नगर ज़िले के बल्लोवाल सौंखड़ी और फतेहपुर गांव (वन रेंज काठगढ़) स्थित नर्सरियों का दौरा करते हुए मंत्री को दोनों नर्सरियों में लगाए गए विभिन्न प्रकार के पौधों और उनकी देखभाल व संरक्षण हेतु विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई।



बल्लोवाल सौंखड़ी नर्सरी के दौरे के दौरान श्री कटारूचक्क को खैर, शीशम, फलाही, बांस, डेक, होलोप्टीलिया, ढेऊ जैसी विशिष्ट प्रजातियों के बारे में अवगत कराया गया, जो यहां पाई जाती हैं और सभी के आकर्षण का केंद्र होने के साथ-साथ पर्यावरण में जादुई रंग भरती हैं।

फतेहपुर नर्सरी (वन रेंज काठगढ़) में मंत्री को जानकारी दी गई कि वहां पीपल, बहेरा, बड़, जकरंडा, मेंहदी, नीम, पिलखन, अर्जुन, हिबिस्कस जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। मंत्री ने स्वयं भी नर्सरी में एक पीपल का पौधा लगाया और अच्छे कार्य के लिए स्टाफ की सराहना की। उन्होंने पौधारोपण में जुटे कर्मचारियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पवित्र गुरबाणी में भी पर्यावरण को विशेष महत्व दिया गया है, इसलिए यह हम सभी का सामूहिक दायित्व है कि हम स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करें।

इस अवसर पर मंत्री के साथ पी.सी.सी.एफ. (एच.ओ.एफ.एफ.) धर्मिंदर शर्मा, मुख्य वनपाल (हिल्स) निधि श्रीवास्तव और डिवीज़नल वन अधिकारी (शहीद भगत सिंह नगर) हरभजन सिंह भी उपस्थित थे।

# इंजी. रविंदर सिंह सैनी ने पीएसईआरसी सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** इंजी. रविंदर सिंह सैनी ने गुरुवार को पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग के सदस्य के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। पंजाब के बिजली क्षेत्र के एक अनुभवी दिग्गज, इंजी. सैनी अपने साथ 36 वर्षों का शानदार करियर लेकर आए हैं। उन्होंने 6 मई, 1987 को तत्कालीन पंजाब राज्य बिजली बोर्ड में सहायक अभियंता के रूप में अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की और पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड में इंजीनियर-इन-चीफ के पद तक पहुंचे।

1 जुलाई, 1965 को नई दिल्ली में जन्मे सैनी ने 1986 में रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज (अब एनआईटी), राउरकेला से ऑनर्स के साथ बी.एससी. इंजीनियरिंग (मैकेनिकल) की डिग्री प्राप्त की है। इन वर्षों में, उन्होंने बिजली क्षेत्र के विभिन्न डोमेन जैसे वितरण, उत्पादन, वाणिज्यिक संचालन, प्रवर्तन और सूचना प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उनकी प्रमुख



पोस्टिंग में रोपड़ और लालरू में एक्सईएन, सीनियर एक्सईएन (प्रवर्तन), टेक्निकल ऑडिट मोहाली, एसई डिस्ट्रीब्यूशन (खन्ना और मोहाली), चीफ इंजीनियर (डिस्ट्रीब्यूशन साउथ जोन), चीफ इंजीनियर (टीए एंड आई), और चीफ इंजीनियर (आईटी) शामिल हैं। फरवरी 2023 में, उन्हें निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में नियुक्त किया गया था, यह भूमिका उन्होंने फरवरी 2025 तक निभाई।

कार्यभार संभालने के अवसर पर, अधिकारियों और सहकर्मियों ने इंजी. सैनी के लंबे समय के समर्पण की सराहना की और उनकी नई भूमिका में उनका स्वागत किया, उनकी क्षमताओं में विश्वास व्यक्त किया। अपना आभार व्यक्त करते हुए, इंजी. सैनी ने कहा, 'पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त होकर मैंस्बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूँ।

मैं माननीय मुख्यमंत्री एस. भगवंत सिंह मान और माननीय विद्युत मंत्री एस. हरभजन सिंह ईटीओ को मुझ पर विश्वास जताने के लिए दिल से धन्यवाद देता हूँ। मैं नियामक ढांचे को मजबूत करने और पंजाब में विश्वसनीय, सस्ती और उपभोक्ता-हितैषी बिजली सेवाएं सुनिश्चित करने में योगदान देने के लिए समर्पण, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।'

# सड़क के बीचोंबीच खड़े कर ऑटो लगाते हैं जाम, नहीं है इन पर ट्रैफिक पुलिस की लगाम

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 10 जुलाई।** शहर में सेंकड़े ऑटो घूमते हैं, जो अपनी मनमर्जी से कहीं भी खड़े हो जाते हैं और कहीं से भी स्वारियां उठा लेते है। यहीं नहीं यह ऑटो चालक बिना आगे पीछे देखे ब्रेक मार देते हैं जो पीछे या आजू बाजू आ रही गाड़ियों के लिए हादसे का कारण बन जाते हैं। यहीं नहीं जब भी कोई ऑटो हलका फुल्का किसी गाड़ी से टच हो भी जाता है तो वह झगड़ा करने लगते है। जीरकपुर में ऑटो चालकों के लिए कोई भी पक्का स्टैंड नहीं है और ना ही इन थ्री विहलर चालकों की पूरी डिटेल पुलिस के पास है। परेशानी की बात यह है के यह ऑटो चालक रोड के बीचे बीच अपने ऑटो खड़े कर जाम लगा देते हैं और एक दूसरे से पहले स्वारियां उठाने के चक्कर में आधे से ज्यादा सड़क पर कब्जा कर लेते हैं और ओवरलोड गाड़ियां करके चलते



है। जिनको पुलिस का कोई डर नही है। पटियाला चौक के दोनों तरफ इन ऑटो वालों का कब्जा है जो अपनी मनमर्जी से रोड़ पर ऑटो खड़ा करते हैं और स्वारियां बिठाने के लिए अक्सर झगड़ा करते रहते है। पटियाला चौक, कालका, पंचकुला हाइवे पर लाइन लगाकर ऑटो खड़े रहते हैं। वहीं डेरा बस्सी जाने के लिए बनुड जाने के लिए या फिर सिंहपुरा चौक से जीरकपुर आना हो लोगों को ऑटो का सहारा लेना पड़ता है और यह लोग मुंह मांगी कीमत वसूलते है। रात के समय तो यह किराया कई गुना हो जाता है और लोगों को मजबूरन ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। यदि कोई व्यक्ति रात के समय पटियाला से दिल्ली अंबाला से आता है तो उनसे घर जाने के लिए लोगों से ढाई सो से तीन सो रूपये वसूल किए जाते है जबकि दिन में यहीं किराया 20 से 50 रूपये स्पेशल ऑटो का और रूटीन में 20 से 30 रूपये लिया जाता है। वहीं जीरकपुर से किसी सवारी ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन जाना हो तो उनसे भी 300 से 400 रूपये वसूल लिए जाते है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर लोगों की खूब जेब लूटी जाती है। जिस तरफ प्रसाशन को ध्यान देना होगा और किराया तय करना चाहिए, ताकि आम जनता को इस लूट से बचाया जा सके।

ऑटो चालकों की मनमर्जी के साथ कई वारदतें भी ऑटो चालकों द्वारा की जाती है। हलांकि सभी ऑटो चालक ऐसे नहीं है लेकिन कुछ एक ऑटो चालक रात के समय गैंग के रूप में काम करते हैं और लोगों के साथ लूटपाट भी करते है। पिछले समय में कई वारदतें लोगों के साथ हो चुकी है। पिछले समय की बात करें तो पटियाला रोड़ से एक ऑटो गैंग ने विदेशी सवारी का पासपोर्ट व पैसे आदि लूट लिए थे, कालका चौंक के पास भी ऑटो गैंग द्वारा लूट के दो तीन वारदतें कर चुके हैं। बिग बजार के सामने भी एक महिला को अकेली ऑटो में बिठाकर दुष्कर्म करने की कोशिश की गई थी लेकिन महिला की दलेरी से वह बच गई थी। जिसके बाद जीरकपुर पुलिस ने उस समय सभी ऑटो चालकों को इकठा किया था और उनकी डिटेल व सबके ऑटो के कागजात पुलिस के पास देने की बात हुई थी। लेकिन वह मामला एक मीटिंग के बाद ठंडे बसते में चला गया और आज तक किसी ऑटो चालक की डिटेल पुलिस के पास नहीं पहुंची। जबकि यह बेहद जरूरी है। छोटी छोटी घटानाएं व वारदतें अभी भी हो रही है जिसके मद्देनजर पुलिस को सबका रिकार्ड रखना बेहद जरूरी है।

मैंने इन ऑटो चालकों के साथ पहले मीटिंग करके उन्हें समझाया है कि वह ऑटो हाईवे पर ना खड़े करें और स्वारियों को बिठाने के लिए कहीं भी ऑटो रोकना ठीक नहीं है। हम पहले भी निरंतर नियमों का पालन न करने वाले ऑटो चालकों के चालान काट रहे हैं बाकी यदि यह अब भी नहीं माने तो इस कार्रवाई को और तेज किया जाएगा। हमने पहले भी कई बार ऑटो चालकों को सुचेत किया है ताकि उनका कोई नुकसान ना हो लेकिन अगर ऑटो चालक अब भी नहीं मानते तो कानून के हिसाब से बनती कार्रवाई की जाएगी।

**गुरबीर सिंह, ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज जीरकपुर**

### पेज एक का शेष

**10 लाख रुपए...**

निवेशकों को हो रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल ने 4 जून, 2025 से पॉपुलर एक्ट या मेगा प्रोजेक्ट नीति के तहत विकसित किए गए प्रोजेक्टों से सीएलयू, ईडीसी, एलएफ और अन्य शुल्क वसूलने के लिए अधिसूचना लागू करने का निर्णय लिया है। पंजाब में ये शुल्क 4 जून, 2025 की व्यापक अधिसूचना के माध्यम से राज्य में स्थापित किए जाने वाले सभी नए रियल एस्टेट प्रोजेक्टों और 1 अप्रैल, 2025 से चल रहे प्रोजेक्टों की नई विस्तार योजनाओं पर लागू किए गए थे। अब मंत्रिमंडल ने इस अधिसूचना को 4 जून, 2025 से लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत यह निर्धारित किया गया है कि 4 जून, 2025 तक जमा किए गए प्रोजेक्टों से पुरानी नीति के अनुसार शुल्क लिया जाएगा और 4 जून, 2025 के बाद जमा की गई अर्जियों से नई दरें लागू होंगी, जो 4 जून, 2025 से प्रभावी होंगी।

# अग्रोहा मेडिकल हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ : आरती राव

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के नवीनीकृत प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में नवीनीकृत प्रशासनिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में विभिन्न कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च सोसाइटी की अध्यक्षा व हिसार की विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसुदन अग्रवाल, पूर्व महापौर मनमोहन गोयल ने स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया।

लोकार्पण समारोह के अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने प्रशासनिक भवन के नवीनीकरण के लिए कॉलेज प्रशासन की सराहना की, जिसमें आधुनिक सुविधाओं और उन्नत तकनीक को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह नया भवन महाविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा, जिससे छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को बेहतर वातावरण मिलेगा।

लोकार्पण के बाद कैबिनेट मंत्री ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता भी की। इस बैठक में कॉलेज के विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि यह संस्थान न केवल उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा प्रदान करे बल्कि राज्य के लोगों के लिए उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ भी उपलब्ध कराए।

वहीं मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विधायक सावित्री जिंदल ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च सोसाइटी के उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सोसाइटी हरियाणा सरकार के सहयोग से चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

इस दौरान कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारी, महाविद्यालय व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व प्राध्यापक मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री आज करेंगी 'उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान' का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव आंखों की देखभाल सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए 11 जुलाई को 'उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान' का राज्यव्यापी शुभारंभ करेंगी। इस राज्यव्यापी पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराना तथा 45 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को निकट दृष्टि सुधार (नियर विज़न करेक्शन) की सुविधा प्रदान करना है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 22 जिला अस्पतालों, 50 उप-मंडल अस्पतालों और 122 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक साथ 1.4 लाख से अधिक चश्मे वितरित किए जाएंगे। यह अभियान देश का सबसे बड़ा और अनूठा अभियान होगा। यह पहल नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस एंड विजुअल इम्पेयरमेंट (एनपीसीबीवीआई) के तहत संचालित की जा रही है, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष बजट प्रावधान भी किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य के 14,267 सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 21 लाख छात्रों की आंखों की जांच की जाएगी और 40,000 ज़रूरतमंद छात्रों को मुफ़्त चश्मे उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त, 50 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की मोतियाबिंद की जांच भी की जाएगी और जरूरत पड़ने पर सरकारी व गैर-सरकारी अस्पतालों के माध्यम से निःशुल्क ऑपरेशन का प्रावधान भी किया जाएगा।

## आईएएस रानी नागर जबरन सेवानिवृत्त नहीं होगी

यूपीएससी ने दिया एक ग्रेड कम करने का सुझाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** संघ लोक सेवा आयोग ने हरियाणा सरकार की सिफारिश पर आईएएस अधिकारी को जबरन सेवानिवृत्त करने का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। आयोग ने इस मामले में वर्ष 2014 बैच की आईएएस रानी नागर को राहत दी है।

रानी नागर को आखिरी बार 11 मार्च 2020 को अभिलेखागार विभाग में अतिरिक्त सचिव और निदेशक के पद पर लगाया गया था, जिस पर उन्होंने 27 अक्टूबर 2020 तक सेवाएं दी। इसके बाद से ही वह ड्यूटी से गायब हैं। कार्यशैली को लेकर विवादों में रहीं महिला आईएएस को प्रदेश सरकार की ओर से पहले भी नोटिस दिए गए थे। इनका कोई जवाब नहीं मिलने पर केंद्र सरकार को उनकी सेवाएं समाप्त करने की सिफारिश कर दी थी। इसके बाद केंद्रीय संघ लोक सेवा आयोग ने नागर को अंतिम व चौथा नोटिस भेजकर एक अवसर और देने के लिए कहा था।

रानी नागर की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर हरियाणा सरकार ने यूपीएससी को एक प्रस्ताव भेजते हुए कहा था कि रानी नागर ने तो किसी कार्यवाही का हिस्सा बनी, न किसी जांच में शामिल हुई और न ही किसी पत्र का जवाब दे रही हैं। ऐसे में समय कंपलसरी रिटायर किया जाए।

सरकार की ओर से केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय को कंपलसरी रिटायर करने का प्रस्ताव भेजा था। मंत्रालय ने यूपीएससी को भेज दिया। यूपीएससी ने कंपलसरी रिटायरमेंट के फैसले से असहमति जताते हुए दो साल तक ग्रेड कम करने का प्रस्ताव मंत्रालय को भेज दिया। मंत्रालय ने यूपीएससी का प्रस्ताव हरियाणा सरकार को भेज दिया। हरियाणा सरकार ने यूपीएससी के फैसले से असहमति जताते हुए कंपलसरी रिटायरमेंट का फैसला 20 जनवरी, 2025 को फिर केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय को भेज दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### बाल विवाह निषेध के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सविता राणा प्रोटेक्शन ऑफिसर महिला थाना, क्लर्क अमित, लीगल सर्विस अथॉरिटी विजय, एमसीडी बाल भवन संध्या सैनी कुरुक्षेत्र द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है, जिससे बच्चों का बचपन, शिक्षा और भविष्य प्रभावित होता है। भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार, लड़कियों की शादी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। यदि इससे कम उम्र में विवाह होता है, तो वह गैरकानूनी है और इसके लिए संबंधित व्यक्तियों को दंडित किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को इस संदर्भ में दी जाने वाली विभिन्न है की काउंसलिंग जैसे व्यक्तिगत काउंसलिंग, समूह काउंसलिंग, पारिवारिक काउंसलिंग, शैक्षणिक काउंसलिंग, प्रेरणात्मक काउंसलिंग के बारे में भी बताया। बाल विवाह के कारण बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, मानसिक और शारीरिक विकास रुक जाता है, और कम उम्र में गर्भधारण जैसी स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। बच्चों को चाहिए कि वे ऐसे किसी भी मामले की जानकारी तुरंत अपने शिक्षक, पुलिस या चाइल्डलाइन नंबर 1098 पर दें। एक जागरूक छात्र समाज को बाल विवाह जैसी कुप्रथा से मुक्त कर सकता है। शिक्षा ही आपके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है, इसलिए पढ़ाई को प्राथमिकता दें और बाल विवाह का विरोध करें। पुलिस और कानून हमेशा आपके साथ है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ. हरिप्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ. सौरभ त्रिखा एवं डॉ. राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा, क्षेत्रीय प्रतिनिधि संजय चौधरी एवं प्राचार्या सुमन बाला ने इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।

### इनरव्हील ब्लूमिंगडेल ने गुरु पूर्णिमा पर पहला प्रोजेक्ट किया



**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर इनरव्हील रोहतक ब्लूमिंगडेल ने संत श्री आशाराम जी आश्रम, सेक्टर-2, रोहतक में अपना पहला सेवा प्रोजेक्ट किया। क्लब ने आश्रम में दो कूलर दान किए और वृक्षारोपण किया। प्रोजेक्ट में काफी संख्या में सदस्य शामिल हुए, समारोह में सभी सदस्यों ने दीपक से बना हुआ सतिये पर दीप प्रजलित कर समारोह का शुभाराम्भ किया और कूलरो का उद्घाटन किया उसके पश्चात् सभी सदस्योने आश्रम के प्रांगन में पंद्रह फोधे लगाये। जिसमे बालम खीर शीशम चपा करंज, सांगवान, कजोरिना, लेगोस्तोनिया के पोधे लगा कर आँगन को हरा भरा कर दिया और उनकी देखरेख की जिमेवारी आश्रम के पदाधिकारियो और भगतो ने ली, आश्रम में पहेली भी हरियाली थी अब और ज्यादा हो गई हैं अध्यक्ष सिल्की बंसल जी ने कहा, 'गुरु पूर्णिमा पर सेवा करना हमारे प्रयासों को खास बनाता है—यह गुरुओं और प्रकृति को हमारी श्रद्धांजलि है।' इस अवसर पर समृद्धि जैन, यशिका जैन, शिम्पी, करीना, कृतिका, मोनिका, प्रियंका, अर्पण, स्वाति, प्रीति, पूजा शर्मा, पूजा बंसल और सिल्की बंसल आदि शामिल थी यह प्रोजेक्ट श्रद्धा, सेवा और पर्यावरण के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** वर्ष 2026-2027 के शैक्षणिक सत्र को लेकर जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रक्रिया शुरू हो गई है। खंड कलायत में कक्षा पांचवीं में पढ़ रहे विद्यार्थी प्रवेश मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग ले सकें। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार नैन ने जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रबंधन के सहयोग से कलायत के सभी 7 क्लस्टरों में आज विशेष बैठकों का आयोजन किया। इसमें सभी प्राथमिक विद्यालयों के मुख्य अध्यापकों को आमंत्रित किया गया। क्लस्टर स्तर की बैठकों में नवोदय विद्यालय प्रबंधन की तरफ से दुलचंद गुप्ता व वाजिद अली, खंड कार्यालय से स्वयं खंड शिक्षा अधिकारी व खंड संसाधन संयोजक कार्यालय से डा.नरेंद्र कुमार बाल्यान ने उपस्थिति दर्ज करवाई। डा.नरेंद्र बाल्यान ने बताया कि नवोदय विद्यालय प्रबंधन टीम ने प्राथमिक विद्यालय मुखियाओं को प्रवेश आवेदन-पत्र के लिए पूरी ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया विस्तारपूर्वक बताई। खंड शिक्षा अधिकारी कलायत ने प्राथमिक विद्यालय मुखियाओं को अपने-अपने विद्यालय में ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी करने को कहा। कार्य की प्रगति रिपोर्ट डा.नरेंद्र कुमार बाल्यान व नवोदय विद्यालय प्रबंधन टीम द्वारा खंड के व्हाट्सएप समूह के माध्यम से रोजाना सांझा की जाती रहेगी। नवोदय विद्यालय की छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदक की जन्म तिथि की सीमा 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 है। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 रहेगी।

## कलायत नगर पालिका में प्रवीण कांसल व राजेश बेदी मनोनीत पार्षदों ने जला

अर्थ प्रकाश/कपिल देव

**कलायत।** शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा द्वारा जिला कैथल की एक परिषद व पांच नगर पालिकाओं में कुल 13 पार्षद मनोनीत किए हैं। इसमें कैथल नगर परिषद में वार्ड 13 निवासी उर्मिला, डीएवी कालोनी से बलदेव लौट व वार्ड 23 निवासी स्वरूप सिंह। कलायत नगर पालिका में प्रवीण कांसल व राजेश बैदी। राजौंद नगरपालिका में राजेंद्र व मनी राम शर्मा।

चीका में सुरता राम व कुलदीप पांचाल। पूंडरी में सतपाल चुघ व अमित सैनी। सीवन में सतीश मुझाल व बलविंद्र जांगड़ा। कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत और जिला मीडिया प्रभारी रवींद्र धीमान ने बताया कि बृहस्पतिवार को मनोनीत पार्षदों ने भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ-कनिष्ठ नेताओं के माध्यम से केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अचानक यह सौगात मिलने से नव नियुक्त पार्षदों के चेहरे खिले हैं।

दीगर है कि कैथल, राजौंद व चीका नगर पालिका कार्यकारिणी के गठन को करीब 3 वर्ष का समय बीत चुका है। लेकिन इन निकायों में मनोनीत पार्षद नियुक्त नहीं हो पाए थे। जबकि कलायत, पूंडरी व सीवन में 12 मार्च 2025 को प्रधान और पार्षद निर्वाचित हुए थे। सभी निकायों में मनोनीत पार्षदों के पद को लेकर कार्यकर्ता अपने-अपने ढंग से लाबिंग कर रहे थे।

## एसएस बाल सदन स्कूल ने मनाया 48वां स्थापना दिवस

हिमांशु गर्ग ने संभाला प्रिंसिपल का चार्ज

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 10 जुलाई।** एसएस बाल सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल ने इस वर्ष अपने स्थापना के 48 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 1978 में स्थापित यह संस्थान आज न केवल शहर का बल्कि पूरे राज्य का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक केंद्र बन चुका है। संस्थापक रविभूषण गर्ग ने शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन लाने का जो सपना देखा था वह आज एक सजीव और प्रभावशाली वटवृक्ष बन चुका है। उनकी प्रेरणास्रोत राजरानी गर्ग जिन्होंने स्कूल की प्रारंभिक दिनों में प्रधानाचार्य के रूप में जिम्मेदारी संभाली आज भी विद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक मूल्यों की धुरी बनी हुई हैं। हिमांशु गर्ग ने आज प्रिंसिपल का कार्यभार भी संभाला। विद्यालय की शुरुआत वर्ष 1978 में कैथल के चंदाना गेट पर एक छोटे से परिसर में हुई थी, जहाँ केवल 57 छात्र नामांकित थे। सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी विद्यालय के प्रबंधन और शिक्षकों ने जो मेहनत और निष्ठा दिखाई, उसी का परिणाम है कि आज एसएस बाल सदन स्कूल में हजारों की संख्या में छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय की नींव मूल्यपरक शिक्षा, अनुशासन, और चरित्र निर्माण पर रखी गई थी, और यह परंपरा आज भी उतनी ही सशक्त रूप से जीवित है। समय के साथ स्कूल ने आधुनिकता को अपनाते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता, तकनीकी नवाचार और रचनात्मक गतिविधियों को भी अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया। स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ, केक सेरामनी आदि का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर एस एस बाल सदन परिवार के संरक्षक रवि भूषण गर्ग, चेयरपर्सन राजरानी गर्ग, प्रिंसिपल हिमांशु गर्ग, बीआरडीएम स्कूल की प्रिंसिपल श्रेया गर्ग, सरोजिनीनायडू पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका बसंल, गौतम बंसल, कुसुम लता, सपना सिंगला, तृप्ता शर्मा, मोनिका सहारन, मधु सैनी, सोनम भाटिया, पूजा सोनी, सुमित्रा पूजा शर्मा, डिंपी, दीपिका, अनु, सुदेश, कविता, भारती, खुशी, अंजू, वीना, केशव, लक्की, अमित, जयप्रकाश भी उपस्थित रहे।

## आचार्य रामकुमार शास्त्री सामाजिक समरसता अवॉर्ड से सम्मानित

**कैथल (अप्रस)।** भारतीय बौद्ध संघ द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह का आयोजन एनडीएमसी सभागार नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर देशभर से अनेक समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया और सामाजिक समरसता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। हरित फाउंडेशन के संस्थापक कृष्ण हरित ने बताया कि इसी कड़ी में लाडवा से पधारे आचार्य रामकुमार शास्त्री को गौसेवा के क्षेत्र में पिछले कई दशकों से किए जा रहे उनके निरंतर एवं समर्पित प्रयासों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके योगदान को समारोह में भरपूर सराहना मिली और उन्हें सामाजिक समरसता अवॉर्ड से नवाजा गया। इस गरिमामय समारोह में दिल्ली सरकार के मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और सेवा कार्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## पिहोवा में हर ओर रही गुरु पूर्णिमा की धूम

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 10 जुलाई।** नगर के विभिन्न मंदिरों मठों में गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री पृथुश्वर महादेव मंदिर में महंत बंशी पूरी जी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया ।इस मौके पर गुरु पूजा व शिव आराधना की गई। शिव आराधना के साथ ही श्रावण मास की शिव पूजा के कार्यक्रम भी आरंभ हो गये।वही जग ज्योति दरबार बिजड़पुर में आज गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस पवित्र अवसर पर नर्मदा नदी से लाए गए पावन नर्मदेश्वर शिवलिंग की विधिपूर्वक स्थापना की गई। स्थापना का यह दिव्य कार्य अयोध्या से पधारे शास्त्रों के गूढ़ ज्ञाता पंडित शोभित दास जी , आचार्य दिनकर शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चारण और शास्त्रोक्त विधियों के साथ सम्पन्न हुआ। दरबार परिसर शिवमय वातावरण में गूंज उठा और श्रद्धालुओं के मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।इस आयोजन में महंत राजेंद्र पुरी जी महाराज के सान्निध्य में विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया गया। महंत जी ने गुरु पूर्णिमा की महिमा बताते हुए गुरु-शिष्य परंपरा को आध्यात्मिक उत्थान का आधार बताया। उन्होंने सावन मास की महत्ता को रेखांकित करते हुए घोषणा की कि पूरे सावन माह के दौरान प्रतिदिन रुद्राभिषेक का आयोजन दरबार में किया जाएगा।इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति आयोजन को भव्यता प्रदान कर रही थी। विशेष रूप से अजय राठी, विजय राठी, अक्षय राठी, मक्खन सिंह, बिल्लू मनी मान, कुलदीप हिन्दू, जगीर मोर, गौरव सांगवान, बलराम, धर्मवीर सिंह, विकास लाडवा, कर्म सिंह, कार्तिक, अमरजीत मंढाण कड़मी, पवन, मनोज बतरा सहित अनेक अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे और शिव पूजन में भाग लिया।पूरे आयोजन के दौरान भक्तों ने भक्ति भाव से भरे वातावरण में रुद्राष्टाध्यायी, शिव चालीसा और भजन कीर्तन में भाग लिया।

## श्री महालक्ष्मी मंदिर मुरादगढ़ में गुरू पूर्णिमा का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**इंद्री (अप्रस/सीमा देवी)।** इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था जिन्होंने वेदों का संकलन किया और महाभारत की रचना की थी विशाल भंड़ारे का किया गया आयोजन श्री महालक्ष्मी मंदिर मुरादगढ़ में हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों ने गुरू के चित्र के समक्ष नमन कर सर्वस्व के भले की कामना की। इस अवसर पर संत्सग व कीर्त्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों ने अपनी मधुर वाणी में भगवान की महिमा का वर्णन किया। इस बारे में जानकारी देते हुए श्री महालक्ष्मी मंदिर के संचालक भगत जोगिन्द्र जी ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी समस्त गांववासियों के सहयोग से गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सुबह श्री सत्यनारायण जी की कथा हुई ओर इसके बाद गुरू पूजन, कन्या पूजन व पंड़ित पूजन किया गया।

## मलावी उच्चायोग की राजनयिक बीट्राइस ने किया नीलम यूनिवर्सिटी का दौरा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 10 जुलाई।** नीलम यूनिवर्सिटी कैथल हरियाणा को मलावी उच्चायोग की राजनयिक एवं शिक्षा अताशे मिस बीट्राइस का विश्वविद्यालय परिसर में उनके आधिकारिक दौरे के दौरान स्वागत करने का गौरव प्राप्त हुआ। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने और भारत तथा मलावी के बीच सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। मिस बीट्राइस का विश्वविद्यालय के शीर्ष नेतृत्व द्वारा भव्य स्वागत किया गया जिसमें वीसी प्रो. डॉ. शमीम अहमद, डीन अकादमिक डॉ. आरके गुप्ता, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की डीन डॉ. रेखा गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र विकास प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ. एकता चहल, सहायक रजिस्ट्रार सरबजीत, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव दहिया, आईएसडीसी की महासचिव डॉ. सुमन, जन संपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार,आतिथ्य प्रभारी अशोक कुमार, तथा सभी सम्मानित विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य शामिल थे। अपने परिसर भ्रमण और शैक्षणिक एवं प्रशासनिक टीमों के साथ बातचीत के दौरान बीट्राइस ने उत्कृष्टता, नवाचार और वैश्विक प्रासंगिकता पर आधारित उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय की अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने विविध राष्ट्रीयताओं के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ बनाने हेतु दूरदर्शी पहल करने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन को हार्दिक बधाई दी।

## पिछडा बर्ग ही कांग्रेस को सत्ता के करीब तक ले जा सकता है

हरियाणा में सीएम सैनी को मात देने के लिए कांग्रेस को प्रदेशाध्यक्ष सैनी को बनाना जरूरी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 10 जुलाई।** कांग्रेस में जिला और प्रदेश स्तर पर संगठन बनाने के लिए कबायद चल रही हैं। इस बार पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा पदों को लेकर बंदर बांट करने की कवायद जारी हैं। हरियाणा में कांग्रेस से अनुसचित और पिछड़ बर्ग के बोटर दूर होते जा रहे है। कांग्रेस के बड़े नेता पार्टी को बढ़ाने की बजाए खुद के अस्त्वि को बचाने की लड़ाई लड़ रहे है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष पद पर लेबे समय से डमी नेता बनें हुए हैं। इसके विपरीत भाजपा ने पार्टी की कमान ब्राह्मण नेता को दे दी। और सरकार की कमान सैनी विरादरी के नेता नायाब सिंह सैनी को दे दी। भाजपा ने रोड़ समुदाय से आने वाले हरविंदर कल्याण को स्पीकर बना क र प्रदेश भर के रोड़ समुदाय को अपनी तरफ कर लिया। बताया जाता है कि जब माली समाज से आने वाले अशोक गहलौत को कांग्रेस ने मुख्यमंत्री बनाया तो राजस्थान में भाजपा ने मनोहर लाल सैनी को प्रदेशाध्यक्ष बन दिया। भाजपा ने जब नायाब सिंह सैनी को हरियाणा का पहले प्रदेशाध्यक्ष बनाया बाद में उन्हें हरियाणा का सीएम बना दिया इसका फायदा उत्तर भारत और मध्य भारत में भाजपा का हुआ। लेकिन कांग्रेस इस तरफ ध्यान नहीं दे रही हैं। यदि हरियाणा में कांग्रेस को सरवाइव करना है तो प्रदेश की कमान पिछड़ा बर्ग के सीनियर और लंबे समय से टिके हुए नेता को देना चाहिए। भाजपा सीएलपी का नेता जनरल में ब्राह्मण को बनाए। कांग्रेस में ब्राह्मण, वैश्य पिछड़े और दलित वोटर दूर होते जा रहे है। जब से देश और प्रदेश में कांग्रेस से पंरपरागत वोट भाजपा के पास गया है तब से कांग्रेस सत्तार से दूर हो गई है।

## गुरुशिष्य परंपरा को जीवित रखने का दिन है व्यास पूर्णिमा : स्वामी ज्ञानानंद जी

### हजारों धर्मालुओं ने गुरु पूर्णिमा पर स्वामी जी का वंदन अभिनंदन किया

राष्ट्र प्रेम और गौरव के लिए जरूरी है स्वदेशी जागरण का भाव

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 10 जुलाई।** महामंडलेश्वर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा है कि व्यास पूर्णिमा खुद को आकलन करने का पर्व हैं। इस दिन गुरु शिष्य के बीच रिश्तों के संकल्प का दिन हैं। महर्षि वेद व्यास को आदि गुरु कहा जाता हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के बीच हमारे लिए अपनी संस्कृति और चुनौतियों को बचाने की चुनौति हैं। उन्होंने कहा कि वह दिन शीघ्र आएगा जब लोकसभा और विधानसभाओं में महर्शि व्यास की तस्बीर लगेंगी। वह करनाल में कृष्ण कृपा धाम में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उपस्थित धर्मलाुओं को संबोधित कर रहे थे। आज सुबह छह बजे से ही गुरु पूजा का सिलसिला शुरू हो गया। हजारों लोगों ने गरु स्वामी ज्ञानाानंदजी के चरणों में पुजन किया। सुबह हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वामी जी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को शिष्य अपनी कृतज्ञता का समर्पण करता हैं। गुरु भी शिष्य को अपना आशीर्वाद देता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र गौरव के लिए स्वदेशी औश्र स्वाबलंबन का वौध होना चाहिए। उन्होंने स्वदेशी की भावना से राष्ट्र प्रेम जागृत होता हैं। स्वमी जी ने कहा कि स्वाभिमान को आगे बढ़ाने के लिए अपने देश के प्रति समर्पण जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि गुरुपूर्णिमा व्यक्ति की पूजा नहीं है। इस दिन कोई उत्सव नहीं होता हैं। ज्ञान की परंपरा जीवित रहे इस लिए व्यास पुर्णिमा पर्व हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपना आकलन जरूर करना चाहिए। हमें अपने विचारों का शौधन करना चाहिए। हमें दूसरों की कमियां तलाशने की बजाए खुद के कल्याण की सोचना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी सतीश गुप्ता मेयर रेनू वाा गुप्ता मेयर के पति तथा समाजसेवी ब्रज गुप्ता, श्री कृष्ण गौ शौला के प्रधान सुनील गुप्ता, उप प्रधान संजय बतरा, महासचिव राम कुमार गुप्ता, विवेक अग्रवाल, विकास कथूरिया, संजस बठला, शाम बतरा, तिलक राज अरोड़ा, करम चंद खुराना, मुलख राज लूथरा, शाम अरोड़ा, रवि अरोड़ा, संजय विदानी, पिंकी बतरा,सतीश नारंग, यश नासरंग, पारूल वाली, बलवीर लाठश्र, अशोक टुटेजा, नवीन बतरा, संकल्प भंडारी, आदि उपस्थित थे।

# बच्चों के पोषण अभियान के साथ महिलाओं की आर्थिक समृद्धि को मजबूती देगी यह पहल: विष्णुदेव साय

## फिर से महिला स्व-सहायता समूहों को मिला रेडी टू ईट निर्माण का कार्यः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर, 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने के निर्णय पर अमल की पहल की शुरुआत आज रायगढ़ जिले से की गई है। रायगढ़ जिले के सभी 2709 आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू इट फूड अब महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 10 महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण के लिए अनुबंध पत्र सौंपे। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, रायगढ़ सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविंद्र गबेल, महापौर जीवर्धन चौहान एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार (रेडी टू ईट) के निर्माण एवं वितरण का कार्य महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। यह कार्य प्रारंभिक चरण में 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया जाएगा। रायगढ़ इस पहल का पहला जिला बना है, जहाँ 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र वितरित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन समूहों की बहनें अब आंगनबाड़ी के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ इस कार्य से अपनी आमदनी भी बढ़ाएंगी, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। यह योजना महिलाओं को स्वरोजगार के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सार्थक पहल है। साथ ही, बच्चों को पोषण युक्त आहार प्रदान कर राज्य के पोषण स्तर में सुधार लाने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि विगत डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अधिकांश कार्यों को धरातल पर उतारा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, दो वर्षों का बकाया बोनस वितरण, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि, तेन्दूपत्ता संग्रहण दर में 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की वृद्धि तथा चरण पादुका योजना की पुनः शुरुआत जैसे कार्य इसके सशक्त उदाहरण हैं। साथ ही, रामलला दर्शन योजना एवं तीर्थयात्रा योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा का लाभ भी दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अटल डिजिटल सेवा केन्द्रों की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके गांव में ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब तक प्रदेश की 1,460 पंचायतों में ऐसे सेवा केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे हजारों माताएं और बहनें सरल, सुरक्षित और सुलभ बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा रही हैं। आने वाले समय में शेष पंचायतों को भी इस सुविधा से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सतत कार्य कर रही है। पूरे देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसके अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। इसी दिशा में रेडी टू ईट योजना प्रारंभ की जा रही है, जिसके प्रथम चरण में 6 जिलों को शामिल किया गया है। रायगढ़ ऐसा पहला जिला है जहाँ महिला समूहों को अनुबंध पत्र सौंपे गए हैं। वित्त मंत्री ने अनुबंध प्राप्त सभी महिला समूहों से गुणवत्ता युक्त कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि वे इस योजना को एक आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि राज्य के पोषण अभियान को भी मजबूती प्रदान करेगी।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में रेडी टू ईट कार्य हेतु 10 महिला समूहों का चयन किया गया है, जिन्हें अनुबंध पत्र प्रदान किए गए हैं। इन समूहों को रेडी टू ईट यूनिट की स्थापना हेतु प्रधानमंत्री फॉर्मेलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज़ योजना के अंतर्गत उद्योग विभाग द्वारा पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी।रायगढ़ जिले की सभी परियोजनाओं रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, मुकड़ेगा, धरमजयगढ़ एवं कापू परियोजनाओं के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट वितरण हेतु महिला समूहों का चयन किया गया है।

## बिहार एसआईआरः 66.16 प्रतिशत गणना फॉर्म एकत्र; 15 दिन और शेष

# बिहार विधानसभा चुनावः वोटर वेरिफिकेशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, जारी रहेगी एसआईआर की प्रक्रिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**बिहार, 10 जुलाई।** बिहार विधान सभा के चुनाव को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने मत गणना पहचानपत्रों के निरीक्षण पर रोक से इंकार कर दिया। इस फैसले के बाद विपक्ष को झटका लगा है।


उधर, चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बिहार के निर्वाचकों की सक्रिय भागीदारी और 77,895 बीएलओ के साथ-साथ 20,603 नवनियुक्त बीएलओ और अन्य चुनाव पदाधिकारियों, लगभग 4 लाख वालंटियर जो बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, बीमार और कमजोर जनसंख्या समूहों की सहायता करने के लिए तैनात हैं, और सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.56 लाख बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप 66.16 प्रतिशत गणना फॉर्म एकत्र हो चुके हैं। निर्वाचकों के पास फॉर्म जमा करने के लिए अभी भी 15 दिन शेष है।

24 जून, 2025 को एसआईआर अनुदेश जारी होने के बाद से, पिछले 16 दिनों में आज शाम 6 बजे तक 5,22,44,956 गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं, जो बिहार के कुल 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) मौजूदा निर्वाचकों के गणना फॉर्म का 66.16 प्रतिशत है।

क्षेत्र में यदि कार्य की समान गति को बनाए रखी गई तो गणना फॉर्म एकत्र करने का कार्य निर्धारित तिथि अर्थात 25 जुलाई, 2025 से काफी पहले पूरा किया जा सकेगा।

एसआईआर कार्य शुरू होने के बाद से पिछले 16 दिनों की इस अवधि के दौरान, 7.90 करोड़ फॉर्म मुद्रित किए गए और लगभग 98 प्रतिशत फॉर्म (7.71 करोड़) उन निर्वाचकों को वितरित किए जा चुके हैं जिनके नाम 24 जून अर्थात एसआईआर आदेश की तिथि तक निर्वाचक नामावली में थे।

### पहचान से जुड़े दस्तावेजों को शामिल करने पर हो विचार



सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के चुनाव आयोग को चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अपने कार्य को जारी रखने की अनुमति दे दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रथम दृष्टया उसकी राय है कि न्याय के हित में, चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र आदि जैसे दस्तावेजों को भी शामिल करने पर विचार करना चाहिए।

### वोटर लिस्ट अपडेट प्रक्रिया जारी रहेगी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा बिहार में वोटर लिस्ट अपडेट प्रक्रिया जारी रहेगा। आयोग ने आधार,राशन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड जैसे डॉक्यूमेंट को पहचान के लिए स्वीकार करने का आग्रह किया। हालांकि ऑर्डर नहीं दिया। चुनाव आयोग से कई मसलों पर लिखित में जवाब मांगा। अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

## हत्याकांड में पीड़ित परिवार को 20 लाख के आर्थिक सहायता

**रायपुर (अप्रस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सूरजपुर जिले में हुए दोहरे हत्याकांड में पीड़ित प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब के परिवार को आर्थिक सहायता स्वरूप 20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है। जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मानवीय संवेदनाओं को समझते हुए यह सहायता दिया जाना न केवल पीड़ित परिवार के लिए राहतदायक है, बल्कि यह शासन की संवेदनशीलता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विष्णु के सुशासन में सरकार हमेशा अपने नागरिकों के साथ खड़ी है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे पीड़ित परिवार को नई आशा मिलेगी और समाज में न्याय व संवेदना की भावना और मजबूत होगी।

## छत्तीसगढ़ के दिव्यांग खिलाड़ी करेंगे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रायपुर, 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में खेलों को नया आयाम देते हुए प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पहली बार राजधानी रायपुर में दो दिवसीय पैरा कैनो वर्कशॉप का सफल आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन एवं भारतीय कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन कार्यालय, इंडोर स्टेडियम और बूढ़ा तालाब में आयोजित की गई।

राज्यपाल श्री रमेन डेका से पैरा कैनो एथलीट प्राची यादव, मनीष कौरव और अन्य खिलाड़ियों ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वर्कशॉप के अंत में डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के दौरान संभावित इंजुरी से बचने और उनकी रोकथाम पर विशेष सेशन लिया, जिससे खिलाड़ियों को सुरक्षित प्रशिक्षण के टिप्स भी मिले।

छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री माननीय श्री टंक राम वर्मा ने झण्डा दिखाकर दिव्यांग खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों से चर्चा भी की और पैरा कैनो खेल की बारीकियों को समझा। खेल मंत्री ने दिव्यांग खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया।

इस वर्कशॉप का उद्देश्य प्रदेश के पैरा खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारी देकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनाने की दिशा में तैयार करना था। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के दिव्यांग खिलाड़ी जल्द ही इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक ही दिन में खिलाड़ियों ने बोट्स को बैलेंसिंग सहित चलाना सीख लिया, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

कार्यशाला के दौरान अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित पैरा कैनो एथलीट प्राची यादव और मनीष कौरव ने खिलाड़ियों का टेस्ट लिया और उनकी पात्रता की जांच की। चयनित खिलाड़ियों को अब भोपाल के पैरा सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय पैरा चेयरपर्सन मयंक ठाकुर से प्रशिक्षण मिलेगा।

## भाजपा जिला कार्यकारिणी ने गुरु पूर्णिमा पर संतों से लिया आशीर्वाद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 10 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे हरियाणा प्रांत में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूज्य संतों एवं महंतों के डेरों पर जाकर उन्हें सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त करने का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने माता गेट स्थित पवित्र सूरजकुंड माता मंदिर में पहुंचकर महंत रमन पूरी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शक्ति सोथा, शहरी मंडल अध्यक्ष आयुष गर्ग, शाशि सैनी, कर्मवीर जांगड़ा, प्रमोद भाटिया सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु जन विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गुरु का स्थान हमारे जीवन में सर्वोच्च होता है। वे न केवल हमें ज्ञान देते हैं बल्कि हमें सच्चे मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देते हैं। भारतीय जनता पार्टी सदैव भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं एवं गुरु-शिष्य संबंधों के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि संत समाज हमारे राष्ट्र की आत्मा है जिनके आशीर्वाद से समाज में शांति, सद्भावना एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। भाजपा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल एक सांस्कृतिक एवं धार्मिक कर्तव्य का निर्वहन था, बल्कि समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा व आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल भी रही।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/एसआरई के अधीन एसआरई–यूएमबी सेक्शन पर किमी 221/7–10 पर ब्र. संख्या 260 यूपी (3x12.04एम) और डीएन (3x12.04एम) के पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। | Rs. 1,89,56,808 | Rs. 2,44,800 | 12 महीने | 31.07.2025 |
| 2 | एसआईआर–डीएलपीसी सेक्शन पर किमी 1.05 पर ब्र. संख्या 1 स्पान 1x5.91+5x12.19+1x5.91 मीटर के लिए पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। | Rs. 1,65,58,663 | Rs. 2,32,800 | 08 महीने | 31.07.2025 |

1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–17–अम्बाला/2025–26 दिनांक : 09.07.2025 2090/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



बिहार सरकार

**न्यायालय–उप समाहर्ता भूमि सुधार, सिवान सदर**

आम सूचना

एतद् द्वारा नीचे अंकित विपक्षी/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि सिवान जिलान्तर्गत विभिन्न थानों एवं उत्पाद विभाग, सिवान से बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम–2016 के अन्तर्गत जब्त वाहन के अधिहरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है :–

| क0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन निबंधन सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन स्वामी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 34/2024-25 | DARAULI | 168/2024 | HR72A7480 | BAJAJ PLATINA MOTORCYCLE | सुभाष पिता–दया राम, सा0–बलुदादेह सोहना, थाना–गरजन, हरियाणा |
| 2 | 56/2024-25 | GUTHANI | 125/2024 | HR16G5840 | SPLENDOR PLUS MOTORCYCLE | चे0 नं0–MBLHAI0EJ89G14175 |
| 3 | 142/2024-25 | GUTHANI | 368/2024 | HR12AU7644 | TIAGO | नवीन पिता–राकेश कुमार, सा0–हाउस नं01004/35 सुन्दरीया चौंक जनता कॉलोनी रोहतक हरियाणा |

उपरोक्त वादों की सूनवाई की अगली **तिथि 25.07.2025** निर्धारित करते हुए विपक्षी/प्रतिवादी एवं सम्बद्ध व्यक्ति को सूचित किया जाता हैं कि उक्त वाद में निर्धारित तिथि को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रास्तुत करें। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि आपको अपने पक्ष में कुछ नही कहना हैं, और तदोपरान्त एकपक्षीय सुनवाई करते हुए आदेश पारित कर दिया जाएगा, जिसके लिए पूर्ण रूप से आप जिम्मेवार होंगे।

**इसे सख्त ताकीद समझे।**

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 008282 (Excise) 2025-26

उप समाहर्त्ता भूमि सुधार
सिवान सदर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


## हम शिक्षकों को नहीं भूल सकते: मुख्यमंत्री चंद्रबाबू

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी




कोथाचेरुवु, 10 जुलाई। सत्य साई ज़िले के कोथाचेरुवु ज़िला परिषद स्कूल में मेगा पीटीएम 2.0 कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू छात्रों से कहा कि मैंने 1998 में एक अभिभावक समिति बनाने के बारे में सोचा था.. उन्होंने मुझे कोथाचेरुवु में अपना लक्ष्य हासिल करने का साहस दिया। स्कूल पवित्र मंदिर हैं कहा .. स्कूल एक पूजा स्थल है जो हमारे बच्चों को प्रशिक्षित करता है और उन्हें ज्ञान देता है।

जो लोग पढ़े-लिखे हैं और आगे बढ़े हैं, उन्हें स्कूलों की कुछ मदद करनी चाहिए.. मंत्री नारा लोकेश को बधाई दे. जो शिक्षा व्यवस्था का शानदार प्रबंधन कर रहे हैं कहा ।

हम किसी को भी भूल जाते हैं.. लेकिन हम शिक्षकों को नहीं भूल सकते.. माता-पिता के बाद शिक्षक ही दूसरे स्थान पर आते हैं। हम अनेक जीविकोपार्जन केनित्य दिनभर कामों मेंलगे रहते हैं जिसके के कारण अपने बच्चों को सही देखरेख से भूल रहे हैं. स्कूल के दिनों में, मैं कभी भी अभिभावकों की बैठक में नहीं जा पाता था। बच्चों से जुड़ी हर चीज़ में अभिभावकों की भागीदारी ज़रूरी है

मैं महिलाओं का बहुत शौकीन हूँ.. मैं जो भी करूँगा, महिलाओं को ध्यान में रखूँगा॰ कोथाचेरुवु ज़िला परिषद स्कूल में मेगा पीटीएम 2.0 में सीएम चंद्रबाबू।

चंद्रबाबू और लोकेश ने अभिभावकों और शिक्षकों की मेगा मीटिंग में हिस्सा लिया। चंद्रबाबू और लोकेश ने छात्रों के प्रगति कार्ड देखे। सीएम चंद्रबाबू ने छात्रों और अभिभावकों को निर्देश दिए। सीएम ने डिजिटल कक्षाओं में छात्रों से बातचीत की। सीएम चंद्रबाबू कक्षा में गए और छात्रों को पाठ पढ़ाया।

## राष्ट्रीय ओवरसीज स्कॉलरशिप योजना खत्म किए जाने की निंदा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 10 जुलाई।** मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रीय ओवरसीज स्कॉलरशिप योजना को खत्म किए जाने की मंशा पर ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा ने गहरा रोष प्रकट किया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बहादुर ने बताया कि वर्ष 2025-26 सत्र के लिए चुने गए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के 106 में से 66 छात्रों को सरकार द्वारा स्कॉलरशिप लेटर नहीं दिया गया है। सरकार ने इसका कारण बताया है कि फंड उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए इन छात्रों के स्कॉलरशिप पत्र बाद में दिए जा सकते हैं। बहादुर ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि जब कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी छात्र पढ़ना चाहता है तभी मोदी सरकार का बजट खत्म हो जाता है। सरकार का ये कहना कि शिक्षा के लिए उनके पास फंड उपलब्ध नहीं है, लेकिन उनके पास धार्मिक अयोजनों के प्रचार प्रसार और इवेंट्स पर हजारों करोड़ रुपये कहा से आते हैं। सरकार ने कुम्भ के मेले में अनावश्यक हजारों करोड़ रुपए टैक्स पेयर के बर्बाद कर दिए जबकि हरियाणा सरकार ने भी तीन सौ करोड़ से भी अधिक कुरुक्षेत्र के गीता जयंती पर बर्बाद किया। देश मोदी सरकार से जानना चाहता है कि यह पैसा किस बजट के तहत खर्च किया गया था, क्या धार्मिक आयोजनों के लिए सरकार के बजट में प्रोविजन किया जा सकता है। बहादुर ने प्रधानमंत्री को बहुजन शिक्षा विरोधी बताया। इन्होंने दलित समाज के दलाल और गुलाम मंत्रियों को भी लताड़ लगाते हुए इनसे इस्तीफे की मांग की है क्योंकि ये लोग समाज के साथ हो रही इस ठगी पर मुंह सील कर बैठे हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक/निर्माण, उत्तर रेलवे, चंडीगढ़ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का प्रकार | ई निविदा (दो पैकेट प्रणाली) |
| 2. | निविदा संख्या | 2–डब्लयु सी/291/सीडीजी–I दिनांक 10.07.2025 |
| 3. | कार्य का नाम | नंगल डैम – तलवाड़ा नई बड़ी रेल लाइन लिंक के करटोली पंजाब से तलवाड़ा ब्लॉक खंड में नई लाइन के निर्माण के लिए पंजाब क्षेत्र के भीतर किमी 77.175 से किमी 82.869 (5.694 किमी) के बीच मिट्टी के काम कटिंग/फीलिंग, ब्लेंकेटिंग, वायाडक्ट, वृहद पुल, आरओबी लघु पुल, आरयुबी, सुरक्षा कार्य और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 4. | कार्य पूरा करने का समय | 24 (चौबीस) महीने |
| 5. | कार्य की अनुमानित लागत | 374,92,72,825/- रुपये (तीन सौ चौहत्तर करोड़, बानवे लाख, बहत्तर हजार, आठ सौ पच्चीस रुपये मात्र) |
| 6. | धरोहर राशि | 1,00,00,000/- रुपये (एक करोड़ मात्र) |
| 7. | ई–निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 08.08.2025 को 11:30 बजे तक IREPS वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं जो 08.08.2025 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 8. | प्री–बिड कॉन्फ्रेंस | दिनांक 18.07.2025, समय 12:00 बजे, स्थान उप मुख्य अभियंता/निर्माण–प्रथम, उत्तर रेलवे चंडीगढ का कार्यालय और वीडियो सम्मेलन के द्वारा प्री बिड कॉन्फ्रेंस से 2 दिन पहले शुद्धिपत्र के द्वारा IREPS पर ऑनलाइन लिंक अपलोड किया जाएगा। |
| 9. | ई–मेल पते dycec1cdg@gmail.com पर प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 21.07.2024 (16:00 बजे तक) |
| 10. | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई–निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर gov.in 11.07.2025 से 08.08.2025 तक उपलब्ध होगा। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

निविदा सूचनाः 2-डब्लयु सी/291/सीडीजी–I दिनांक: 10.07.2025 2094/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रायबरेली, 10 जुलाई।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में जुलाई माह में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महिलाओं द्वारा अलग-अलग कई स्थानों पर वृक्षारोपण कर सरकार के पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में आरेडिका ने एक जिम्मेदार संस्था होने का संदेश दिया।

आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार एवं अध्यक्ष आरेडिका खेलकूद संघ, बीएल मीना ने स्पोर्ट ग्राउण्ड में वृक्षारोपण किया। आरपीएफ द्वारा बैरक ग्राउण्ड एवं उसके आसपास के स्थानों में वृक्षारोपण किया गया। अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नए बने तालाबो तथा सड़कों के किनारे वृक्षारोपण किया गया।

आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के द्वारा ऑफिसर कॉलोनी में वृक्षारोपण किया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, ने बताया कि पीपल, नीम, आम, जामुन, अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, आदि के 14000 पौधों तथा 1 लाख बीजों का रोपण 15 दिन में किया गया तथा यह अनवरत जुलाई माह में जारी रहेगा तथा कुल 25000 पौधों तथा 2.75 लाख बीजों के रोपण की योजना है।

महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने कर्मचारियों एवं सभी यूनियनों के कर्मचारी प्रतिनिधियों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि जो विभाग, यूनियन, अथवा कर्मचारी अपने क्षेत्र में हरियाली का विकास करने में विशेष योगदान देगा उसे स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार एवं अध्यक्ष आरेडिका खेलकूद संघ, बीएल मीना, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, सहित अन्य अधिकारियों, आरपीएफ के जवानों तथा कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

▲ अधिकतम 31 डिग्री से.

26 न्यूनतम ▼

सूर्योदय 5.28 बजे
सूर्यास्त 7.28 बजे

सोना 24 कैरेट 98,550.00

सेंसेक्स 83,190.28

अमेरिका 85.71

कैनेडियन 62.57

आस्ट्रेलिया 56.14

## चंडीगढ़ में 24×7 जल आपूर्ति योजना पर उठे सवाल

# शहरवासियों ने योजना को बताया अनावश्यक बोझ

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** चंडीगढ़ नगर निगम की स्मार्ट सिटी शाखा द्वारा 24 घंटे जल आपूर्ति की महत्वाकांक्षी योजना को लेकर शहर के निवासियों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। इस योजना के लिए निगम ने फ्रांस की एक एजेंसी से 400 करोड़ रुपये का ऋण लेने का निर्णय लिया है, जो सात वर्षों में ब्याज सहित चुकाया जाएगा। शहरवासियों का कहना है कि यह परियोजना व्यावहारिक नहीं है और केवल कागजों पर ही सुंदर दिखाई दे रही है। उनका तर्क है कि चंडीगढ़ में पहले से ही प्रति व्यक्ति जल आपूर्ति राष्ट्रीय औसत से दोगुनी है, और दिन में तीन बार पानी की आपूर्ति मौजूदा समय में पर्याप्त है। निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम की असली समस्या जल की कमी नहीं, बल्कि जल प्रबंधन की विफलता है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 35 फीसदी जल पाइपलाइन लीकेज के कारण बर्बाद हो जाता है। कॉलोनियों में सार्वजनिक जल नल या तो हैं नहीं और जहां हैं वहां बहते रहते हैं, जिससे पानी की भारी बर्बादी होती है। शहरवासियों की दलील है कि नगर निगम पहले से ही वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में विदेशी ऋण लेने से निगम पर ब्याज का बोझ बढ़ेगा, और अंततः इसका सीधा असर निवासियों की जेब पर पड़ेगा।


निवासियों ने पहले भी ऐसे प्रोजेक्ट्स को श्रृंगारिक बताया और ऐसी अन्य योजनाओं के उदाहरण दिये। उन्होंने बताया कि पहले भी सेक्टर-17 की भूमिगत पार्किंग और रोज गार्डन के नीचे बना पथ, व्यावहारिक लाभ देने में विफल रहे हैं। इस योजना से जल स्रोत में कोई वृद्धि नहीं होगी, न ही पीने के पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा। अगर यह पैसा लीकेज रोकने, नई जल आपूर्ति लाइन बिछाने या भाखड़ा-ब्यास जलाशय से जल आपूर्ति बढ़ाने में लगाया जाता, तो यह कहीं अधिक उपयोगी होता।

कई नागरिकों का मानना है कि यह ऋण योजना चंडीगढ़ के नागरिकों की भलाई के बजाय विदेशी एजेंसी को खुश करने की दिशा में उठाया गया कदम है।

### केंद्र सरकार से पुनर्विचार की मांग

यह ऋण मई 2021 में केंद्र सरकार द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था, लेकिन अब नागरिक मांग कर रहे हैं कि केंद्र सरकार को इस पूरे समझौते पर पुनर्विचार करना चाहिए और परियोजना को रोक देना चाहिए, जिससे चंडीगढ़ पर अनावश्यक वित्तीय बोझ न पड़े। लोगों का कहना है कि क्या चंडीगढ़ को वाकई 24 घंटे जल आपूर्ति की जरूरत है, या फिर यह योजना सिर्फ दिखावा बनकर रह जाएगी? यह सवाल अब हर चंडीगढ़ निवासी के ज़हन में है।

### चंडीगढ़ 24×7 जल सप्लाई प्रोजेक्ट पर विवाद, कांग्रेस पार्षद ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, सीबीआई जांच की मांग



चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेंद्र सिंह)। चंडीगढ़ के बहुचर्चित 24×7 जल सप्लाई प्रोजेक्ट को लेकर कांग्रेस पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने भाजपा और नगर निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। गाबी ने आरोप लगाया कि यह प्रोजेक्ट भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है और इसकी शुरुआत से ही इसमें घोटाले की बू आ रही है। गाबी ने बताया कि मनीमाजरा में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की गई योजना का उद्घाटन गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बड़े स्तर पर कराया गया, लेकिन इसके बावजूद लोगों को न तो 24 घंटे पानी मिल रहा है और न ही वह पीने योग्य है। उन्होंने कहा कि लोगों को कीचड़युक्त पानी मिल रहा है, जिससे जनता में भारी रोष है। 3 जून को नगर निगम की बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया और प्रोजेक्ट को बंद करने की मांग की। गाबी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट करीब 500 करोड़ के कर्ज से शुरू हुआ, लेकिन अब तक सिर्फ 10% कार्य ही पूरा हुआ है और करीब 80 करोड़ खर्च हो चुके हैं। उन्होंने अंदेशा जताया कि इसकी लागत 1800-2000 करोड़ रुपये तक जा सकती है। कांग्रेस ने इस प्रोजेक्ट की सीबीआई जांच की मांग की है और आरोप लगाया कि भाजपा शासन के दौरान अन्य प्रोजेक्टों जैसे एसटीपी, डंपिंग ग्राउंड, और हॉर्टिकल्चर वेस्ट प्लांट में भी फजूलखर्ची और भ्रष्टाचार हुआ है। गाबी ने कहा कि भाजपा खुद भी अब इस प्रोजेक्ट में धांधली की बात स्वीकार कर रही है, जिससे विजिलेंस जांच शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि जनता के पैसों का हिसाब होना चाहिए और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## महापौर ने प्रशासक के साथ बैठक में चंडीगढ़ के लिए भूमि पूलिंग नीति लागू करने का आग्रह किया



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** नगरपालिका की महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने वीरवार को पंजाब राजभवन में पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से नगर निगम के पार्षदों के साथ मुलाकात की। उनके साथ सतिंदर सिंह सिद्धू, बिमला दुबे, गुरचरणजीत सिंह, जीत सिंह बहलेना और बाल कृष्ण राणा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान, महापौर और पार्षदों ने एक ज्ञापन सौंपकर हरियाणा और दिल्ली की सफल नीतियों के अनुरूप चंडीगढ़ में भूमि पूलिंग नीति बनाने और लागू करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधियों ने चंडीगढ़ पर बढ़ते शहरी दबाव और एक सुव्यवस्थित भूमि अधिग्रहण तंत्र के अभाव से उत्पन्न सीमाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि लैंड पूलिंग नीति एक निष्पक्ष, पारदर्शी और सहभागी ढाँचा प्रदान करेगी, जो सारंगपुर, धनास, मनीमाजरा, दादूमाजरा, मलोया और आसपास के गाँवों जैसे क्षेत्रों में नियोजित शहरी विकास को गति देते हुए भूस्वामियों के अधिकारों को सुनिश्चित करेगी। प्रस्तुत की गई प्रमुख मांगों में शामिल हैं-चंडीगढ़-विशिष्ट लैंड पूलिंग नीति का मसौदा तैयार करना, भूस्वामियों, पंचायतों और किसान समूहों के साथ सार्वजनिक परामर्श, पुनर्वास, पारदर्शिता और उचित भूखंड पुनर्वितरण का प्रावधान, कार्यान्वयन के लिए एक समयबद्ध रोडमैप, महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासक इस प्रगतिशील प्रस्ताव पर उचित विचार करेंगे और चंडीगढ़ में समावेशी विकास और ज़िम्मेदार शहरी विस्तार सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएँगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑटो चालक से मारपीट करने के आरोपियों पर मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 49 पुलिस ने ऑटो चालक से मारपीट करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। आरोपियों की पहचान सूरज,विकास,और सुरजीत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ऑटो चालक लालता यादव ने पुलिस को बताया कि वह उक्त आरोपियो के होटल में बाहर से आती सवारियों को लेकर जाता था।और कमीशन लेता था। उसने कुछ दिनों से सवारियां लेकर नहीं जा रहा था।तो आरोपियों ने उसे धमकी भी दी। बुधवार को पीड़ित ऑटो चालक देर शाम करीब साढ़े 7 बजे आईएसबीटी सैक्टर 43 के सामने खड़ा था। इसी दौरान दो युवक आए।और कहने लगे कि उन्होंने दो अन्य युवकों को सैक्टर 50 से लेना है। जैसे ही ऑटो चालक सैक्टर 50 स्थित कॉमर्स कॉलेज के पास पहुंचा तो इसी दौरान एक गाड़ी में सवार युवकों ने ऑटो चालक का रास्ता रोक कर ताबड़तोड़ हमला कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया।और फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना 49 पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

## नगर निगम आयुक्त ने सेक्टर 25 स्थित सेवा केंद्र में दुर्व्यवहार पर कड़ा संज्ञान लिया; संबंधित कनिष्ठ अभियंता से स्पष्टीकरण तलब

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** 'सेक्टर 25 स्थित सेवा केंद्र में पार्षद के कमरे में चार नगर निगम कर्मचारियों द्वारा शराब पीने' के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए, संबंधित कनिष्ठ अभियंता को तुरंत तलब किया गया और वीरवार दोपहर 12 बजे आयुक्त कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी स्थिति स्पष्ट की।

उन्हें स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर लिखित उत्तर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाएगी। नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त, अमित कुमार, आईएएस ने 9 जुलाई, 2025 को सेक्टर 25 स्थित सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया और पाया कि चार कर्मचारी परिसर में शराब पी रहे थे। यह कृत्य सेवा नियमों और सरकारी कर्मचारियों से अपेक्षित पेशेवर आचरण का गंभीर उल्लंघन है।

यह भी पाया गया कि कनिष्ठ अभियंता, जो परिसर के प्रभारी हैं और इसके प्रबंधन एवं रखरखाव के लिए ज़िम्मेदार हैं, इस तरह के कदाचार को रोकने में विफल रहे। उनकी निष्क्रियता को घोर लापरवाही और कर्तव्यहीनता माना गया है, जो एक पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत अधिकारी से अपेक्षित मानकों का उल्लंघन है।

नगर आयुक्त अमित कुमार, आईएएस, ने दोहराया है कि सरकारी परिसर में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कदाचार का दोषी पाए जाने वाले किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हर बरसात में नगर परिषद की गलतियों का खामियाजा भुगतते हैं जीरकपुर निवासी

- बरसात में हर तरफ पानी, दोपहर के साथ सूर्य निकलने से लोगों को मिली राहत
- शहर में कई जगह हुआ जल भराव, खतरे का आभास करवाने के लिए पेड़ों की टहनियों को सीवरेज के ढक्कन पर लगाया
- मुख्य सड़को के इलावा अंदुरूनी सड़को पर दिखाई दिया जाम, घरों की छतें भी टपकने लगी





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 10 जुलाई।** बरसात के बाद शहर में जल भराव की समस्या लोगों को बेहद परेशान कर रही है। बरसात के बाद शहर बुरी तरह चॉक हो जाता है। जाम के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुसीबत बन गया है। बुधवार पूरी रात हुई बरसात और वीरवार सुबह से ही हो बरसात ने लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। क्योंकि बरसात के कारण शहर में हर तरफ पानी भर गया था और मुख्य सड़को के साथ साथ अंदुरूनी सड़को पर भी दुपिहर तक जाम की समस्या बनी रही। वीआईपी रोड़ की बात करें तो डोमिनोज चौंक से एसबीपी माया गार्डन थ्री तक सड़क पूरी तरह पानी से भरी हुई थी इस दौरान स्कूल बसों व बच्चों को स्कूल छोड़ने वाले अभिभावक बुरी तरह जाम में फंसे हुए थे जिन्हे निकलने में 40 से 50 मिनट लग गए। इसके इलावा रेल विहार के बाहर काफी पानी भरा हुआ था और वीआईपी रोड़ से लोहगढ़ जाने वाले रोड़ पर दो जगह घुटनों से ऊपर तक पानी भरा हुआ था। जहां लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। हलांकि नगर परिषद के कुछ कर्मचारियों द्वारा पानी निकालने के लिए सीवरेज के ढक्कन खोल दिए थे। क्योंकि इस एरिया में बरसाती पानी की निकासी का पूरा प्रबंध नहीं है। इस दौरान वीआईपी रोड़ की दर्जनों सोसायटीयों द्वारा टुलु पंप लगाकर सोसायटीयों में से पानी निकाला जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है के जिस समय यह शहर बनाया गया उस समय ना तो अधिकारियों ने ध्यान दिया और ना ही बिल्डरों ने। लेकिन अब लोग इसे लेकर बेहद परेशानी झेल रहे है। हर बार नगर परिषद के अधिकारी बरसात के दिनों में इंतजाम पुख्ता करने की बात करते हैं लेकिन हर बार वह फैल साबित होते हैं। इसके इलावा लोहगढ़ गांव, बलटाना एरिया, ढकोली, पीरमुछल्ला में भी बरसात के कारण लोग परेशान नजर आए।

### टूटी हुई सड़के व खुले पड़े मेन हॉल के ढक्कन दे हादसों को नियोक्ता

लोगों का कहना है के शहर में सड़कें टूटी पड़ी है और मेन हॉल के ढक्कन भी खुले पड़े हैं। जिस कारण लोग बेहद परेशान हैं। क्योंकि गड्ढों व सीवरेज के खुले पड़े मेन हॉल में पानी भरने के कारण उनकी गहराई दिखाई नहीं देती है और हादसे हो जाते है। लोगों का कहना है के नगर परिषद के पास यदि बरसाती पानी कि निकासी का कोई प्रबंध नहीं है तो कम से कम सड़को को तो ठीक कर दो, मेन हॉल के ढक्कन तो सही ढंग से लगा दो ताकि कोई हादसा ना हो। लोगों ने खुद जिम्मेवारी समझते हुए सड़कों में पड़े गड्ढों में पेड़ो के टिहनिया लगा दी है ताकि लोगों गड्ढे दूर से दिखाई दें और कोई हादसा ना हो जबकि यह कार्य नगर परिषद का है।

नगर परिषद द्वारा बरसाती पानी कि निकासी के लिए पुख्ता प्रबंध किए हुए है। बाकी यदि कहीं पानी खड़ा है सड़क या किसी सोसायटी में तो हमें जानकारी दो हम पंप लगाकर निकलवा देते हैं। कुछ एरिया में ड्रेनेज लाइन नहीं है तो उसका भी प्रबंध जल्दी किया जा रहा है।

**जगजीत सिंह जज, कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर।**

## पंजाब राजभवन में एनसीबी अधिकारियों के साथ बैठक, नशा मुक्ति पर हुआ मंथन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने वीरवार को पंजाब राज भवन में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक में नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई और आगे की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। एनसीबी के महानिदेशक अनुराग गर्ग के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल में उप महानिदेशक सबित मिश्रा और अतिरिक्त निदेशक अमनजीत सिंह शामिल रहे। बैठक के दौरान राज्यपाल ने नशे के खिलाफ प्रभावी लड़ाई के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल कटारिया ने कहा कि नशे की समस्या का समाधान केवल सख्त कानून से नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामाजिक भागीदारी से भी जुड़ा है। हमें एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है, जिसमें प्रवर्तन, रोकथाम और समुदाय की भागीदारी शामिल हो। एनसीबी अधिकारियों ने बैठक में अपने वर्तमान ऑपरेशनों, निगरानी तंत्र और पंजाब व चंडीगढ़ में चल रहे संयुक्त अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे विभिन्न एजेंसियां मिलकर ड्रग नेटवर्क को खत्म करने के लिए काम कर रही हैं। राज्यपाल ने एनसीबी की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि नशा मुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब सरकार, कानून व्यवस्था से जुड़ी संस्थाएं, शैक्षणिक संस्थान और आम नागरिक मिलकर इसके खिलाफ एकजुट हों।

### उपायुक्त व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनेंगे जन समस्याएं

प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के निर्देशानुसार, चंडीगढ़ प्रशासन ने नागरिकों की समस्याओं के समन्वित समाधान हेतु संयुक्त जनसुनवाई की व्यवस्था की है। इस जनसुनवाई में उपायुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दोनों भाग लेंगे। शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपायुक्त कार्यालय, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में जनसुनवाई होगी। जनसुनवाई उपायुक्त कार्यालय के समिति कक्ष में आयोजित होगी। यह पहल प्रशासन की पारदर्शी, उत्तरदायी एवं संवेदनशील शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नागरिक अपनी शिकायतें इस मंच पर सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं।

## अलग-अलग मामलों में पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों के खिलाफ की कार्रवाई, 8 काबू, रिहा

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** यूटी पुलिस ने बुधवार को एक अभियान चला कर पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों के खिलाफ कारवाई की है।और पुलिस ने अलग अलग जगहों से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया।और बाद में सभी को जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर एक:** जानकारी के अनुसार थाना 11 पुलिस यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस पीजीआई के ओपीडी गेट के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक व्यक्ति पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी नया गांव मोहाली के रहने वाले जयप्रकाश को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर दो:** थाना सारंगपुर पुलिस ने पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए आरोपी नया गांव मोहाली के रहने वाले विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी फिश मार्किट ईडब्ल्यूएस कॉलोनी धनास के पास पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा था।बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर तीन:** जानकारी के अनुसार थाना सारंगपुर पुलिस ने आरोपी सैक्टर 23 निवासी को पब्लिक प्लेस पर शराब पीने के मामले में गिरफ्तार किया। आरोपी फिश मार्किट ईडब्ल्यूएस कॉलोनी धनास के पास पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कारवाई कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर चार:** थाना सारंगपुर पुलिस ने पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वाले ईडब्ल्यूएस कॉलोनी धनास के रहने वाले भीखम के खिलाफ कारवाई की।और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर पांच:** जानकारी के अनुसार थाना सारंगपुर पुलिस ने मिल्क कॉलोनी धनास के रहने वाले आरोपी गोविंदा के खिलाफ कारवाई की।पकड़ा गया आरोपी पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा था। और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर छः:** थाना सारंगपुर पुलिस ने खुडा जस्सू के रहने वाले सागर के खिलाफ कारवाई की। पकड़ा गया आरोपी पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा था।और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर सात:** जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने गांव धनास के रहने वाले सुंदर के खिलाफ कारवाई की। पकड़ा गया आरोपी पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा था।बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

**केस नंबर आठ:** जानकारी के अनुसार थाना सारंगपुर पुलिस ने पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वाले आरोपी के खिलाफ कारवाई की है। पकड़ा गया आरोपी पब्लिक प्लेस पर शराब पी रहा था। बाद मे उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

## 'ऑपरेशन सील': सुरक्षा के उद्देश्य में सिटी सील नाके लगाए

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** यूटी पुलिस ने वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए और कानून-व्यवस्था शांति एवं जन-शांति बनाए रखने के उद्देश्य से शहर में 08/09 जुलाई 2025 की रात को विशेष सिटी सील नाके लगाए गए।इस अभियान का उद्देश्य संदिग्ध गतिविधियों,वस्तुओं और व्यक्तियों पर नज़र रखना और संदिग्ध वाहनों की गहन जाँच करना था। शहर भर में कुल 62 आंतरिक नाके और 18 बाहरी सीमा नाके स्थापित किए गए। जहाँ वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जाँच की गई। इसी प्रकार, इस अभियान के दौरान 50 पीसीआर वाहन और चीता मोटरसाइकिल भी हाई अलर्ट पर शहर में गश्त पर थे। इस अभियान के दौरान पुलिस ने 641 वाहनों की जाँच की गई। 23 चालान काटे गए। और 4 वाहनो ज़ब्त किए गए।इस विशेष अभियान के लिए सभी एसडीपीओ, एसएचओ और पुलिस चौकियों के प्रभारी (आई/सीपीपी) के साथ-साथ लगभग 320 एनजीओ/ओआर तैनात किए गए थे।

प्रत्येक नाका प्वाइंट पर, हथियारों और अन्य सहायक रसद से लैस एक समर्पित टुकड़ी तैनात थी।इसके अतिरिक्त किसी भी आपात स्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए शहर भर के प्रमुख स्थानों पर सभी क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया दल) वाहनों और कमांडो यूनिटों को हाई अलर्ट पर रखा गया था। इस समन्वित अभियान का उद्देश्य जनता का विश्वास मज़बूत करना और किसी भी संभावित गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना था।

### दो पहिया वाहन और गाड़ियों की चेकिंग की



यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते शहर में नाके लगातार जारी है। पुलिस नाके पर दो पहिया और वाहनों की चेकिंग कर रही है। वहीं सैक्टर 24 पुलिस चौकी ने वीरवार को सैक्टर 24 मार्केट के पास नाका लगाकर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की। इस नाके की अगुवाई सैक्टर 24 पुलिस चौकी से एएसआई सुरेंद्र सिंह और उनकी टीम कर रही थी। उनका कहना है कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते यह नाके लगाए जा रहे है।

## एमसी ने 26 अनाज मंडी में पॉलीथीन विरोधी छापेमारी की; 250 किलोग्राम सिंगल-यूज प्लास्टिक ज़ब्त

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** एकल-उपयोग प्लास्टिक (स्क) पर प्रतिबंध लागू करने के दृढ़ प्रयास में, चंडीगढ़ नगर निगम ने वीरवार को सेक्टर 26 स्थित अनाज मंडी में विशेष पॉलीथीन विरोधी छापेमारी की। इस अभियान के दौरान, लगभग 250 किलोग्राम सिंगल-यूज प्लास्टिक कैरी बैग ज़ब्त किए गए और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का पालन न करने पर उल्लंघनकर्ताओं के 12 चालान काटे गए।

यह छापेमारी नगर निगम के अधिकारियों, जिनमें मोहिंदर पाठक (स्वास्थ्य पर्यवेक्षक), दर्शन सिंह (मुख्य स्वच्छता निरीक्षक), और स्वच्छता निरीक्षक परवीन कुमार, मंजीत कुमार और दविंदर रोहिल्ला शामिल थे, की प्रत्यक्ष निगरानी में की गई। ज़ब्त की गई प्लास्टिक सामग्री को उचित निपटान और आगे की प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रूप से सूखा अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र में पहुँचा दिया गया है।

नगर निगम आयुक्त श्री. आईएएस अधिकारी अमित कुमार ने सभी उल्लंघनकर्ताओं को कड़ी चेतावनी जारी की है और ज़ोर देकर कहा है कि एसयूपी प्रतिबंध और अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का बार-बार उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने दुकानदारों, विक्रेताओं और नागरिकों से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पूरी तरह से पालन करने और एक स्वच्छ एवं पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ शहर बनाए रखने में योगदान देने की अपील की।

इस मिशन की सफलता के लिए पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों का उपयोग और ज़िम्मेदारी से अपशिष्ट निपटान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### मेयर ने विक्रेताओं तक निर्बाध डिजिटल पहुंच के लिए स्ट्रीट वेंडर मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल लॉन्च किया

चंडीगढ़ में पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरों के लिए व्यापार में आसानी को बढ़ावा देने के लिए, मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला और कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस ने आज नगर निगम चंडीगढ़ के स्ट्रीट वेंडर मोबाइल ऐप और वेंडर सेल वेब पोर्टल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, शहर की मेयर ने कहा कि सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़ द्वारा विकसित इस पहल का उद्देश्य डिजिटल सुविधा और प्रशासनिक पारदर्शिता के माध्यम से स्ट्रीट वेंडरों को सशक्त बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि एंड्रॉइड पर उपलब्ध स्ट्रीट वेंडर मोबाइल ऐप पंजीकृत विक्रेताओं को मासिक वेंडिंग शुल्क (स्टेशनरी/मोबाइल), आईडी कार्ड, चालान, पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क जैसे विभिन्न शुल्कों का ऑनलाइन भुगतान करने में सक्षम बनाता है। यह विक्रेताओं को यह भी करने की अनुमति देता है। इन सेवाओं के बारे में बोलते हुए, नगर निगम आयुक्त ने कहा कि यह डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म सुविधा, पारदर्शिता और आवश्यक सेवाओं तक समय पर पहुँच सुनिश्चित करके हमारे रेहड़ी-पटरी वालों को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिक सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इस डिजिटल परिवर्तन के साथ, इसका उद्देश्य विक्रेता-संबंधी कार्यों को सुव्यवस्थित करना और सेवा वितरण में सुधार करना है। कार्यक्रम के तहत, पंजीकृत रेहड़ी-पटरी वालों को 20 पहचान पत्र और 20 विक्रय प्रमाणपत्र (सीओवी) वितरित किए गए। ये डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विक्रेता सेवाओं के लिए एक केंद्रीकृत केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिसमें उनकी शुल्क स्थिति आदि की जानकारी भी शामिल होगी।

सम्पादकीय

# चिनाब-रावी से पंजाब को पानी देने का सुझाव सकारात्मक

एसवाईएल नहर को लेकर पंजाब एवं हरियाणा के मुख्यमंत्रियों की केंद्रीय जलशक्ति मंत्री के साथ हुई बैठक एकबार फिर बेनतीजा रही। यह अच्छी बात है कि पंजाब का रुख इस बार पहले की तुलना में नरम नजर आया है और बदले घटना के मद्देनजर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हरियाणा हमारा भाई है। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बीते समय से दोनों राज्यों के बीच भाईचारे का हवाला देते आ रहे हैं और इस बार भी उन्होंने सकारात्मक रहते हुए आशा व्यक्त की कि अगली बैठक में बेहतर परिणाम सामने आएंगे। इस बार की बैठक में यह भी हुआ है कि पंजाब ने अपने स्टैंड पर कायम रहते हुए कहा है कि चिनाब और रावी का पानी अगर पंजाब को मिलता है तो उसमें से हरियाणा को पानी से पंजाब को ऐतराज नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को जिस प्रकार सिंधु नदी का पानी रोका गया है, उससे पंजाब की उम्मीदों को सहारा मिला है। दरअसल, इस दलील को समझा जाना चाहिए कि पंजाब के लिए पानी की भारी किल्लत हो गई है, ऐसे में वह अगर उस सीमित पानी में से अगर हरियाणा को देगा तो इससे उसका संकट और गहरा जाएगा। मुख्यमंत्री मान का कहना है कि पंजाब की नदियां सूख रही हैं। राज्य के 153 में से 115 ब्लॉक अत्यधिक दोहन वाले घोषित हो चुके हैं। पंजाब को इस समय 52 एमएएफ पानी की जरूरत है, लेकिन उसे सभी स्त्रोत से मिल केवल 26.75 रहा है।

**गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय एसवाईएल नहर के संबंध में पंजाब सरकार को आदेश दे चुका है। माननीय न्यायालय की यह टिप्पणी हालिया दिनों में सर्वाधिक सख्त टिप्पणी है कि आप इस मामले का समाधान करें वरना कोर्ट को कुछ करना पड़ेगा। निश्चित रूप से यह मामला समाधान की मांग कर रहा है, लेकिन राजनीति इसके आड़े आ रही है। कुछ समय पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दोनों राज्यों को मिल बैठ कर इस मामले का हल निकालने को कहा था, इसके लिए एक कोर कमेटी बनाने की भी सलाह दी गई थी, हालांकि पंजाब सरकार की ओर से तब भी यही कहा गया था कि उसके पास किसी अन्य राज्य को देने के लिए एक बूंद पानी नहीं है।**

वास्तव में अब वह समय आ चुका है, जब पंजाब और हरियाणा दोनों के लिए पानी की जरूरत को समान रूप से समझा जाए। पंजाब का तर्क अपनी जगह उचित है, हालांकि हरियाणा की ओर से सतलुज से पानी की मांग की जा रही है। लेकिन पानी अगर इस मात्रा उपलब्ध होगा, तभी उसका विभाजन किया जा सकता है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री का संदर्भ देते हुए कहा भी कि अब यह मुद्दा खत्म होना चाहिए। अगर दोनों राज्य यह चाहते हैं तो फिर केंद्र सरकार को किसी तीसरे विकल्प पर क्यों नहीं काम करना चाहिए। तीसरा विकल्प वह हो सकता है, जिसका जिक्र मुख्यमंत्री भगवंत मान कर रहे हैं। मान कह रहे हैं कि चिनाब और रावी का पानी पंजाब को दिलाया जाए। हालांकि यह इतना सरल नहीं है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की ओर से ऐसा बयान आ चुका है, जिसमें वे अपने इलाके से बह रही नदियों के पानी के विभाजन के खिलाफ हैं। जम्मू का इलाका जल संकट का सामना कर रहा है और वहां भी पानी की जरूरत है। मालूम हो, पंजाब का यह तर्क भी है कि हरियाणा के पास पानी के अन्य विभिन्न स्त्रोत भी हैं, जिनमें यमुना का पानी भी शामिल है। वह यमुना के पानी पर भी हक जता रहा है। उसका यह भी कहना है कि राज्यों के बीच पानी बांटते समय हरियाणा के पास आए अन्य जल स्त्रोतों को नहीं गिना गया।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय एसवाईएल नहर के संबंध में पंजाब सरकार को आदेश दे चुका है। माननीय न्यायालय की यह टिप्पणी हालिया दिनों में सर्वाधिक सख्त टिप्पणी है कि आप इस मामले का समाधान करें वरना कोर्ट को कुछ करना पड़ेगा। निश्चित रूप से यह मामला समाधान की मांग कर रहा है, लेकिन राजनीति इसके आड़े आ रही है। कुछ समय पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दोनों राज्यों को मिल बैठ कर इस मामले का हल निकालने को कहा था, इसके लिए एक कोर कमेटी बनाने की भी सलाह दी गई थी, हालांकि पंजाब सरकार की ओर से तब भी यही कहा गया था कि उसके पास किसी अन्य राज्य को देने के लिए एक बूंद पानी नहीं है। वास्तव में बीते समय के दौरान पंजाब सरकारों का रवैया ऐसा रहा है कि वे संविधान का पालन करती नजर नहीं आई, उन्होंने केवल अपने राजनीतिक हितों को ही सर्वोपरि रखा। साल 2004 में तो शिअद सरकार ने एसवाईएल और इस संबंध में अन्य ऐसे फैसलों को विधानसभा में कानून पारित कर एकतरफा रद्द ही कर दिया था। एसवाईएल के लिए जिस जमीन पर नहर बननी थी, वह जमीन उनके मालिकों को लौटा दी। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय इस कार्रवाई को अवैध ठहरा चुका है। एसवाईएल पंजाब के लिए नाक का सवाल है, लेकिन हरियाणा के लिए भी यह मुद्दा जीवन प्रणाली है। यही वजह है कि विपक्ष पंजाब के खिलाफ अदालत की अवहेलना का मामला दायर करने की मांग कर रहा है। निश्चित रूप से पंजाब एक संवेदनशील राज्य है, यह बात ध्यान में रखकर चलनी होगी। किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचने से पहले नए संदर्भों में पंजाब की जरूरतों को भी समझा जाना चाहिए, वहीं हरियाणा में पानी की किल्लत का भी समाधान होना चाहिए।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष

# जनसंख्या नियंत्रण के अलावा जनसंख्या प्रबंधन जरूरी

दैनिक अर्थ प्रकाश



आज भारत विश्व का सबसे घनी आबादी वाला देश बन चुका है देश में आबादी का यह आंकड़ा 146 करोड़ से भी पर हो चुका है। 10 जून 2025 को जारी यूएनएफपीए की द स्टेट ऑफ़ वर्ड पापुलेशन रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 1463.9 मिलियन यानी 146.39 करोड़ तक पहुंच गई है जबकि चीन की जनसंख्या 1416.7 मिलियन यानी 141.57 करोड़ है जिसका मतलब है हमारी जनसंख्या चीन से लगभग तीन मिलियन यानी 30 लाख से भी ज्यादा है। भारत विश्व का सबसे युवा देश भी बना है यानी 35 वर्ष तक की आश्रित युवा आबादी सबसे अधिक 29 प्रतिशत भारत में है यूएनएफपीए ने अपनी ताजा रिपोर्ट में आंकड़ों के अनुसार भारत में लगभग 68 प्रतिशत जनसंख्या 15 से 64 की उम्र के बीच है जबकि 65 से ऊपर की जनसंख्या सिर्फ 7 प्रतिशत है भारत में 25 प्रतिशत जनसंख्या 0-14 आयु वर्ग के बच्चों की है ।19 साल की आयु के बच्चों की आबादी 18 प्रतिशत है, वहीं 10 से 24 साल आयु वर्ग की जनसंख्या 26न्न है संयुक्त राष्ट्र के विश्व जनसंख्या पूर्वानुमान 2022 के अनुसार 2060 तक भारत की जनसंख्या 170 करोड़ तक पहुंच सकती है वहीं चीन की आबादी घटकर 130.करोड़ से भी कम हो सकती है भारत में जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर 0.8 से भी अधिक पहुंच चुकी है। पिछले कई दशकों से हम यही कहते रहे हैं कि जनसंख्या वृद्धि एक अभिशाप है जनसंख्या अभिशाप है या वरदान यह एक सार्थक बहस का विषय होना चाहिए। हमारे शिक्षण संस्थानों में केवल जनसंख्या वृद्धि को अभिशाप के रूप में ही पढ़ाया जा रहा है और गरीबी व बेरोजगारी की समस्या को बढ़ती जनसंख्या के ऊपर मंढ दिया जाता है। देश और राज्यों में बनी सभी सरकारों के सामने जनसंख्या वृद्धि एक चुनौती रही है किसी भी सरकार ने इस चुनौती का सामना करने के लिए इतनी संजीदगी नहीं बर्ती है जितनी बर्ती जानी चाहिए थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के अनुसार भारत में बेरोजगारी अब तक उच्च स्तर यानी 8.20 प्रतिशत पर है। गरीबी दूसरी बड़ी चुनौती है जहां लगभग 16.4 प्रतिशत आबादी गरीब है और लगभग 4.2 प्रतिशत लोग भीषण गरीबी का सामना कर रहे हैं। गरीबी और बेरोजगारी का मुख्य कारण देश के नागरिकों में कौशलता की कमी होना है भारत के केवल 4.7 प्रतिशत कार्यबल ने औपचारिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जर्मनी और दक्षिणी कोरिया में यह संख्या कम से 75 प्रतिशत और 96 प्रतिशत है। मोटे तौर पर भारत में असंगठित क्षेत्र में 83न्न कार्यबल कार्यरत है और संगठित क्षेत्र में 17 प्रतिशत अर्थव्यवस्था में 92.4 प्रतिशत अनौपचारिक श्रमिक है जिनके पास कोई लिखित अनुबंध संवेतन छुट्टी और अन्य लाभ नहीं है। दूसरी और दुनिया के कई विकसित देश जनसंख्या की कमी से जूझ रहे हैं, जिनमें चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, और पूर्वी यूरोप के कई देश यूक्रेन, रूस, बुल्गारिया, और बाल्कन क्षेत्र के देश शामिल हैं। इन देशों में जन्म दर में गिरावट और मृत्यु दर में वृद्धि के कारण जनसंख्या कम हो रही है। जहां कार्यों की अधिक अधिकता होते हुए श्रम शक्ति की कमी बनी हुई है। इसके विपरीत भारत में श्रम शक्ति अधिक होते हुए रोजगार में निरंतर कमी आ रही है। यह बेहद चिंता का विषय है ज्यादा जनसंख्या वाले देशों में बड़ी कुशल श्रम शक्ति होती है जो उत्पादन और अधिक विकास में मदद कर सकती है। बड़ी जनसंख्या वाले देशों में अधिक सैनिक और सुरक्षा बल हो सकते हैं, जो देश की सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं, इसलिए जनसंख्या के का संतुलित प्रबंधन जरूरी है इसके लिए जनसंख्या वृद्धि को प्रबंधन में बदलने की आवश्यकता है। युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन युवा शक्ति को बेहतर ढंग से चैनेलाइज करना और प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है ताकि वे देश के विकास में योगदान दे सकें। हम कौशल विकास और शिक्षा में निवेश बढ़ाकर देश में विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन बढ़कर युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर सकते हैं और अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकते हैं ।



सरकार द्वारा रोजगार परक कार्यक्रम, कौशलता, शिक्षा, जनसंख्या प्रबंधन व नियंत्रण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई है, जिनमें राष्ट्रीय परिश्रम नियोजन कार्यक्रम, नई शिक्षा नीति 2020, आयुष्मान भारत योजना, स्किल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, मनरेगा प्रधानमंत्री कल्याण योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल कार्यक्रम तथा आजीविका ग्रामीण मिशन जैसी योजनाएं शामिल है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि जो योजनाएं सरकार द्वारा बनाई गई है इनको शत प्रतिशत धरातल पर उतारना होगा। योजनाओं के नाम बहुत अच्छे हैं लेकिन जब तक इन योजनाओं का देश की युवा शक्ति को लाभ नहीं मिलेगा तब तक यह योजनाएं केवल कागजों और फाइलों की शोभा बढ़ाती रहेगी तथा नेताओं और मंत्रियों के भाषणों में विशेषण का काम करती रहेंगी। इसलिए जरूरी है कि युवाओं में कौशलता बढ़ाकर युवा शक्ति को चैनेलाइज किया जाए जिससे अपराधमुक्त और नशा मुक्त समाज का निर्माण होगा।

**–सतीश मेहरा**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### यदि मालूम होता कि वो पुलिस वाले हैं तो उनकी हत्या न होती–कुसुमा देवी

चंडीगढ़। यदि मामूल होता कि वो पुलिस वाले है तो उनकी हत्या न हुई होती। यह बबयान कुसुमा देवी के है जिसके साथ पिछले दिनों सेक्टर 41 की एक नर्सरी में केंद्रीय सुरक्षा बल के दो जवानों द्वारा जोर जबरदस्ती किये जाने का प्रयास किया गया था। जिस पर उत्तेजित हो उसके पति रामपाल ने जोकि नर्सरी का माली है, मिट्टी खोदने वाले संबल से उनकी हत्या कर दी थी। भूतपूर्व मंत्री श्री हरमोहन धवन के निवास स्थल पर आज पत्रकारों को दिये अपने बयान में कुसुमा देवी ने बताया कि हादसे की रात वह अपने पति के साथ झुग्गी के बाहर चारपाई पर मच्छरदानी ताने सो रही थी कि दो व्यक्ति वहां आए। रात के समय में दो अज्ञात व्यक्तियों को इस प्रकार से आया देख उसका पति रामपाल समझा, शायद वह खाड़कू है। अतः उसने उनसे पूछ लिया कि आप लोग क्या चाहते हो। इस पर उन दोनों व्यक्तियों ने कहा कि हम तुम्हारी औरत की अस्मत लूटना चाहते है। उनमें से एक व्यक्ति उसके पति को एक तरफ ले गया तथा दूसरा उसके (कुसुमा देवी) साथ बिस्तर पर लेट गया। इस दृश्य को देख उसका पति उत्तेजना से भर उठा तो उसने वहां पड़ा संबल उठाकर पास खड़े व्यक्ति के सिर पर दे मारा। इसी प्रकार दूसरे व्यक्ति पर भी उसके पति ने संबल का प्रहार किया। कुसुमा देवी ने रहस्योद्घाटन किया कि पुलिस ने उसके पति के साथ उसे भी सात दिन तक हवालात में रखा तथा उसे अमानवीय ढंग से यातनाएं दी गई। उसने बताया कि पुलिस ने उससे कई कागजों पर भी 8 दस्तखत करवाए जबकि वह नहीं जानती कि उनमें क्या-क्या लिखा हुआ था क्योंकि वह अनपढ़ है। इसके साथ ही उसने यह भी बताया कि पुलिस ने उसे डराते धमकाते हुए यहां से अपने गांव चले जाने को भी कहा तथा उसे लालच दिया कि 500 रुपए प्रति माह उसे मिलता रहेगा।

### संपदा कर्मचारियों पर धक्केशाही का आरोप

चंडीगढ़। यहां सेक्टर 26 की कैपिटल रेहड़ी वकर्ज एसोसिएशन ने संपदा विभाग के कर्मियों पर आरोप लगाया है कि यहां की रेहड़ियों-फड़ियों से वह जो सामान पांच दिन पहले उठा ले गए थे, उन्हें वापिस नहीं किया जा रहा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के मुताबिक सामान की प्राप्ति के लिए जब यह लोग संबंधित विभाग में जाते है तो वहां कभी अधिकारी ही नहीं मिलता और कभी यह कह कर टाल दिया जाता है कि अगले दिन आना। इन रेहड़ी-फड़ी के लाइसेंस होने के बावजूद उनका सामान जब्त किया गया जोकि सरासर धक्केशाही है। उन्होंने सामान तुरन्त लौटाए जाने की मांग की है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1735 गणितीय गणना यह बताती है कि 1979 से पहले आखिरकार प्लूटो सूर्य से आठवां सबसे दूर के ग्रह के लिए नौवें स्थान पर चले गया।

1750 नोवा के हैलिफ़ैक्स स्कॉशिया लगभग पूरी तरह से आग से नष्ट हो गया।

1776 प्रसिद्ध 'जेम्स कुक' ने आज अपनी तीसरी समुद्री यात्रा शुरू की थी।

1781 थॉमस हचिन्स ने अमेरिका के भूगोल को नामित किया।

1804 अलेक्जेंडर हैमिल्टन को हारून बोर के साथ एक द्वंद्वयुद्ध के दौरान गोली मार दी गई और अगले दिन उसकी मृत्यु हो गई।

1848 लंदन वाटरलू स्टेशन, ब्रिटेन का सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन बाईपासेंजर उपयोग, लंदन और दक्षिण पश्चिम रेलवे द्वारा खोला गया था।

1864 जुबल अर्ली बिगैन के तहत अमेरिकी सिविल वॉर-कॉफेडरेट बलों ने वाशिंगटन, डी.सी. पर कब्जा करने का असफल प्रयास किया।

1882 एंग्लो-मिस्र के युद्ध-ब्रिटिश नौसैनिक बलों ने उरबी बलों के खिलाफ अलेक्जेंड्रिया की स्थापना शुरू की।

1914 यूएसएस नेवादा, यूनाइटेड स्टेट्स नेवी का पहला 'सुपर-ड्रेडनॉट' लॉन्च किया गया था।

1919 नीदरलैंड ने आठ घंटे का दिन और निःशुल्क रविवार श्रमिकों के लिए कानून बनाया।

1921 मंगोलिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।

1921 संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति विलियम हॉवर्ड टैफ्ट को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था, जिससे उन्हें दोनों पदों पर कब्जा करने का एकमात्र अवसर मिल गया।

1922 हॉलीवुड की स्थापना हुई। हॉलीवुड संयुक्त राज्य अमरीका के फ़िल्मि उद्योग का नाम है।

1940 फ्रांसीसी विश्व युद्ध I के नायक फिलिप पेइट विची राज्य के प्रमुख बने।

1943 अमेरिकी ने न्यू जॉर्जिया से एनोगाई की लड़ाई पर जीत हासिल की।

1957 इस्लामी धार्मिक नेता और मुस्लिम लीग के संस्थापक सदस्य आगा खां का निधन हुआ।

1957 राजकुमार करीम अल-हुसैनी ने सुल्तान महोम्द शाह अस्तेय खान को शिया इस्माइली मुसलमानों का 49 वां इमाम बनने में कामयाबी हासिल की।

1960 किल टू मॉकिंगबर्ड, हार्पर ली का एक उपन्यास, जिसमें थीमोफ़ नस्लीय अन्याय की विशेषता थी और पहली बार अमेरिकनडिप साउथ में मासूमियत का विनाश हुआ था।

11977 मार्टिन लूथर किंग जूनियर को मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया।

11981 राइटर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका ने अपना 13 सप्ताह की हड़ताल समाप्त कर की।

1986 न्यूजीलैंड की संसद ने समलैंगिक कानून सुधार को पारित कर दिया, जो कि समलैंगिक यौन संबंध को वैध बनाता है।

1987 दुनिया की आबादी ने पांच अरब का आंकड़ा पर कर लिया। संयुक्त राष्ट्र ने 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।

## बोल ब्यूटीफुल



**ऋचा अनिरुद्धः** क्या राज ठाकरे लोगों को बताएंगे कि किसको क्या करना चाहिए? किस भाषा में बोलना चाहिए? महाराष्ट्र की जनता ने पहले भी इनका हिसाब किया है और आगे भी करेगी। ठाकरे बंधुओं को भाषा के नाम पर नफरत फैलाने से बाज आना चाहिए।

**वेद प्रकाशः** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडु का यह कहना तत्यात्मक रूप से सही है कि किसी भी भारतीय राज्य की सीमा चीन से नहीं लगती। हम केवल तिब्बत से सीमाएं साझा करते है, जिस पर चीन ने बलात कब्जा कर लिया।

**श्रेया ढौढियालः** गुजरात में एक पुल गिरने से कई लोगों की मौत हो गई। 40 साल पुराने इस पुल की पिछले साल ही मरम्मत हुई थी, उसके बावजूद यह हादसा हो गया। यह शत प्रतिशत घोर लापरवाही और शून्य जवाबदेही का मामला है।

**अमिताभ अग्निहोत्रीः** जो देश के नागरिक है, वही चुनाव में वोट डाले चुनाव आयोग की इस बात से भी क्या किसी को कोई असहमति हो सकती है।


# 'प्यू'रिसर्च 2025 की रिपोर्ट ने किया खुलासा: भारत में मजबूत है 'लोकतंत्र'

## सोनिया गांधी, अखिलेश यादव और राहुल गांधी जैसे तमाम नेताओं के दावे निकले झूठ



तमाम विपक्ष जो आज तक केंद्र की मोदी सरकार की खूब आलोचना यह कहकर करते हैं कि उनके राज में भारत का 'लोकतंत्र' कमजोर हुआ है। धार्मिक उन्माद बढ़ा है, अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव हो रहा है और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के साथ अत्याचार हो रहा है। लेकिन जब इस संबंध में राजनीतिक नैरेटिव से दूर यदि कोई संस्था देश में एक निष्पक्ष सर्वे करती है, तो वह पाती है कि भारत में लोकतंत्र बहुत मजबूत है, कमजोर यदि कहीं हुआ है तो वे देश हैं, जो खुद को सबसे अधिक समृद्ध मानते हैं।






प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा 2017 से अब तक लगातार किए गए सर्वेक्षणों के अनुसार, 12 उच्च आय वाले देशों में लोकतंत्र के प्रति जनता संतुष्ट नहीं है, इन देशों में जनता के असंतोष का ग्राफ कहीं ऊंचा है। जहां पर 64 प्रतिशत युवा अपने देश की लोकतंत्र प्रणाली में काम करने के तरीके से असंतुष्ट नजर आते हैं। इन देशों में प्रमुखता से कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, इटली, जापान, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के स्प्रिंग 2025 ग्लोबल एटीट्यूड सर्वे में यहां ध्यान देनेवाली बात यह है कि एक ऐसे समय में जब अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाएं लोकतांत्रिक शासन के प्रति बढ़ते सार्वजनिक असंतोष से जूझ रही हैं, वहीं भारत वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक संतुष्टि के उच्चतम स्तरों के साथ उभर कर सामने आया है।

यहां 74 प्रतिशत भारतीयो ने कहा कि वे अपने देश में लोकतंत्र के कामकाज के तरीके से संतुष्ट हैं, जबकि केवल 23 प्रतिशत ने असंतोष व्यक्त किया। इस प्रकार भारत और जर्मनी (61 प्रतिशत), इंडोनेशिया (66 प्रतिशत) और ऑस्ट्रेलिया (61 प्रतिशत) जैसे अन्य लोकतंत्रों से काफी आगे है। भारत में विगत लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भी विपक्ष द्वारा ये नैरेटिव सेट करने का प्रयास हुआ था कि यहां लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जब चुनाव परिणाम आ गए तब भी विपक्ष यह मानने को तैयार नहीं कि केंद्र की मोदी सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी के कल्याण के लिए बराबर से काम कर रही है। लेकिन इस सर्वे के परिणाम में यदि अधिकांश भारतीय मानते हैं कि देश सही दिशा में जा रहा है, तो विपक्ष को यह स्वीकार करने में शायद आपत्ति नहीं होनी चाहिए?

प्यू रिसर्च सेंटर के स्प्रिंग 2025 ग्लोबल एटीट्यूड सर्वे भारत के संदर्भ में इसलिए भी आज महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि जनसंख्या घनत्व के स्तर पर भारत विश्व की सबसे बड़ी अनुमानित जनसँख्या वाले देश चीन को भी पीछे छोड़ दिया गया है।

देखा जाए तो यह उन तमाम लोगों, नेताओं, राजनीतिक पार्टियों के मुंह पर तमाचा जैसा है जो लगातार भारत में लोकतंत्र के कमजोर होने, संविधान की दुहाई देकर और भारतीय संविधान की किताब को हाथों में लहराकर यह जताने की कोशिशों में लगे हुए हैं कि वर्तमान सरकार में लोकतंत्र कमजोर हुआ है।

**–दिनेश दिक्षित**

लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक

# गुरु पूर्णिमा पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया गुरुवंदन कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ चण्डीगढ द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अनेक स्कूलों में गुरुवंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षिक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र ने बताया कि महीने भर स्कूलों में गुरुवन्दन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय करसान में गुरुवन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य राजेंद्र कांत जी (सेवानिवृत्त) और गण मान्य अतिथियों में राम दरबार से आमंत्रित सदस्य भरत, कुन्दन, विक्की शेरा, चन्दन बैरवा जी आदि इस कार्यक्रम में शामिल हुए। दसवीं कक्षा के 60 से अधिक बच्चों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। स्कूल के विशिष्ट शिक्षक गण भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। माननीय मुख्य अतिथि महोदय जो भौतिक विज्ञान के अध्यापक भी रहे हैं उन्होंने विज्ञान को हमारी भारतीय संस्कृति से जोड़कर ऐसे अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किए जिनका आज भी कोई तोड़ नहीं है। गुरु परम्परा के बारे में बताते हुए उन्होंने हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों गुरुओं का महिमा मंडन किया और विद्यार्थियों को बताया कि जितनी खोजों का श्रेय अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देश आज भी ले रहे हैं वह सब हमारे ऋषि मुनियों ने पहले ही खोज ली थी जैसे पाइथागोरस थ्योरम अणु और परमाणु के बारे में ज्ञान , क्लोनिंग , टेस्ट ट्यूब बेबी और ब्रह्मांड के रहस्यों के उदाहरण उन्होंने महाभारत व रामायण के काल से सम्बन्धित ही बताए। महर्षि वेदव्यास के पावन जन्म दिवस पर यह गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। बौद्ध धर्म ,जैन धर्म और अलग-अलग अन्य धर्म और समुदाय जो जिस भी धर्म से संबंध रखते हैं उनके लिए आज के दिवस का क्या महत्व है इसका भी बखूबी वर्णन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई और दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि राजेन्द्र कान्त जी व स्कूल के मुख्याध्यापक डॉ. धर्मेन्द्र शास्त्री जी के द्वारा हुआ। स्कूल के मुख्याध्यापक जी ने आए हुए मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ व शाल देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना के गायन से की गई । मंच का सफल संचालन श्रीमती सुगंधा शर्मा जी के द्वारा हुआ जिन्होंने अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) के ध्येय मन्त्र- राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज को व्याख्या करके समझाया कि कैसे यह संगठन भारतीय संस्कृति से विद्यार्थियों व शिक्षकों को जोड़कर समाज व राष्ट्र को मजबूत करने में लगा हुआ है।

# सरकारी होटलों का निजीकरण : 14 होटलों को लीज पर देगी सरकार

अर्थ प्रकाश/संदीप उपाध्याय

**शिमला, 10 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार ने पर्यटन निगम की 14 होटलों का निजी हाथों में सौंपने का निर्णय लिया है। केबिनेट में निर्णय लेकर होटलों के संचालन और मेंटनेंस का कार्य निजी हाथों में सौंपा जाएगा। सरकार के निर्णय के बाद अब पर्यटन निगम जल्दी ही निजी हाथों में किन शर्तों के साथ सौंपा जाएगा, इसका निर्धारण करेगा। सरकार का मानना है कि पर्यटन निगम की बहुमूल्य प्रापर्टी के रुप में तैयार होटलें घाटे में चल रहीं हैं। जिससे पर्यटन निगम के ऊपर बहुत अधिक आर्थिक बोझ है। प्राइवेट हाथों में



सौंपने से सरकार को इन सभी होटलों से लाखों में आमदनी होने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने घाटे में चल रहे 14 होटल प्राइवेट हाथों में देने के निर्देश जारी किए है। ऑपरेशन और मेंटिनेंस के लिए सरकारी होटल अब प्राइवेट हाथों में दिए जाएंगे। प्रिंसिपल सेक्रेटरी टूरिज्म ने पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) को तीन महीने के भीतर यह काम करने के निर्देश दिए हैं। प्रिंसिपल सेक्रेटरी के इन आदेशों से निगम कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। लंबे समय से इन होटलों को प्राइवेट हाथों में देने की चर्चाएं थी। आखिरकार सरकार ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिए हैं।

ये होटल प्राइवेट हाथों में दिए जाएंगे होटल हिलटॉप स्वारघाट, होटल गिरीगंगा खड़ापत्थर, होटल लेकव्यू बिलासपुर, होटल चांशल रोहड़ू, होटल बघाल दाड़लाघाट टूरिज्म इन राजगढ़, वेसाइड एमिनिटी भराड़ीघाट, होटल सरवती कुल्लू, होटल ममलेश्वर चिंदी, होटल ओल्ड रोज कॉमन कसौली, होटल एपल ब्लासम फागू, काश्मीर हाउस धर्मशाला, होटल शिवालिक परवाणू, होटल उहल जोगेंद्रनगर।

### कैबिनेट ने लिया बंद करने का फैसला

पर्यटन निगम की घाटे में चल रहीं होटलों को निजी हाथों में सौंपने का निर्णय कैबिनेट ने लिया है। पर्यटन निगम के 14 होटल ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट के लिए जो होटल प्राइवेट हाथों में दिए जा रहे हैं, वह काफी समय से घाटे में चल रहे हैं। पर्यटन निगम के इन होटलों को घाटे से उबारने के लिए कई प्रयास भी किए। सरकार के ऑर्डर के मुताबिक करोड़ों रुपए से बने 14 सरकारी होटल प्राइवेट हाथों में दिए जाएंगे। राज्य मंत्रिमंडल की 28 जून की बैठक में इसे बंद करने का फैसला ले लिया गया था।

### पर्यटन निगम की बीओडी में होगा फैसला, तय होंगे नियम व शर्तें

पर्यटन निगम की 14 होटलों को लीज पर देने के सरकार के निर्णय के बाद अब बीओडी की बैठक होगी, जिसमें लीज पर देने के संबंध में अंतिम निर्णय होगा। बीओडी की बैठक में ही लीज पर देने के नियम और शर्ते तैयार होगी। सभी होटलों की प्रापर्टी का मूल्यांकन होगा, उसी आधार पर लीज पर देने के रेट भी तय किए जाएंगे।

### कर्मचारियों का क्या होगा, बीओडी में होगा निर्णय

पर्यटन निगम की जिन होटलों को निजी हाथों में लीज पर देने का निर्णय लिया है, वहां तैनात निगम के कर्मचारियों का क्या होगा, इसका निर्णय भी बीओडी में ही लिया जा सकता है। निगम के 14 होटलों में एक अनुमान के अनुसार 100 के करीब रेगुलर कर्मचारी होंगे और इससे अधिक आउटसोर्स के कर्मचारी कार्यरत होंगे। अनुमान यही है कि रेगुलर कर्मचारियों को निगम के दूसरे होटलों में ट्रांसफर किया जाएगा और आउटसोर्स का क्या होगा, इसका निर्णय आने के बाद ही पता चलेगा।

### कांग्रेस पार्टी पहले करती रही होटलों के निजीकरण का विरोध

पर्यटन निगम की होटलों को लीज पर देने का मुद्दा हिमाचल की सियासत में गरमाता रहा है। पूर्व भाजपा सरकार के समय भी निगम की कुछ होटलों को लीज पर देने की चचाएं होती रहीं। उस समय विपक्ष में बैठे कांग्रेस के नेता सरकारी होटलों को लीज पर देने का विरोध करते रहे। निगम की होटलों को लीज पर देने के मुद्दा सदन से लेकर सड़क तक हिमाचल की सियासत में गरमाता रहा है। अब कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी तो सरकार होटलों को निजीकरण का निर्णय लिया गया है। अब देखना है कि भाजपा इस निर्णय को लेकर क्या रुख अपनाती है।

# मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने के दिए निर्देश

## प्रभावित परिवारों के अस्थायी पुनर्वास के लिए सुरक्षित भूमि चिन्हित करे प्रशासन

नेता प्रतिपक्ष के साथ राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 10 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार देर शाम मंडी ज़िला के थुनाग विश्राम गृह में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर के साथ बैठक कर आपदाग्रस्त सराज क्षेत्र में हुए नुकसान और राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए सड़कों और बाधित जल एवं विद्युत आपूर्ति योजनाओं की बहाली के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर राज्य के लिए एक विशेष राहत पैकेज देने का अनुरोध करेंगे। श्री सुक्खू ने सम्बंधित विभागों को क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों,



बिजली और जल परियोजनाओं के लिए अविलम्ब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत 56 किलोमीटर लंबी चैलचौक-जंजैहली सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य प्रस्तावित किए जाएंगे। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर के साथ समन्वय स्थापित कर अंतर-विभागीय सहयोग के माध्यम से प्रमुख योजनाओं की बहाली के लिए राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भारी तबाही के बावजूद, 60 प्रतिशत पेयजल योजनाओं को अस्थायी रूप से बहाल कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को आवश्यकतानुसार क्षेत्र में बेली पुलों और सस्पेंशन पुलों का निर्माण कर सम्पर्क बहाल करने को कहा जिसके लिए राज्य सरकार पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और जय राम ठाकुर ने इस आपदा में अपनी जमीन गंवाने वाले परिवारों के पुनर्वास को लेकर चर्चा की। जय राम ठाकुर ने कहा कि बादल फटने की घटनाओं से क्षेत्र में भारी तबाही हुई है और मानसून के बाद जल्द ही सर्दियां शुरू होने वाली हैं। ऐसे में जिन लोगों ने सब कुछ खो दिया है, उनके पुनर्वास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने मंडी के उपायुक्त को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों के अस्थायी पुनर्वास के लिए तुरंत सुरक्षित स्थानों की पहचान की जाए, जहां प्री-फैब्रिकेटिड घर बनाकर उन्हें तत्काल आश्रय दिया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को बागवानी से जुड़े किसानों को हुए नुकसान का आकलन करने के भी निर्देश दिए।

पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, कांग्रेस नेता चेत राम, जगदीश रेड्डी, विजय पाल सिंह, एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, जीवन ठाकुर, नरेश चौहान, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा इस अवसर पर उपस्थित थे।

### जननायक की भूमिका में सीएम ने प्रशासन की सलाह के विपरीत थुनाग में आपदा प्रभावितों के बीच बिताई रात



**गोहर (सुभाग सचदेवा)।** विपरीत परिस्थितियों व खराब मौसम के चलते प्रशासन के बार बार मना करने के बावजूद, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को सिराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित लोगों के साथ थुनाग विश्राम गृह में पूरी रात बिताई। यहां पर राहत शिविर स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के दुख-दर्द को साझा करते हुए उनके साथ संवाद किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मौसम विभाग द्वारा क्षेत्र में रात दो बजे के बाद भारी बारिश की चेतावनी के तहत रेड अलर्ट जारी किया गया था, जिसे देखते हुए प्रशासन ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र में न रुकने बारे सलाह दी थी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक अधिकारी उनसे बार-बार थुनाग में न रुकने का आग्रह कर रहे थे, इसके बावजूद जननायक होने का फर्ज मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों के बीच रहकर उन्हें संबल प्रदान करने व उनकी पीड़ा को साझा कर निभाया।

## नादौन से सराज पहुंची आपदा राहत सामग्री, मुख्यमंत्री ने जताया आभार



**मंडी, 10 जुलाई (अप्रस)।** मण्डी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहत कार्यों में जहां प्रशासन जुटा हुआ है, वहीं सामाजिक संस्थाएं और आमजन भी बड़ी संख्या में लोगों को राहत सामग्री प्रदान करने के लिए आगे आ रहे हैं।

इसी क्रम में, हमीरपुर जिला की नादौन विधानसभा के बड़ा जोन से भी राहत सामग्री भेजी गई है। राहत सामग्री आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को थुनाग में औपचारिक रूप से सौंपी गई। राहत सामग्री में 5 बोरी आटा, 11 बोरी चावल, एक क्विंटल चीनी, 60 किलो चने की दाल, 60 किलो माह, 45 लीटर तेल, 50 किलो आलू, 10 बाल्टियां, 10 मग, 90 जोड़ी जूते-चप्पल, 3700 प्लेटें व गिलास, प्रेशर कुक्र, बच्चों के दूध की बोतलें और स्नान व कपड़े धोने का साबुन शामिल है।

एसबीआई के सेवानिवृत्त प्रबंधक सुदर्शन जरियाल, पूर्व उप-प्रधान राजेश कुमार, 20 सूत्रीय कार्यक्रम के सदस्य कुलदीप कुमार, जीत सिंह, निखिल कुमार, अतुल पटियाल और बलवीर सिंह ने मुख्यमंत्री के सराज दौरे के दौरान आज मुख्यमंत्री को यह सामग्री सौंपी।

मुख्यमंत्री ने इस पुण्य कार्य के लिए सभी दानी सज्जनों का आभार जताया और कहा कि यह समाज में संवेदनशीलता और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह राहत सामग्री उपायुक्त मंडी के माध्यम से आपदा प्रभावित परिवारों को वितरित की जाएगी।

## ग्रामीण बैंक शाखा शाहतलाई ने सौंपी दो लाख की बीमा राशि

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई, 10 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाह तलाई द्वारा खाता धारक की मृत्यु के बाद नामित व्यक्ति को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख की बीमा राशि प्रदान की गई! शाखा प्रबंधक अमन वशिष्ठ ने बताया कि बरेली उत्तर प्रदेश के राजू सुपुत्र आशाराम की कुछ समय पहले मृत्यु हो गई थी, जिनका हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाह तलाई मे बचत खाते पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना को संचालित किया जा रहा था! उनके बचत खाते के तहत उनकी मां रेखा पत्नी आशाराम को नामांकित किया हुआ था, राजू की मृत्यु के बाद विकत दिन उनकी इस बीमा राशि को बीमा कंपनी के द्वारा क्लेम को सेटल किया गया, तथा दो



लाख का चेक बैंक प्रबंधक अमन वशिष्ठ द्वारा रेखा पत्नी आशाराम को प्रदान किया गया!

शाखा प्रबंधक अमन वशिष्ठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ग्राहकों की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहता है, और ग्राहकों को एक बेहतर सेवा प्रदान कर रहा है! उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया! इस मौके पर बैंक के अन्य अधिकारी दीपक कुमार, तानिया राणा, अरुण कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों से कहा, मैं आपके साथ, लाएंगे सैटलमेंट पॉलिसी

- सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए सात करोड़ रुपये देने का ऐलान
- दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया
- थुनाग में छात्राओं से कहा, यहां खोलेंगे सीबीएसई स्कूल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 10 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को दूसरे दिन भी मंडी जिला के सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों थुनाग, बगस्याड़, देजी गाँव, बाड़ा और स्यांज गाँव का दौरा किया। देजी गाँव में बादल फटने के कारण 11 लोग लापता हैं, जबकि बाड़ा में दो लोगों की मृत्यु हुई है। स्यांज गाँव में चार व्यक्तियों



की मौत हुई है जबकि पांच व्यक्ति अभी भी लापता हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों के साथ संवेदनाएं व्यक्त कीं।

पखरैर पंचायत घर में आपदा प्रभावितों ने मुख्यमंत्री को बताया कि ऐसी आपदा दो सौ साल में भी नहीं आई। लेकिन इस बार आपदा में कई बादल फटे, बहुत सारा पानी एक साथ आया और लोग बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागे। मुख्यमंत्री ने राजस्व अधिकारियों को सभी तरह के नुकसान का आकलन तुरंत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन घरों में गाद भरी है या बड़े बड़े पत्थर आ गए हैं अथवा जो घर अब रहने के लिए असुरक्षित हैं, उनको पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों की श्रेणी में डाला जाए ताकि प्रभावितों को अधिक से अधिक मुआवजा मिल सके। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि उनके क्षतिग्रस्त सामान और पशुधन का मुआवजा भी सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने राजस्व अधिकारियों को फूलों की खेती करने वाले किसानों और सेब बागवानों को हुए नुकसान का आकलन करने के भी निर्देश दिए। प्रभावितों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा 'मैं आपदा के इस दुःखद् समय में आपके साथ खड़ा हूं और आपको फिर से बसाने के लिए राज्य सरकार कैबिनेट से विचार करने के बाद विशेष राहत पैकेज जारी करेगी। आपदा बड़ी है, पुनर्वास में समय लगेगा लेकिन जितना भी पैसा लगे, राज्य सरकार आपकी पूरी मदद करेगी।''

बाड़ा में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावितों को फिर बसाने के लिए वन टाइम पॉलिसी लाने पर विचार करेगी। राज्य में 68 प्रतिशत भूमि वन भूमि होने के कारण मामला केंद्र सरकार की अनुमति के लिए भेजा जाएगा। थुनाग के वानिकी एवं उद्यानिकी कॉलेज की अस्थाई रूप से कक्षाएं मण्डी जिले के सुन्दरनगर में चलाई जाएंगी ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

श्री सुक्खू ने कहा कि मंडी जिला, विशेष रुप से सराज क्षेत्र में बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों के लिए सात करोड़ रुपए तुरंत प्रभाव से जारी कर दिए हैं। दो करोड़ रुपए पहले ही प्रदान कर दिए हैं और अब लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभागों को दो-दो करोड़ तथा बीडीओ को एक करोड़ रुपए और दिए जाएंगे ताकि बहाली कार्यों में और गति लाई जा सके। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं नुकसान का आकलन करने के लिए आया हूँ और मैंने देखा है कि बागबानों का भी काफी नुकसान हुआ है।

## एसजेवीएन ने डीपीई के सहयोग से सीपीएसई के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों एवं निदेशकों के लिए दो दिवसीय ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 10 जुलाई।** एसजेवीएन सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के सहयोग से धर्मशाला में 'केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों एवं कार्यात्मक निदेशकों की क्षमता निर्माण' पर दो दिवसीय ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता उत्तराखंड एवं तेलंगाना उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राघवेंद्र सिंह चौहान ने अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन्, अनिल खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा और क्रांति कुमार, सहायक निदेशक, सार्वजनिक उद्यम विभाग के साथ की। इस ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में विभिन्न सीपीएसई के 22 अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं कार्यात्मक निदेशक भाग ले रहे हैं।

श्री अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन ने दो



दिवसीय ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में निष्पादन और परिवर्तन को गति देने में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने आज के गतिशील आर्थिक एवं प्रशासनिक परिदृश्य में निरंतर सीखने तथा रणनीतिक सोच के महत्व पर बल दिया। श्री शर्मा ने क्षमता निर्माण के प्रति एसजेवीएन की प्रतिबद्धता और राष्ट्र निर्माण हेतु सीपीएसई के मध्य सहयोग को बढ़ावा देने में क्षमता निर्माण की सक्रिय भूमिका को भी रेखांकित किया।

ओरिएन्टेशन कार्यक्रम के दौरान दो दिनों में सात इंटरैक्टिव सत्र होंगे, जिनमें सीपीएसई के नेतृत्व और प्रचालनात्मक उत्कृष्टता से संबंधित विस्तृत विषयों को शामिल किया जाएगा।

## ग्राहक पंचायत ने किया सीसे स्कूल देलगी में पौधरोपण

### विभिन्न प्रजातियों के लगाए 200 पौधे



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 10 जुलाई।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं ने वीरवार को सोलन के सीनियर सेकंडरी स्कूल देलगी में पौधरोपण किया। इसमें स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान, उपप्रधान व सदस्य के अलावा स्कूल एसएमसी प्रधान एवं स्कूल के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में स्कूल परिसर में 200 पौधे लगाए गए। इसमें अनार, कचनार, आंवला और अमरुद के पौधे शामिल थे। पौधरोपण कार्यक्रम से पहले स्कूल के प्रिंसिपल राजमन सिंह नेगी ने सभीअतिथियों का स्वागत किया। स्कूल एसएमसी अध्यक्ष चेतन शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में ग्राहक पंचायत के प्रदेश सचिव सुरेश कुमार सिंगटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष अनिल वर्मा ने बच्चों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष से वायु और वायु से आयु मिलती है। वृक्ष से हमें छाया, औषधि, लकड़ी, फल, ऑक्सीजन तथा भोजन प्राप्त होता है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपभोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है, जल नहीं तो कल नहीं द्य उन्होंने बच्चों को स्कूल परिसर साफ सुथरा रखने की कसम ली। उन्होंने हर विद्यार्थी को अपने जीवन में कम से कम पांच पौधे लगाने और उनका पोषण करके पूर्ण वृक्ष के रूप में विकसित करने की शपथ दिलाई।

## गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में स्टेम पर विशेषज्ञ कार्यशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 10 जुलाई।** गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोलन में 10 जुलाई, 2025 को सी. बी.एस. ई.सी.ओ. ई. पंचकूला के सहयोग से स्टेम डीएलडी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एसटीईएम साक्षर समाज का निर्माण, वैज्ञानिक दक्षता में वृद्धि एवं 21वीं सदी के कौशलों का विकास था।

कार्यशाला वक्ता रहे में डॉ. अवनीश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, सोलन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, कुमारहट्टी और डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर एवं डेटा साइंसेज़, शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन ने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में शिक्षकों ने यह जाना कि विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अभियांत्रिकी और कंप्यूटर विषयों को एकीकृत (इंटीग्रेट) रूप में कैसे पढ़ाया जाए। यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा जिसमें विशेषज्ञों ने विषयों के आपसी संबंधों को सरल भाषा में समझाया। द्वितीय सत्र में शिक्षकों ने



वैदिक गणित) के विषय में सीखा। यह सत्र अत्यंत रोचक और संवादात्मक (इंटरऐक्टिव) रहा। शिक्षकों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वैदिक गणना की तकनीकों को समझा। सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई, जिससे वातावरण में सीखने का जोश और भी बढ़ गया।

कार्यक्रम के अंत में दोनों विशेषज्ञों से पौधारोपण करवाया गया, जिससे इस दिन को स्मृतियों में चिरस्थायी बनाने का संदेश दिया गया। विद्यालय शिक्षकों और अन्य स्कूलों से आए शिक्षकों ने भी इस पहल में भाग लिया और अपने आस -पास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. लखविंदर कौर अरोड़ा ने अपने उद्बोधन में दोनों विशेषज्ञों का धन्यवाद करते हुए कहा-'हमारा प्रयास रहा है कि हमारे विद्यार्थियों को उत्कृष्ट ज्ञान एवं कौशल प्राप्त हों। यह चर्चा स्त्रञ्श्वरू शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम सीबीएसई-सीओई पंचकूला तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।'

विद्यालय प्रबंधन ने एसटीईएम शिक्षा को सशक्त करने के लिए यह आयोजन कर यह संदेश दिया कि गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल परंपरा के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान एवं नवाचार में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# कांवड़ के भेष में पुलिस: कांवड़ियों की यात्रा में हुड़दंगियों पर रहेगी नजर, 400 पुलिसकर्मी तैनात

शिविरों के पास व अन्य जरुरी मार्गों पर पुलिस करेगी पेट्रोलिंग

सुरक्षा व्यवस्था में क्यूआरटी, राइडर्स, पीसीआर भी तैनात





अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। कल यानी शुक्रवार से हरियाणा में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा में इस बार पुलिस कांवड़ियों का रूप धारण कर हुड़दंगियों पर नजर रखेगी। 23 जुलाई तक होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पंचकूला पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक और ठोस इंतजाम किए हैं। इस दौरान करीब 400 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने सभी एसीपी, थाना प्रभारियों व चौकी इंचार्जों को निर्देशित किया है कि वे यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत रखें और पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें, ताकि यह धार्मिक यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में सम्पन्न हो सके।

यात्रा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यात्रा के दौरान पुलिस टीमों द्वारा शिविरों, लंगरों तथा प्रमुख पड़ाव स्थलों के आस-पास दिन-रात लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई बल (क्यूआरटी) तैनात रहेगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके।

यात्रा मार्ग पर भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर स्वयं थाना प्रभारी निगरानी रखेंगे, वहीं पीसीआर और राइडर पर तैनात पुलिसकर्मी यातायात को सुचारू बनाए रखने का कार्य करेंगे। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हर पीसीआर वाहन में एक-एक महिला पुलिसकर्मी की तैनाती सुनिश्चित की गई है। साथ ही, यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए दंगा विरोधी उपकरणों से लैस पुलिस बल भी तैनात रहेगा। असामाजिक तत्वों पर निगरानी बनाए रखने के लिए पुलिस कांवड़ियों के वेश में भी तैनात रहेगी। स्वास्थ्य व आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी की गई है।

### डीजे-हाई म्यूजिक से करें परहेज

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कांवड़ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने वाहनों पर डीजे या अत्यधिक ध्वनि वाले उपकरणों का उपयोग न करें, ताकि पुलिस द्वारा लागू सुरक्षा निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रा के दौरान कांवड़िये शराब या किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन न करें। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट करने वाले शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। ऐसे मामलों में साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### जुगाड़ वाहनों पर पुलिस की नजर

डीसीपी ने सभी कांवड़ यात्रियों से विशेष अनुरोध किया है कि वे यात्रा के दौरान जुगाड़ वाहनों का उपयोग न करें और न ही सड़क पर अनावश्यक कब्जा करें। ट्रैक्टर-ट्रॉली या अन्य भारी वाहनों के प्रयोग से बचने की सलाह दी गई है, ताकि आमजन की आवाजाही में कोई रुकावट न आए। यात्रियों से यह भी अपील की गई है कि वे बसों, ट्रकों या ट्रैक्टरों की छतों पर यात्रा न करें तथा ओवरलोडिंग से परहेज करें। इसके अतिरिक्त, यात्रा के दौरान एलपीजी सिलेंडरों का प्रयोग करना सख्त मना है।

### कांवड़ियों के लिए हेल्पलाइन नंबर

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने स्पष्ट कहा है कि पंचकूला पुलिस कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण व सुरक्षित रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर किसी को कोई संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी मिलती है, तो वह तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 0172-2582100 या मोबाइल नंबर 7508324900 पर संपर्क करे।

### कांवड़ियों को वाहनों का देना होगा ब्यौरा

इसके साथ ही, सभी कांवड़ियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने वाहन की पूरी जानकारी-जैसे वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, चालक का नाम व संपर्क नंबर, वाहन मालिक की जानकारी, किराए पर लेने वाले समूह के प्रमुख का नाम व नंबर तथा वाहन में यात्रा कर रहे कुल व्यक्तियों की संख्या ङ्क संबंधित थाना में पहले से जमा करवा दें।

# गुरुजन, साधु-संत समाज के पथ प्रदर्शक: संजय टंडन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि गुरुजन, साधु-संत व्यक्ति और समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। देश व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा नेता ने अपनी पत्नी प्रिया टंडन के साथ पुट्टपर्थी में श्री सत्य साई बाबा के चरणों में नतमस्तक होकर प्रार्थना की। श्री सत्य साई का निःस्वार्थ प्रेम और सेवा का उनका शाश्वत संदेश दुनिया भर में लाखों लोगों के मार्ग को आलोकित करता है। समाज के जागरण में धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थानों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा सनातन संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और श्रद्धा से परिपूर्ण पर्व है, जिसे गुरु के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह आध्यात्मिक साधना और आत्मचिंतन का भी अवसर होता है। गुरु पूर्णिमा अत्यंत महत्वपूर्ण उत्सव है। उन्होंने कहा कि संतों और गुरुओं से हमे आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन की सच्ची शिक्षा मिलती है। संत हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है और हमें आध्यात्मिक मार्ग चलते हुए परमपिता परमात्मा को पाने का रास्ता दिखाते हैं। संतों का आशीर्वाद हमें जीवन में आगे बढ़ने और समाज के लिए सकारात्मक योगदान करने में मदद करता है। सच्ची शांति और आनंद प्राप्त करने के लिए हमें अपने जीवन में आत्मिक मूल्यों को अपनाना पड़ेगा।

# विवेकानन्द विद्यालय में मानसून की रिमझिम में साहित्यिक समागम



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका** किताबें केवल बोलती नहीं – वे गाती हैं, जागृत करती हैं, प्रेरित करती हैं। पढ़ने के आनंद और रचनात्मक अभिव्यक्ति का उत्सव मनाने हेतु, सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में पंचकुला आर्ट्स एंड लिटरेचर सर्कल के द्वारा साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस के अंतर्गत शब्दों की शक्ति और रचनात्मक अभिव्यक्ति के उत्सवस्वरूप, एक प्रेरणादायक पठन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल परिसर को कल्पनाओं और विचारों की रंगीन दुनिया में बदलते हुए इस आयोजन ने पढ़ने की शक्ति को जीवंत कर दिया। मानसून की रिमझिम फुहारों के बीच विद्यार्थियों ने प्रकृति की लय का अनुकरण करते हुए अपने पठन से वातावरण को साहित्यिक ऊर्जा से भर दिया। इस कार्यक्रम में विवेकानंद विद्यालय सहित पंचकूला, कालका, पिंजौर और अमरावती के छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों ने प्रभावशाली वाचन प्रस्तुत किए, जिसमें मानसून पोएट्री वाइब्स के अंतर्गत एक काव्यात्मक आकर्षण जोड़ा। साहित्य जगत की महान विभूतियों की उपस्थिति ने इस आयोजन में गहराई और प्रेरणा का संचार किया। पंचकुला आर्ट्स एंड लिटरेचर सर्कल के संस्थापक श्री विवेक अत्रेय पूर्व आईएएस अधिकारी, प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता और लेखक ने बताया कि पठन की उनकी इच्छा ने ही उनकी साहित्यिक यात्रा को आकार दिया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि रचनात्मकता और कल्पनाशीलता अति आवश्यक है, जो हर क्षेत्र को समृद्ध बनाती है, और छात्रों को अपनी कल्पना को जीवित रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# 112 नंबर पर झूठी शिकायत देना पड़ा भारी, नाबालिग को समझाकर छोड़ा: थाना प्रभारी सतनाम सिंह

अर्थ प्रकाश/जे.के. बत्ता



**नयागांव।** नयागांव पुलिस को 112 इमरजेंसी नंबर पर झूठी शिकायत देने वाले एक 17 वर्षीय नाबालिग को थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतनाम सिंह ने कड़ी चेतावनी देकर समझा-बुझाकर छोड़ा। नाबालिग प्रेम पुत्र जितेंद्र, निवासी 1760 दशमेश नगर, नयागांव ने 112 नंबर पर कॉल कर शिकायत की थी कि उसका मोबाइल फोन स्नैच हो गया है। पुलिस ने तुरंत मामले की जांच की, लेकिन जांच में यह स्पष्ट हुआ कि युवक ने अपना मोबाइल खुद ही अपने दोस्त को दिया था। इंस्पेक्टर सतनाम सिंह ने प्रेम को थाने बुलाकर समझाया कि झूठी शिकायत देना एक दंडनीय अपराध है और इससे संसाधनों का दुरुपयोग होता है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 182 के अंतर्गत पुलिस को जानबूझकर झूठी सूचना देने पर छह महीने तक की कैद, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

यदि झूठी शिकायत से किसी निर्दोष की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे तो आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी दर्ज हो सकता है। 112 आपातकालीन सेवा का दुरुपयोग करना भी कानूनन अपराध है, जिस पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

नाबालिगों के मामलों में भी बाल न्यायालय द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

इंस्पेक्टर सतनाम सिंह ने कहा कि ऐसे मामलों में पहले समझाइश दी जाती है, लेकिन अगर दोबारा इस तरह की गलती दोहराई जाती है तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि 112 जैसे आपातकालीन नंबरों का प्रयोग सिर्फ वास्तविक आपात स्थितियों में ही करें।

# अस्पताल में बिखरा पड़ा था मेडिकल वेस्ट, रोगियों और कर्मचारियों के लिए बना खतरा

डीएलएसए की सचिव ने निरीक्षण के बाद अस्पताल की स्वच्छता और सुरक्षा के लिए आधिकारिक पत्र भेजा

रोगी प्रवेश रिकॉर्ड, दवा वितरण लॉग और परामर्श रजिस्टर सहित आधिकारिक रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। डीएलएसए पंचकूला ने सरकारी अस्पताल सेक्टर-6, पंचकूला स्थित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। अपने मासिक विधिक सेवा आउटरीच एवं निगरानी अभियान के अंतर्गत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पंचकूला, अपर्णा भारद्वाज ने नशामुक्ति एवं मानसिक उपचार प्राप्त कर रहे कैदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और स्थितियों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान एक चिंताजनक बात यह रही कि परिसर के गलियारे में खुला पड़ा चिकित्सा अपशिष्ट बिखरा पड़ा था। इससे न केवल रोगियों, बल्कि केंद्र में तैनात कर्मचारियों और आगंतुकों के स्वास्थ्य को भी गंभीर खतरा है। इसे देखते हुए, संबंधित उच्च अधिकारियों को एक आधिकारिक पत्र भेजा गया है, जिसमें उनसे केंद्र की सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने रोगी प्रवेश रिकॉर्ड, दवा वितरण लॉग और परामर्श रजिस्टर सहित आधिकारिक रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उचित दस्तावेज़ीकरण, रोगी गोपनीयता और रिकॉर्ड के समय पर अद्यतनीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यह निरीक्षण हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एचएएलएसए) की कार्य योजना 2025 के तहत एक व्यापक मिशन का हिस्सा है, जिसके तहत डीएलएसए नियमित रूप से हिरासत और चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करता है ताकि नशीली दवाओं की लत से पीड़ित लोगों सहित कमजोर आबादी के लिए अधिकार-आधारित उपचार और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।

### रोगियों को प्रोत्साहित किया

सुश्री भारद्वाज ने नशामुक्ति रोगियों और मनोरोग रोगियों, दोनों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किए। उन्होंने उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया और नालसा (नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीडितों के लिए कानूनी सेवाएँ और नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन) योजना, 2015 के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसका उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन के पीड़ितों को निःशुल्क कानूनी सहायता, पुनर्वास सहायता और जागरूकता प्रदान करना है। उन्होंने रोगियों को पुनर्वास प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और आवश्यकतानुसार कानूनी सहायता का आश्वासन दिया।

### तकनीकी जांच में हुई आरोपी की पहचान

चिकित्सा हस्तक्षेपों पर भी चर्चा की

निरीक्षण के दौरान उपस्थित डॉ. मनोज ने सुश्री भारद्वाज को केंद्र में आमतौर पर इलाज किए जाने वाले व्यसनों, जिनमें शराब, ओपिओइड और कैनाबिनोइड शामिल हैं, के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर ने केंद्र में किए जाने वाले विभिन्न परामर्श और चिकित्सा हस्तक्षेपों पर भी चर्चा की। अपर्णा भारद्वाज ने निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुपालन का आकलन किया। डीएलएसए पंचकूला सभी व्यक्तियों के लिए मानवीय, स्वच्छ और कानूनी रूप से अनुपालन पुनर्वास सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है और मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए सरकारी एजेंसियों और नागरिक समाज संगठनों से समन्वय में काम करने का आह्वान किया।

# कॉलोनी में किराया न जमा होने की समस्या को लेकर पार्षद दिलीप शर्मा ने स्टेट ऑफिसर को सौंपा ज्ञापन



फोटो- अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं वार्ड नंबर 3 से पार्षद श्री दिलीप शर्मा ने आज कॉलोनी में किराया न जमा होने की समस्या को लेकर स्टेट ऑफिसर नवीन कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कॉलोनीवासियों द्वारा उठाई जा रही समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए स्टेट ऑफिसर ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के मौके पर मानव सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील शर्मा, श्री सोमराज एवं सुरेंद्र भी उपस्थित रहे। पार्षद दिलीप शर्मा ने कहा कि वे कॉलोनीवासियों की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों के समक्ष रख रहे हैं और समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का स्कूल कर रहे उल्लंघन, 5 स्कूल बसों के काटे चालान

ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने मिल कर 1 ओवरलोडेड ऑटो, बिना नंबर प्लेट के 2 वाहनों, 4 ऑटो चालकों को रोंग पार्किंग, 2 मोटरसाइकिलों को इंपाउंड तथा 1 ऑटो चालक नाबालिग होने पर चालान किए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। शहर के निजी स्कूल सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का उल्लंघन करते पाए गए हैं। गुरुवार को स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पंचकूला ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत एक विशेष संयुक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान डीसीपी (क्राइम एवं ट्रैफिक) अमित दहिया के स्पष्ट दिशा-निर्देशों पर आधारित था। इस दौरान सूरजपूर यातायात प्रभारी सब इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार, टीएसआई मोहित और परिवहन विभाग की ओर से टीआई रेखा के नेतृत्व में टीम ने मिलकर विभिन्न स्कूलों के बाहर तथा मुख्य सड़कों पर चलने वाले स्कूल वाहनों की गहन जांच की। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बच्चों को लाने-ले जाने वाले सभी वाहन सरकारी मानकों व मोटर वाहन अधिनियम के तहत निर्धारित सुरक्षा मापदंडों का पूर्ण पालन कर रहे हों। जांच के दौरान टीम ने वाहनों में फिटनेस सर्टिफिकेट, वैध परमिट, प्रदुषण प्रमाण पत्र, ड्राइवर का लाइसेंस, महिला अटेंडेंट की उपस्थिति, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर), जीपीएस और सीसीटीवी जैसी अनिवार्य निगरानी सुविधाओं की जांच की। इसके साथ ही निर्धारित सीटों से अधिक बच्चों को ढोने या वाहन की ओवरलोडिंग पर विशेष ध्यान दिया गया। जांच के दौरान कुछ वाहन पूरी तरह नियमों के अनुरूप पाए गए, जबकि कई वाहन सुरक्षा मानकों की अवहेलना करते हुए पाए गए, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

**संयुक्त टीम की इन पर भी हुई कार्रवाई:** इस कार्रवाई के अंतर्गत जांच के दौरान पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 ओवरलोडेड ऑटो को चालान किया, बिना नंबर प्लेट के 2 वाहनों पर चालान किया गया, 5 स्कूल बसों को विभिन्न नियम उल्लंघनों के चलते चालान किए, जबकि 4 ऑटो चालकों को रोंग पार्किंग के चालान किए । इसके अतिरिक्त 2 मोटरसाइकिलों को जब्त (इंपाउंड) किया गया तथा 1 ऑटो चालक नाबालिग (अंडरएज) पाया गया उसका भी मौके पर ही चालान किया है।

### अभियान रहेगा जारी

इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग ने अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन और वाहन चालकों से अपील की कि वे केवल ऐसे वाहनों का चयन करें जो पूरी तरह से नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करते हों, ताकि बच्चों की जान को किसी प्रकार का खतरा न हो। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह के अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गढ़वाल सभा चुनाव 2025-28: बुरांश ग्रुप की बैठक में एकजुटता का आह्वान



अर्थ प्रकाश/जे.के. बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** गढ़वाल सभा (रजि.) नयागांव के आगामी चुनाव (2025-28) को लेकर बुरांश ग्रुप की एक अहम बैठक आदर्श नगर स्थित बीएसएनएल टावर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में नयागांव के गढ़वाली समुदाय के सदस्यों एवं मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक की शुरुआत महासचिव पद के उम्मीदवार हेमेंद्र नौडियाल के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियाँ गिनाई और बुरांश ग्रुप के सभी 12 प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। समूह संयोजक व पूर्व प्रधान मुरारी लाल भट्ट ने स्पष्ट किया कि यह चुनाव परिस्थितिजन्य है और बुरांश ग्रुप मजबूती से चुनाव लड़ेगा। उन्होंने महिला भागीदारी और युवाओं को जोड़ने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। सभा के कार्यवाहक प्रधान राकेश मैठानी और चंडीगढ़ गढ़वाल सभा के संगठन सचिव करण असवाल ने भी बुरांश टीम को समर्थन देने की अपील की। वरिष्ठ उप प्रधान पद के दावेदार कमल सिंह पवार और प्रधान पद के प्रत्याशी ज्योति प्रसाद भट्ट ने सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया। अंत में, श्री श्याम गोपाल महाराज जी ने टीम को आशीर्वाद देते हुए विजय की शुभकामनाएँ दीं।

# विश्वास फाउंडेशन ने पंचकूला में श्रद्धा व उल्लास से मनाई गुरु पूर्णिमा



फोटो-अजय चौधरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** विश्वास फाउंडेशन द्वारा गुरुपूर्णिमा का पावन उत्सव सेक्टर-9 स्थित विश्वास मेडिटेशन सेंटर में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से संपन्न हुआ, जिसमें ध्यान, सत्संग, भजन और आध्यात्मिक संदेशों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित भावपूर्ण वातावरण बना। कार्यक्रम की शुरुआत देवियों और संगत द्वारा मधुर भजनों से हुई। इसके पश्चात गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी की गुरुपूर्णिमा पर आधारित लगभग पौने दो घंटे की प्रेरणादायक रिकॉर्डेड वीडियो प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर समस्त श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद 'गुरु मेरी पूजा, गुरु गोबिंद, गुरु मेरा पार ब्रह्म, गुरु भगवंत' जैसे भजन के साथ आरती का आयोजन किया गया। सैकड़ों साधक एवं साध्वियां त्राइसिटी और आस-पास के क्षेत्रों से इस आध्यात्मिक पर्व में भाग लेने के लिए पहुँचे। गुरुपूर्णिमा पर प्रसारित वीडियो में गुरुदेव श्री जी ने सद्गुरु और शिष्य के बीच के पावन रिश्ते को रेखांकित करते हुए कहा सद्गुरु-शिष्य के बीच प्रेम का गणित उल्टा होता है, जहाँ एक और एक मिलकर दो नहीं होते, दो मिलकर एक हो जाते हैं। यही मिलन ही गुरुपूर्णिमा का सार है ङ्क जब शिष्य पूरी तरह सद्गुरु में समर्पित होकर विराट में उतरने लगता है। गुरुदेव ने विश्वास मेडिटेशन की गहराइयों में उतरते हुए बताया कि जीवन में जब भी सद्गुरु मिल जाएँ, तो प्राण उनसे जोड़ लेने चाहिए।

# बिहार से फर्जी डिग्री लेने के मामले में पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाने वाले को किया गिरफ्तार

पानीपत में फर्जी डिग्री पर मरीजों का यूनानी पद्धति से दो डॉक्टर करते थे इलाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। भारतीय चिकित्सा परिषद, सेक्टर-3 पंचकूला की शिकायत पर पानीपत में बिहार से आयुर्वेद की फर्जी डिग्री लाकर क्लीनिक चला रहे दो डॉक्टरों के तीसरे साथी को भी पंचकूला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पंचकूला पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से आयुर्वेदिक क्लिनिक संचालित करने के मामले में कार्रवाई करते हुए गत 5 जुलाई को पानीपत निवासी डॉ. कृष्ण कुमार व डॉ. वीरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया था, जो समालखा (जिला पानीपत) में एक आयुर्वेदिक क्लिनिक चला रहे थे। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने बिहार राज्य से प्राप्त फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर हरियाणा में क्लिनिक चला रखा था, जबकि हरियाणा सरकार के नियमों के अनुसार ऐसे प्रमाणपत्र यहां मान्य नहीं हैं। दोनों आरोपियों को 6 जुलाई को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। फर्जी दस्तावेज बनाने वाले व्यक्ति तक पहुंची पुलिस डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में कार्य कर रही पुलिस टीम ने इस मामले में अब तक कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में आगे बढ़ाया है। पुलिस चौकी सेक्टर-21 के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीदार सिंह व जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर राज कुमार ने अपनी टीम के साथ जांच करते हुए 9 जुलाई को इस मामले में एक और आरोपी चन्द्र भूषण चौधरी (पुत्र राम पुनित चौधरी, निवासी जिला अंबाला) को गिरफ्तार कर आज न्यायिक हिरासत भेज दिया है। आरोपी पर फर्जी दस्तावेज तैयार करने का आरोप है।

**यह था मामला:** भारतीय चिकित्सा परिषद, सेक्टर-3 पंचकूला द्वारा वर्ष 2022 में शिकायत की थी कि हरियाणा में कुछ लोगों द्वारा बाहरी राज्यों से बनाई गई डिग्री की जांच की जाए। विभाग को संदेह था कि कुछ हिस्सों में लोग आयुर्वेद क्लिनिक खोल कर फर्जी डिग्री के जरिए लोगों का इलाज कर रहे हैं। जिसमें आरोप था कि कुछ लोग फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर पानीपत में आयुर्वेदिक क्लिनिक चला रहे हैं। पुलिस ने इसी मामले की छानबीन करते हुए पानीपत में दबिश दी और दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने परिषद की शिकायत के आधार पर इस पर आईपीसी की धारा 420, 467, 471, 120बी तथा पंजाबी आयुर्वेदिक यूनानी प्रैक्टिशनर एक्ट 1963 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# गुरु समाज के पथ प्रदर्शक : मोहन लाल बड़ौली

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने गुप्तिसागर जी मुनिराज को नमन कर लिया आशीर्वाद
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने प्रदेशवासियों को दी गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं




अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न मंदिरों व धार्मिक स्थलों पर जाकर साधु संतों के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया तथा उनका सम्मान किया। इसी कड़ी में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोनीपत में महायोगी उपाध्याय श्री 108 गुप्तिसागर जी मुनिराज के 48वें वर्षायोग कायक्रम में पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोनीपत भाजपा कार्यालय पहुंचकर नव नियुक्त पदाधिकारियों से मिले। इस मौके पर उन्होंने संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प के साथ सभी को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए हैं, ताकि सनातन संस्कृति और गुरु-शिष्य परंपरा को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि समाज के जागरण में धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थानों की अहम भूमिका है। श्री बड़ौली ने कहा कि गुरुजन, साधु-संत व्यक्ति और समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। देश व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने साधु संतों का अभिनंदन वंदन करते हुए आभार जताकर आशीर्वाद लिया है।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के नॉनस्टॉप विकास की गाथा में भाजपा का हर कार्यकर्ता एक मजबूत कड़ी की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार देश और प्रदेश को सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। श्री बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार अंत्योदय की भावना से प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है और सभी वर्गों को इस का लाभ पहुंच रहा है। पीएम मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास और देश व प्रदेश के गौरव के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

श्री बड़ौली ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा बड़ी पार्टी बनी है। हमें संगठन को अभी और मजबूत बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर पर संगठन का सशक्त रखना है। साथ ही मोदी और नायब सरकार के कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक लेकर जाना है।

## बोली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की सभी दुकान की बोली दिनांक 14.7.2025 प्रातः 10:30 बजे BD&PO कार्यालय कुंजपुरा में की जाएगी दुकान नं. 8 की बोली कोर्ट में केस होने के कारण नहीं की जाएगी।

सुमन (सरपंच)
ग्राम पंचायत कुंजपुरा, करनाल

AP-2515

# सोनीपत पुलिस ने लूट की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ की जाएगी कानूनी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। सोनीपत जिले के थाना एचएसआईआईडीसी बड़ी की पुलिस टीम ने लूट की झूठी सूचना देने वाले आरोपी को काबू किया है। आरोपी भीम पुत्र सीताराम निवासी गांव घसौली जिला सोनीपत का रहने वाला है।

इस प्रकरण की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बतलाया की दिनांक 9 जुलाई 2025 को भीम पुत्र सीताराम ने थाना एचएसआई आईडीसी बड़ी में शिकायत दी कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है दिनांक 8- 9 जुलाई की रात को समय तकरीबन 12:30 बजे वह अपने खेत में ट्यूबवेल चलकर वापस मोटरसाइकिल पर अपने घर आ रहा था तो रास्ते में तीन नौजवान लड़कों ने उसे रुकवा कर कहा कि बाइक से नीचे उतर जा वरना गोली मार देंगे और उसकी बाइक छीनकर रामनगर की तरफ भाग गए। इस घटना की भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत थाना बड़ी में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना बड़ी की अनुसंधान टीम ने आरोपी के बार-बार संदेहजनक बयान देने पर सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी भीम सिंह ने बताया की उसने झूठ बोला था। और पुलिस को गुमराह करने के लिए ही झुठी शिकायत दी थी।

## सार्वजनिक सूचना
**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष**

विषयः आबंटी श्री रमन नय्यर की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान नं० 29, सैक्टर- 2, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के आबंटी श्री रमन नय्यर की 04-03-2024 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.वीना नय्यर (मृतक पत्नी) 2.श्रुति नय्यर (पुत्री) 3.शिवानी नय्यर (पुत्री) 4.अभिनव नय्यर (पुत्र)।

अभिनव नय्यर पुत्र स्व. रमन नय्यर निवासी #29, सैक्टर - 2, पंचकूला ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुनः अलाटमैंट अभिनव नय्यर के नाम में करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुनः अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

श्रुति नय्यर, शिवानी नय्यर, अभिनव नय्यर
कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से

AP-2520

# प्रजापति समाज मेहनतकश, समाज की तरक्की शिक्षा से ही संभव : देवेन्द्र कादियान




- गुरु पूर्णिमा पर प्रजापति समाज ने मनाई गुरु दक्ष जयंती
- प्रदेशाध्यक्ष बडौली ने 13 जुलाई को भिवानी में राज्यस्तरीय समारोह के लिए दिया न्योता
- गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में 45 मेधावियों को मिला सम्मान

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गन्नौर मंडी स्थित दक्ष प्रजापति धर्मशाला में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। दोनों अतिथियों का समाज के लोगों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।समारोह से पहले हवन यज्ञ हुआ। लोगों ने आहुति दी। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले 45 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बच्चों को प्रशंसा पत्र और बैग देकर सम्मानित किया। बच्चों को सम्मानित होते देख अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मशाला प्रधान रणबीर सिंह ने की।समारोह में मुख्यातिथि ने कहा कि प्रजापति समाज मेहनतकश है। समाज की तरक्की शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने लड़कों के साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी जोर दिया। युवाओं से नशे से दूर रहने और अच्छी शिक्षा लेकर समाज का नाम रोशन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर नौकरियां दे रही है।बड़ौली ने बताया कि गुरु दक्ष प्रजापति जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह 13 जुलाई को भिवानी में होगा।

उन्होंने सभी समाज के लोगों से समारोह में शामिल होने की अपील की। कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महापुरुषों की जयंती को सरकारी कार्यक्रम के रूप में मना रही है। इन आयोजनों से महापुरुषों की जीवनी जन-जन तक पहुंच रही है।विधायक देवेंद्र कादियान ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रजापति समाज की हर मांग को पूरा कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में 29वां विशाल भंडारा हुआ। समाज के लोगों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मदन ठेकेदार, सतबीर प्रजापति, सत्यवान प्रजापति, बिजेंद्र पांची, रामगोपाल, पूर्व सरपंच रामसिंह, मास्टर ओमप्रकाश, प्रेम ठेकेदार, सुभाष और राजेश कुमार मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ने 3 सफाई कर्मियों की नियुक्ति निम्नलिखित विवरण अनुसार करनी है। 1. आवेदन का स्थान बीडी एंड पीओ कार्यालय कुंजपुरा व सरपंच ग्राम पंचायत कुंजपुरा। 2. आवेदन की स्थिति 10.7.2025 से 17.7.2025.3. साक्षात्कार की तिथि व स्थान 21.7.2025 बीडी एंड पीओ कार्यालय कुंजपुरा सफाई कर्मियों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए जो उक्त पद के लिए आवेदक है और सफाई का कार्य अच्छी तरह से कर सके।

सुमन (सरपंच), ग्राम पंचायत, कुंजपुरा (करनाल)

AP-2515

## सार्वजनिक सूचना

इस नोटिस के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद के गृहकर रिकार्ड में प्रोप्टी नं. 3ELNTR24 (MCF-B15-0031) मेरी माता श्रीमती आशा रानी के नाम दर्ज है मेरी माता का देहांत दिनांक 5-7-2023 को हो गया है अब हम उनके (1) अमीर चंद (पति) (2) आशु कुमार (पुत्र) (3) प्रियंका रानी (पुत्री) (4) संध्या (पुत्री) आशा रानी वासी अशोक नगर फतेहाबाद कानून वारीसान है इनके अलावा और कोई वारिस ना है अगर इस से संबंधित किसी आमजन को कोई एतराज है तो वह अपना एतराज नगरपरिषद कार्यालय में इस नोटिस प्राप्ति के 30 दिन के अंदर - अंदर दर्ज करवा सकता है।

प्राथी का नाम आशु कुमार
प्राथी का पता अशोक नगर फतेहाबाद

AP-2508

## सार्वजनिक सूचना

विषयः फ्लैट नंबर-705, सातवीं मंज़िल, टाईप-ए, जीएचएस-2, HBC, सैक्टर-31, हरियाणा का श्रीमती नैन्सी पत्नी श्री कपिल निवासी फ्लैट नंबर-708, जीएच-2, HBC, सैक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा के नाम पर सामान्य हस्तांतरण के आधार पर श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री रामा नन्द निवासी गांव-नोसवा चिरया, भिवानी, हरियाणा में रहने वाले निर्वसीयत संपत्ति के रूप में हस्तांतरण।

सामान्य जनता एंव सभी संबद्ध व्यक्तियों की जानकारी के लिये अधिसूचित किया जाता है कि संपत्ति संख्या फ्लैट नंबर-705, सातवीं मंज़िल, टाईप-ए, जीएचएस-2, HBC, सैक्टर-31, हरियाणा जो कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री रामा नन्द निवासी गांव-नोसवा चिरया, भिवानी, हरियाणा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक द्वारा यह बताया गया है कि श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री रामा नन्द निवासी गांव-नोसवा चिरया, भिवानी, हरियाणा इस संपत्ति के मालिक है। श्रीमती नैन्सी पत्नी श्री कपिल निवासी फ्लैट नंबर-708, जीएच-2, HBC, सैक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा के आधार पर सामान्य हस्तांतरण की नीति के अंतर्गत 30.06.2025 को अपने नाम में हस्तांतरित करने के लिये दावा/आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति को श्रीमती नैन्सी पत्नी श्री कपिल निवासी फ्लैट नंबर-708, जीएच-2, HBC, सैक्टर-31, पंचकूला, हरियाणा के पक्ष में हस्तांतरण सम्बन्धी कोई एतराज है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को आवेदक के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

सम्पदा प्रबंधक
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

AP-2520

## सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष**



विषयः- स्वर्गीय श्री सुदर्शन लाल कपूर की अपंजीकृत वसीयत के आधार पर आवासीय साइट संख्या 1441, सेक्टर 42-बी, चंडीगढ़ (एम3 1441/42) के संबंध में 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री सुदर्शन लाल कपूर आवासीय साइट संख्या 1441, सेक्टर 42-बी, चंडीगढ़ के 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक हैं।

विनीत राज कपूर द्वारा सूचित किया गया है कि श्री सुदर्शन लाल कपूर का निधन 18.07.2023 को हो गया और उन्होंने मृतक मालिक के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) विनीत राज कपूर-पुत्र, (2) जॉली ग्रोवर-पुत्री, (3) संतोष कपूर-पत्नी।

अब, विनीत राज कपूर ने दिनांक 12.12.2022 की अपंजीकृत वसीयत के आधार पर, स्वर्गीय श्री सुदर्शन लाल कपूर द्वारा अपने पक्ष में धारित 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 1441, सेक्टर 42-बी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/ सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए

AP-2506

## संपदा कार्यालय, यू.टी., चंडीगढ़
### सार्वजनिक सूचना

**श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष**



विषयः- स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश की पंजीकृत वसीयत के आधार पर आवासीय स्थल संख्या 3516, सेक्टर 35-डी, चंडीगढ़ (आरपीडी 13669) के संबंध में 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री वेद प्रकाश आवासीय स्थल संख्या 3516, सेक्टर 35-डी, चंडीगढ़ के 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक/पट्टेदार हैं।

चंद्र मोहन द्वारा सूचित किया गया है कि श्री वेद प्रकाश का निधन 10/06/2021 को हो गया है और उन्होंने मृतक मालिक/पट्टेदार के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| क्र.सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|
| 1. | आशा प्रकाश | पत्नी (मृत) |
| 2. | रमन वर्मा | पुत्री |
| 3. | चंद्र मोहन | पुत्र |
| 4. | मीनाक्षी मलिक | पुत्री |

अब, चंद्र मोहन ने दिनांक 12/04/2019 की पंजीकृत वसीयत के आधार पर, स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश द्वारा अपने पक्ष में धारित 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 3516, सेक्टर 35-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए

AP-2507

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS | आज ही बुक करें | PH. : 0172-2638515, 98883-03520 | Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** मीना देवी पत्नी राजीव सिंह निवासी गांव कैलरम जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम मीना देवी से बदलकर मीना रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** कश्मीर यादव पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी गांव फर्श माजरा तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम कश्मीर यादव से बदलकर कश्मीर सिंह रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-2501

**मैं,** शारदा पत्नी Army No. 13758325L Rank L Hav स्वर्गीय संत राम निवासी गांव गवाही डाकघर कुफर कायरा तहसील नोहराधार जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश बयान करती हूं कि मेरी पति के आर्मी रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम Versha Thakur गलत दर्ज है। मेरी बेटी का सही नाम Varsha Thakur है। मैं अपने पति के आर्मी रिकॉर्ड में अपनी बेटी का नाम Versha Thakur से बदलकर Varsha Thakur (वर्षा ठाकुर) करवाना चाहती हूँ। सभी नोट करें।
एपी-2502

I Prabhjot Kaur Bhatia W/O S.Gurjeet Singh R/O 1142 Progressive Society Sector 50 B Chandigarh have changed my name from Prabhjot Kaur Bhatia to Prabhjot Kaur.

I Gurjeet Singh Bhatia s/o S.Amar Singh R/O 1142 Progressive Society sector 50 B Chandigarh have changed my name from Gurjeet Singh Bhatia to Gurjeet Singh.
एपी-2503

**मैं,** सोनू सिंह पुत्र श्री बलबीर निवासी गाँव बीर घग्गर, चंडीमंदिर, जिला पंचकूला हरियाणा ने अपना नाम सोनू सिंह से बदलकर सोनू रख लिया है।

**मैं,** Amit Kumar पुत्र Raj Kumar Gupta निवासी #94, हरमिलाप नगर, फेज-1, Baltana मोहाली पंजाब 140603, ने अपना नाम बदलकर Amit Gupta रख लिया है।

**मैं,** Deepanshu पुत्र Amit Gupta निवासी #94, हरमिलाप नगर, फेज-1, Baltana मोहाली पंजाब 140603, ने अपना नाम बदलकर Deepanshu Gupta रख लिया है।
एपी-2504

**मैं,** किरण पत्नी श्री संजीव मित्तल एवं पुत्री श्री राज कुमार जिंदल, निवासी मकान नं. 934 पी, सेक्टर 17, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम किरण से बदलकर किरण जिंदल कर लिया है।

**मैं,** राजीव कुमार पुत्र श्री राजिंदर कुमार शर्मा, निवासी फ्लैट नंबर 315, जीएच-99, सेक्टर-20, पंचकूला, ने अपना नाम राजीव कुमार से बदलकर राजीव कुमार शर्मा रख लिया है।

**मैं,** विजेता पत्नी हरदीप सिंह, निवासी फ्लैट नंबर 203, टावर नंबर 10 बी, सनसिटी परिक्रमा, सेक्टर 20 पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम विजेता से बदलकर विजेता रानी रख लिया है।

**मैं,** हरदीप सिंह पुत्र श्री बीर सिंह, निवासी फ्लैट संख्या 203, टावर संख्या 10 बी, सनसिटी परिक्रमा, सेक्टर-20, पंचकूला हरियाणा ने अपना नाम हरदीप सिंह से बदलकर हरदीप निम्बड़ रख लिया है।
एपी-2505

**मैं,** किरण कुमार पुत्र लख राज निवासी मकान नंबर 511सी, स्मॉल फ्लैट्स धनास चंडीगढ़ ने अपना नाम किरण कुमार से बदलकर किशन कुमार रख लिया है।

**मैं,** वजिंदर कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी # 2030, सैक्टर 24-C चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर वजिंदर कुमार वर्मा रख लिया है।

**मैं,** राजेश वर्मा पुत्र ओम प्रकाश वर्मा निवासी # 2030, सैक्टर 24-C चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर राजेश कुमार रख लिया है।
एपी-2506

**मैं,** अनिल कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी VPO Teur, तहसील खरड़, जिला एसएएस नगर, मोहाली ने अपना नाम अनिल राणा से बदलकर अनिल कुमार रख लिया है।

**मैं,** यशिता सिंह पुत्री विनीत सिंह, मकान नंबर 1493-ए, सेक्टर 29-बी, चंडीगढ़, ने अपना नाम Yashita Singh से बदलकर Yasshita S. Chaudhary रख लिया है।
एपी-2517

**मैं,** राजिंदर कुमार पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 1068-ए, सैक्टर- 20 /बी चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग बेटे का नाम कार्तिक से बदलकर कार्तिक ठाकुर रख लिया है। संबंधित नोट करें

**मैं,** युवराज पुत्र राजिंदर कुमार निवासी 1068-ए, सैक्टर -20/बी चंडीगढ़ ने अपना नाम युवराज से बदलकर युवराज ठाकुर रख लिया है। संबंधित नोट करें।
एपी-2510

**मैं,** रविंद्र कुमार (आ0 नं0 4573 3563 1185) पुत्र सुभाष निवासी गांव निर्जन तहसील व जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे पुत्र नितिन कुमार की दसवीं की मार्कशीट में जन्मतिथि 11.05.2009 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र के अन्य सभी दस्तावेजो में जन्मतिथि 09.05.2009 सही व दुरुस्त है।
एपी-2511

**मैं,** मोहन डेका सैन्य संख्या- 18008307P रैंक- नायक नाम- जोनमोनी डेका का पिता हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गाँव बरझार, भुया खाट, उदलगुरी, असम, 784528 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम मोहन डेका से बदलकर महेन डेका कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 02/08/1965 से 11/02/1964 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901953, दिनांक- 10/07/2025

**मैं,** बानालता सहरियाह सैन्य संख्या- 18008307P रैंक- नायक नाम- जोनमोनी डेका की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 APO में तैनात है स्थायी पता- गाँव बरझार, भुया खाट, उदलगुरी, असम, 784528 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बानालता सहरियाह से बदलकर बना लता सहरियाह डेका कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901954, दिनांक- 10/07/2025

I, PRASAD is Father of Army No: 16123541L Rank: Spr Name- Prasanth P Presently Residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from PRASAD to PRASAD S and Also Correct my Date of birth from 01/06/1961 to 01/06/1956

**मैं,** बंसरोपण पांडेय सैन्य संख्या- 14846042H रैंक- हवलदार/एसएचटी नाम- पांडेय प्रेमकुमार का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 5254 कंपनी सहायक (संयुक्त) में तैनात है स्थायी पता- पोस्ट गडचंदूर, वार्ड नंबर- 1, कोरपना, मानिकगढ़ सीमेंट कॉलोनी, ई 3/3, गडचंदूर, चंद्रपुर, महाराष्ट्र - 442908 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1959 से 05/02/1957 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901952, दिनांक- 10/07/2025
एपी-2512

**मैं,** Pooja पत्नी Bhagwan Dass Kashyap निवासी मकान नंबर 466, Mauli Jagran, चंडीगढ़ ने अपना नाम Pooja से बदलकर Rajni रख लिया है।
एपी-2505

**मैं,** बचनी पत्नी श्री अशोक कुमार निवासी ग्राम चन्दाखेड़ी, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि अब मैंने अपना नाम कान्ता देवी से बदल कर बचनी रख लिया है। भविष्य में मुझे बचनी के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए।
एपी-2513

**मैं,** नीतू गौतम पत्नी कमल सिंह वासी 576 ट्रिब्यून सोसाइटी कांसल एस ए एस नगर ने अपना नाम बदलकर नीतू गौतम से नीतू Longia. रखा है।

**मैं,** Jeewan पुत्र राजबीर वासी गांव व् डाक Dumarkha खुर्द, जिला जींद हरियाणा ने अपना नाम बदलकर Jeevan रखा है।

**मैं,** सत्यम गोयल पुत्र राजेश गोयल वासी मकान नं. 360, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सैक्टर-13 करनाल ने अपना नाम बदलकर सत्यम Goyal से सत्यम Goel रखा है।

**मैं,**हरीश चन्द्र बजाज पुत्र जय दलाल बजाज वासी मकान नं.200, सैक्टर-32 नरसी विलेज करनाल ने अपना नाम बदलकर हरीश चन्द्र से हरीश चन्द्र बजाज रखा है

**मैं,** कंवरजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह वासी मकान नं. एल-232 मॉडल टाउन करनाल ने अपना नाम बदलकर कंवरजीत सिंह से कंवरजीत सिंह Bhasin रखा है, भविष्य संबंधित नोट करें।

**मैं,** रुपिंदर कौर ओबेरॉय पत्नी अमनप्रीत सिंह Bhasin वासी मकान नं. एल-232 मॉडल टाउन करनाल ने अपना नाम बदलकर रुपिंदर कौर ओबेरॉय से रुपिंदर कौर शादी के बाद रखा है, भविष्य संबंधित नोट करें
एपी-2508

**मैं,** प्रवीन कुमार पुत्र रणजीत गाँव मुन्ना रेहड़ी, साँच,कैथल ने अपना नाम बदलकर प्रवीन रख लिया है।

**मैं,** बन्त सिंह पुत्र रला राम गाँव ढोल सब तहसील इस्माईलाबाद, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर बन्त राम रख लिया है।
एपी-2514

I, hitherto known as KESAR W/o SARDAR SINGH R/o Near Harijan Chopal, Dhand, Dhand, Kaithal, Haryana-136020 have changed my name and shall hereafter be known as ISHRI DEVI.

I, hitherto known as BABY GOYAL alies BABITA GARG W/o RAMESH KUMAR R/o 538, Ward No 4, Bhor Saidan, Bhor Saidan (157) , Kurukshetra, Haryana-136119 have changed my name and shall hereafter be known as BABITA GARG.

**मैं,** कृतिका पुत्री सुभाष कटारिया निवासी मकान नम्बर 1268, सेक्टर 5, अर्बन एस्टेट, थानेसर, कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम कृतिका से बदलकर कृतिका कटारिया रख लिया है।
एपी-2507

**मैं,** साजन पुत्र श्री मुन्नीलाल निवासी गाव पांजुपुर पोस्ट ऑफिस करेड़ा खुर्द जिला यमुनानगर कि मैंने अपने पुत्र का नाम Lakshy Mor से बदलकर Lakshay Mor रख लिया है।
एपी-2509

**मैं,** दीपक कुमार पुत्र श्री रणबीर सिंह निवासी मकान न.261 सेक्टर 8 अर्बन एस्टेट करनाल ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम दीपक से बदलकर दीपक कुमार रख लिया है।

**मैं,** जयपाल पुत्र श्री सेवा राम निवासी मकान न.432 अग्रवाल कॉलोनी वार्ड न.4 नजदीक एच.डी.एफ.सी. बैंक घरौंडा जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम जय पॉल गोयल से बदलकर जयपाल रख लिया है।
एपी-2518

I, 16128891F, Rank - Hav, Prem Shankar Singh Yadav, I have declare that my Son Prakul Yadav DOB is wrongly recorded as 19/04/2022 my Service record but his Correat DOB is 29/03/2022 vide affidavid No in 11AA876332
एपी-2519

**मैं,** सावी नागपाल फुटेला पुत्री श्री विजय नागपाल (आधार कार्ड नंबर 307979628720) निवासी #305, सेक्टर 37-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सावी नागपाल रख लिया है।
एपी-2621

## बेदखली सूचना

**मैं,** हर्षिका भाटिया पुत्री विशाल भाटिया और गीता भाटिया, मैं निवासी भाटिया निवास 728/41 पटनायक अस्पताल के पास इंदर नगर अंबाला शहर हरियाणा में रहती हूं। मैं अपने माता-पिता से अपना रिश्ता ख़त्म करती हूँ। अगर कोई मेरी ओर से उनके साथ लेन-देन करता है या माता-पिता मेरे नाम से अनुबंध , व्यवसाय या लेन-देन करते हैं, तो वह खुद जिंमेवार होगा।
एपी-एफ

**मैं,** माम चन्द पुत्र श्री बनारसी दास, निवासी गांव बख्तुआ, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र मलकित सिंह व गुरमीत सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे किसी के भी लेन देन का मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा।
एपी-2509

**मैं,** राजबीर (आ0 नं0 5052 2665 0339) पुत्र हरी सिंह निवासी गांव मोर माजरा तहसील असन्ध जिला करनाल अपने हल्फ से बयान करता हूं मेरा पुत्र अमरजीत सिंह (आ0 नं0 4816 4255 3874) मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इसके साथ कोई भी लेनदेन करता है तो इसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। इसमें मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-2511

**मैं,** वनीता भगत पत्नी श्री धर्मवीर भगत, निवासी मकान नंबर 550/2, नजदीक तारा चंद चक्की, डोगरा गेट, कैथल अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरी लड़की तान्या मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-2505

हम, भाग सिंह (आधार न. 2398 6147 5986) पुत्र हाकम सिंह एवं मीना रानी (आधार नं. 2140 2570 8592) पत्नी भाग सिंह निवासी गांव कैंथल खुर्द, तहसील थानेसर, जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करते हैं कि हमारा पुत्र साहिल सैनी, पुत्रवधु पूजा सैनी व पोती सनाया सैनी हमारे कहने-सुनने से बाहर है, हमारे परिवार में शांतिपूर्वक तरीके से नहीं रह रहे हैं और लड़ाई-झगड़े पर उतारू रहते है, अपनी तमाम चल-अचल संपति से बेदखल करता हूँ।भविष्य मे यदि ये या इन पर किसी भी प्रकार का कानूनी व गैर कानूनी कार्य करते/करता है इसके लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य उत्तरदायी नहीं है। इसके लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।
एपी-2507

**मैं,** किरणों विधवा श्री रामचंद निवासी गांव बहादुरपुर, डाकखाना नागल, जिला यमुनानगर कि मेरा लड़का रोहित उसकी धर्मपत्नी काजल जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर है । मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं । इनसे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा ना कि मैं वह मेरा परिवार।
एपी-2509

**मैं,** विनोद पुत्र श्री रामपाल निवासी गांव पनोडी, तहसील घरौंडा, जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरी पुत्री मानसी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन,अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य की स्वयं जिम्मेदार होगी।

**मैं,** रानी पत्नी श्री सुभाषचंद निवासी गांव सोहना, जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरी पुत्री सलोनी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन,अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य की स्वयं जिम्मेदार होगी।
एपी-2515

**मैं,** संधूरा सिंह, पुत्र धर्म सिंह, निवासी जस्सी बाग तहसील, जिला बठिंडा, शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी पोती परमजीत कौर, पुत्री स्वर्गीय मेशा सिंह, मेरे नियंत्रण से बाहर है और मुझसे झगड़ा करती है। इसलिए, मैं अपनी पोती परमजीत कौर को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता/करती हूँ। इससे संबंधित लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं ज़िम्मेदार होगा। मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। कृपया ध्यान दें।
एपी-2516

**मैं,** अशोक कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी मकान नं. 180 नजदीक जंगम मन्दिर कालका, जिला पंचकूला हरियाणा घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र सागर व उसकी पत्नी आँचल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं और मेरे वा परिवार के साथ दुर्व्यवहार करते हैं. मैं अपने पुत्र सागर उसकी पत्नी आँचल, उनके बच्चे अनुष्का व केरब को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्तियों से हमेशा के लिए बेदखल करता हूँ. किसी भी प्रकार का लेन-देन, लड़ाई-झगड़ा, गैर- कानूनी कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा कोई वास्ता न रहेगा।
एपी-2517

**मैं,** हरी चंद कनोजीया पुत्र स्व. श्री राधे शाम कनोजीया निवासी मकान नं. 859, सैक्टर 52, कझेड़ी, यू.टी, चंडीगढ़ बयान करता हूँ कि मेरा भाई मनी चंद कनोजीया व उसकी पत्नी पूजा जो घर में आत्म हत्या करने की धमकीयां देते हैं और लड़ाई झगड़ा करते हैं। मैं और मेरा परिवार इन दोनों के साथ हर तरह का रिशता तोड़ रहे हैं। इनके साथ लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरे परिवार की कोई जिम्मदारी नहीं होगी।

**मैं,** राम प्यारा सुपुत्र श्री सदा राम, गाँव भगवानपुर तहसील जगाधरी जिला यमुना नगर (हरियाणा) निवासी अपने हल्फ से ब्यान करता हुँ कि हमारा अविवाहित लड़का कुलदीप सिंह हमारे कहने-सुनने से बाहर है। अपनी मन मर्जी करता है।मैं उन्हे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हुँ।भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेवार होगा। अन्य परिवारिक सदस्य नहीं।
एपी-2505

## खोया-पाया

**मैं,** विनोद कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी करनाल कॉलोनी बराड़ा तहसील बराड़ा (अंबाला) मेरी बैयनामा रजिस्ट्री नंबर 2726 तिथि 5 जनवरी 2012 जो कि विद्यावन्ती पत्नी लाजपत निवासी पुराना नेहरू नगर रुड़की जिला हरिद्वार के नाम दर्ज है। वह असल रजिस्ट्री 26 जून 2025 को कहीं गुम हो गई है। इस रजिस्ट्री पर किसी भी सरकारी या गैर सरकारी बैंक संस्था में कोई ऋण नहीं है। इस बारे यदि किसी को कोई ऐतराज है तो वह 15 दिन के अंदर अपना एतराज इंडियन बैंक शाखा बराड़ा में कर सकता है।
एपी-2505

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार का पाकिस्तान प्रेम हरियाणा को प्यासा रख रहा है: विज

## आप पार्टी चाहती है कि एसवाईएल का पानी हरियाणा को न मिले बशर्ते रावी का पानी पाकिस्तान को चला जाए

पंजाब की सरकार हरियाणा के हक का पानी नहीं दे रही है जोकि हरियाणा के लोगों और खेतों की प्यास बुझाने के लिए है- विज

दिल्ली की जनता ने केजरीवाल/ आप पार्टी को सत्ता से बाहर करके अवार्ड दे दिया हैं- विज



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला, 10 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार को एसवाईएल के मुदद्े पर आडे हाथों लेकर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार का पाकिस्तान का प्रेम हरियाणा को प्यासा रख रहा है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी चाहती है कि एसवाईएल का पानी हरियाणा को न मिले बशर्ते रावी का पानी पाकिस्तान को चला जाए।

विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा गत दिवस दिल्ली में हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों की एसवाईएल को लेकर हुई बैठक के उपरांत पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा दिए गए ब्यान कि एसवाईएल के मुदे को हमेशा के लिए त्याग देना चाहिए, के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि पंजाब की सरकार हरियाणा के हक का पानी नहीं दे रही है जोकि हरियाणा के लोगों और खेतों की प्यास बुझाने के लिए है तथा इस संबंध में माननीय सुप्रीम कोर्ट भी हरियाणा के हक में फैसला दे चुका है लेकिन पंजाब की आप पार्टी की सरकार इस फैसले को लगातार ठुकरा रही है। श्री विज ने याद दिलाते हुए कहा कि पंजाब की पिछली सरकारों ने यह समझौता ही रद्द कर दिया था।

इसी प्रकार, केजरीवाल के अवार्ड वाले बयान पर श्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि प्रजातंत्र में सबसे बडा अवार्ड जनता देती है और दिल्ली की जनता ने केजरीवाल/ आप पार्टी को सत्ता से बाहर करके अवार्ड दे दिया हैं। केजरीवाल जी को इससे ही संतोष कर लेना चाहिए।

### बिहार में कुछ फर्जी पार्टियां और कुछ फर्जी नेता फर्जी वोटरों की पहरदारी कर रहे है: विज

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बिहार में वोटो सत्यापन हो रहा है तो कुछ फर्जी पार्टियां और कुछ फर्जी नेता फर्जी वोटरों की पहरदारी कर रहे है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि प्रदर्शन या जूलुस के दौरान आवश्यक वाहनों को जाने के लिए एक राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए ताकि मरीज इत्यादि को समय पर उपचार इत्यादि मिल सकें। श्री विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बयान दिया है कि महाराष्ट्र की तरह हम बिहार में धांधलियां नहीं होने देंगे, के संबंध में पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ये चुनाव के बाद रोते है कि फर्जी वोटरों को लिस्ट से बाहर निकाला जाना चाहिए इसलिए इन्हें इसका समर्थन करना चाहिए। पंरतु अब इससे इनके पेट में क्यों पीड़ा हो रही है जबकि इन्हें तो सरकार की सराहना करनी चाहिए। इधर, बिहार में राहुल गांधी की वैन में पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को चढ़ने नहीं दिया गयए, जिस पर अनिल विज ने इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष कसते हुए कहा कि ''वैसे तो ये उनका निजी मामला है लेकिन शायद इंडिया गठबंधन पप्पू यादव को इस काबिल नहीं मानते हो कि वे उनके साथ आकर बैठे। जबकि पहले वो उनके साथी रहे है। बिहार में प्रदर्शन के दौरान आरजेडी कार्यकर्ताओं ने एम्बुलेंस को रास्ता नहीं दिया, बल्कि मरीज के परिजनों के साथ बदसलूकी की, के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि इसके लिए एक राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए ताकि कोई भी जलूस या ऐसा कुछ प्रदर्शन भी करे जो आवश्यक वाहन के जाने के लिए रास्ता छोड़ा जाना चाहिए।

# एनएचएआई के अधीन चल रही परियोजनाओं को लेकर विज ने अधिकारियों से चर्चा की, दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला, 10 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अपने आवास पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए एनएचएआई के अधिकारियों को अंबाला में इंस्टीच्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग-रिसर्च व ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के प्रस्तावित स्थान को जीटी रोड के साथ जोड़ने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि अंबाला में जीटी रोड के साथ शाहपुर में एनएचएआई को इंस्टीच्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग-रिसर्च व ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन को स्थापित करना प्रस्तावित है और इसके लिए भूमि का भी चयन किया जा चुका है।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने एनएचएआई अम्बाला के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीके सिन्हा से इस संबंध चर्चा करते हुए कहा कि दोनों स्थानों से जीटी रोड की सर्विस लेन कनेक्ट होनी चाहिए ताकि आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। मंत्री अनिल विज ने एनएचएआई द्वारा अम्बाला छावनी में चलाए जा रहे प्रोजेक्टों को लेकर चर्चा की। उन्होंने शास्त्री कालोनी के समक्ष जीटी रोड फ्लाइओवर के साथ बन रही सर्विस लेन (आरओबी) के नीचे रेलवे कालोनी से आने वाले रास्ते को भी मानकों के अनुसार बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

### जनसमस्याओं को सुना व अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को इनके समाधान के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सत्संग विहार से आए लोगों ने क्षेत्र में पानी निकासी की शिकायत दी जिस पर मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद के ईओ को मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, महेशनगर से आए लोगों ने गांव खान अहमदपुर में बस का ठहराव कराने की मांग की जिस पर मंत्री अनिल विज ने जीएम रोडवेज को कार्रवाई के निर्देश दिए। ऐसे ही, गांव मंगलई में जमीन के मालिक ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोगों ने उसकी जमीन से रास्ता निकाल दिया जिस पर मंत्री अनिल विज ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य शिकायतें भी आई जिन पर मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आचार्य रामकुमार शास्त्री को 'सामाजिक समरसता अवॉर्ड'



**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** भारतीय बौद्ध संघ द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह का आयोजन एनडीएमसी सभागार, नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर देशभर से अनेक समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया और सामाजिक समरसता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। लाडवा (हरियाणा) से पधारे आचार्य रामकुमार शास्त्री को गौसेवा के क्षेत्र में पिछले कई दशकों से किए जा रहे उनके निरंतर एवं समर्पित प्रयासों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके योगदान को समारोह में भरपूर सराहना मिली और उन्हें फ्रसामाजिक समरसता अवॉर्डफ्र से नवाजा गया। इस गरिमामय समारोह में दिल्ली सरकार के मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और सेवा कार्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### हिन्दू हाई स्कूल में धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा



**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** आज हिन्दू हाई स्कूल में गुरु पूर्णिमा बड़ी धूमधाम से मनाई गई। प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग, स्वामी तुलसी नंद जी महाराज, स्वामी रामानंद सरस्वती जी महाराज व गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज के चरणों में आदर पूर्वक नमन किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि आज गुरु पूर्णिमा के दिन हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्य योगिता आहलुवालिया ने गुरु जी के चरणों में नमन करते हुए बच्चों को बताया कि हमें हमेशा अपने गुरुजनों के प्रति आदर और सम्मान का भाव रखना चाहिए। वो गुरु ही होता है जिसने हमारे जीवन में शिक्षा काव ज्ञान का उजाला किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पहली गुरु उनकी मां होती है जिसने उन्हें जन्म दिया हुआ व समाज में रहने की समझ व शिक्षा दी इसीलिए हमें हमेशा अपने माता-पिता का आदर व सम्मान करते हुए उनका कहना मानना चाहिए। लिखने पढ़ने का ज्ञान अध्यापिका ने दिया और हमें अच्छा बुरा समझने की सीख दी है हम अपने लिए सही ढंग से फैसला देने में सक्षम बनते हैं। स्कूल की अध्यापिका सुमन ने बच्चों को बताया कि गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है । सनातन धर्म के अनुसार महर्षि वेदव्यास जी की जन्मतिथि होती है। उन्हें हिंदू धर्म का प्रथम गुरु माना जाता है।दसवीं क्लास की छात्रा ऋतु ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्कूल के सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते कहां के स्कूल के सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं हम बच्चों के लिए बहुत मेहनत करते हैं वह हमारी हर समस्या का समाधान करते हैं।छठी कक्षा के बच्चों ने गुरुदेव के चरणों में नमन करते हुए गीत के माध्यम से बहुत सुंदर प्रस्तुति दी।

### गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के प्रकट दिवस पर पहला भंडारा आयोजित



**निसिंग (अप्रस/कृष्ण)।** गुरु दक्ष प्रजापति महाराज जन्मोत्सव गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ईश्वर राणा (निकिता राणा पुत्री दिलबाग राणा औंगध) जिला परिषद वार्ड नंबर 12 प्रतिनिधि ने गांव डाचर में गुरु दक्ष प्रजापति धर्मशाला के भवन कार्य निर्माण के लिए 7 लाख की ग्रांट की मंजूरी देकर नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत की। गुरु दक्ष युवा वेलफेयर सोसाइटी व समस्त प्रजापत परिवार ने मिलकर आए हुए मुख्य अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गांव डाचर में गुरु दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव पर पहली बार विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गुरु दक्ष युवा वेलफेयर सोसाइटी का अहम योगदान रहा और समस्त गांव वासियों ने पूरा सहयोग दिया। हर बिरादरी से समाज के लोग भंडारे का प्रसाद लेने के लिए पहुंचे। प्रधान विक्रम कुमार और उनके साथियों में बड़ी खुशी थी जो इतनी मेहनत उनकी रंग लाई। सबसे पहले पंडित ईशम शर्मा ने पूजा अर्चना और हवन करके गुरु दक्ष महाराज का आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रजापत समाज के लोगों ने दिलबाग राणा और सोहन सिंह राणा चेयरमैन जिला परिषद का धन्यवाद किया।इस आयोजन में मुख्य अतिथि ईश्वर राणा प्रतिनिधि जिला परिषद वार्ड नंबर 12, सरपंच मामू राम प्रतिनिधि, सुखदेव शर्मा पूर्व सरपंच, रामकुमार पांचाल, गुरदयाल सिंह, लक्ष्मण कश्यप, निशांत सिंह गोराया ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि, और कमेटी प्रधान विक्रम कुमार, बलबीर, रामेश्वर, बुल्ली राम , सुमेरचंद, बालकिशन, डा. रामदास, लख्मीराम, बलदेव, राजू ,राधेश्याम, रतनलाल, व समस्त प्रजापति परिवार डाचर मौके पर मौजूद रहे

# गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 10 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 12 जुलाई (शनिवार) को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले महा महोत्सव समारोह की पूर्व सूचना के लिए सिटी हार्ट रेस्टोरेंट, सिविल रोड पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष गंगा बिशन खड्डी वाले ने बताया कि यह आयोजन विश्व संत सिद्धि सम्राट श्री गुरुवानन्द जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु, सामाजिक संस्थाएं एवं गणमान्य व्यक्ति इसमें भाग लेंगे। क्षेत्र से भी भारी संख्या में भक्तजन शामिल होंगे।

गुरुजी की दिव्य वाणी और आशीर्वाद के कई प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति श्री बराक ओबामा को राष्ट्रपति बनने का पूर्व आशीर्वाद एवं श्री फूलचंद मुलाना को जीवनदान का वरदान शामिल है।

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रोहतक से दिल्ली तक फ्री बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी, जो दोपहर 12 बजे विश्वकर्मा स्कूल, काठमंडी एवं दिल्ली बायपास चौक से प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा और भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर प्रेस सचिव राव जैन, डॉ. एस.एल. वर्मा, जगमोहन मित्तल, कुलवंत बंसल, राजकुमार शर्मा, सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### भ्रष्टाचार विरोधी गोष्ठी में आलोक मित्तल ने दिए सख्त निर्देश

**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक कार्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक श्री आलोक मित्तल (भा.पु.से.) की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई, जहां श्री मित्तल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। गोष्ठी में पिछले छह माह के कार्यों की समीक्षा की गई। श्री मित्तल ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा दिलवाने हेतु प्रभावी पैरवी की जाए। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में श्री मित्तल ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति अपनाई जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कोई अधिकारी रिश्वत की मांग करता है तो उसकी सूचना टोल फ्री नंबर 1800-180-2022 या 1064 पर तुरंत दें।

# अधिकारी जनसमस्याओं को गंभीरता से लें और पूरी तत्परता के साथ समाधान के लिए कार्य करें: एसडीएम

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 10 जुलाई।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से एसडीएम शिवजीत भारती की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न वार्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं रखीं, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

समाधान शिविर में सर्वाधिक प्रमुख मुद्दा सरस्वती विहार कॉलोनी के पास बनाए गए डंपिंग ग्राउंड से जुड़ा रहा। इस बारे में वार्ड नंबर 3 के पार्षद प्रदीप गोयल, वार्डवासी राकेश कुमार तथा अन्य नागरिकों ने संयुक्त रूप से आवाज उठाई। उन्होंने बताया कि यह डंपिंग ग्राउंड पुरानी रोड (रायपुर रानी-नाहन रोड) के निकट सरस्वती विहार कॉलोनी से सटा हुआ है। इसकी वजह से कॉलोनीवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से यह मांग की कि इस डंपिंग ग्राउंड को किसी दूरस्थ स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। इस पर एसडीएम शिवजीत भारती ने नगर पालिका अधिकारी को उक्त स्थान का निरीक्षण/जांच कर रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

इसी क्रम में पार्षद प्रदीप गोयल और स्थानीय नागरिकों ने पुरानी सड़क पर महाराजा जस्सा सिंह अहलूवालिया चौक से लेकर सरस्वती विहार कलोनी तक की स्ट्रीट लाइटों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया, यहां की कई स्ट्रीट लाइट फ्यूज पड़ी हैं और रात के समय अंधेरा छा जाता है, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। एसडीएम ने नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि वे तुरंत इन इलाकों का निरीक्षण कर फ्यूज्ड लाइटों की मरम्मत व बदलने की कार्यवाही करें।

# विधायक ने ढाणी कुतुबपुर गांव में 56.70 लाख की लागत से विकसित भव्य पार्क का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी



**हांसी, 10 जुलाई।** विकास कार्यों को लेकर हमेशा अग्रणी रहने वाले विधायक विनोद भयाना ने वीरवार को ढाणी कुतुबपुर गांव में 56.70 लाख रुपये की लागत से विकसित भव्य पार्क का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। यह पार्क हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा डेढ़ एकड़ क्षेत्र में निर्मित किया गया है। उद्घाटन अवसर पर गांववासियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस पार्क में ग्रामीणों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए 40 बेंच, गार्डन घास, भव्य प्रवेश द्वार, वॉकिंग ट्रैक तथा 150 से अधिक पौधों को रोपित किया गया है। इसके अलावा पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए एक आधुनिक सबमर्सिबल पंप सेट भी लगाया गया है।

विधायक भयाना ने बताया कि यह पार्क गांववासियों के लिए एक बेहतरीन स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा। यहां लोग सुबह-शाम सैर, योग और सामूहिक बैठकों जैसी गतिविधियों का लाभ उठा सकेंगे। पार्क की हरी-भरी सुंदरता और सुव्यवस्थित संरचना गांव की शोभा को कई गुना बढ़ा रही है।

ग्रामीणों की मांग पर इस स्थान को विकसित कर पार्क का स्वरूप दिया गया। चारदीवारी, मिट्टी भरत, हरियाली और अन्य सुविधाओं सहित 9 महीनों में यह कार्य पूर्ण हुआ है। उद्घाटन कार्यक्रम में सरपंच अजय कुमार, संदीप गुर्जर, सोनू जांगडा, संजय चावड़ा ,विधायक विनोद भयाना के सुपुत्र साहिल भयाना, पटेल सिंह, रोहतास चिवड़ा, अनिल कोहली, पवन कुमार सैनी, सुंदर भड़ाना भादर, पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंता राहुल, मनदीप मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद क्योडक ने लगाए 31 फलदार व छायादार पौधे

**कैथल (अप्रस)।** भारत विकास परिषद की शाखा क्योडक ने वृहस्पतिवार को स्थापना दिवस पर श्मशान भूमि परिसर में 31 फलदार व छायादार पौधे लगाए। यह आयोजन परिषद के अध्यक्ष सुरेश शर्मा सेवानिवृत्त प्रवक्ता एवं पर्यावरण संयोजक रजनीश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आरंभ किए गए प्रेरणादायक अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरणीय पहल की गई। अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद की स्थापना 10 जुलाई 1963 को राष्ट्र सेवाभाव से प्रेरित होकर की गई थी। इसका उद्देश्य संपर्क सहयोग संस्कार सेवा और समर्पण के पांच मूल स्तंभों के आधार पर समाज में सांस्कृतिक, शैक्षिक व सामाजिक चेतना फैलाना है। क्योडक शाखा की स्थापना 10 जुलाई 2000 को हुई थी और तब से यह शाखा निरंतर स्थानीय स्तर पर जनहितकारी गतिविधियां संचालित करती आ रही है।

# सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल मे धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 10 जुलाई।** सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल मे गुरु पूर्णिमा का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह प्रार्थना के पश्चात मंत्रोचारण के साथ गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने इसके पश्चात अपने अध्यापकों को चंदन तिलक किया। अध्यापकों के चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विद्यालय के मुख्य अध्यापक विपिन कुमार ने विद्यार्थियों को गुरु के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि हमारे ग्रंथों में भी भगवान से पहले गुरु को महत्व दिया है और विद्यार्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि वही विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य की प्राप्त करता है जो गुरु को भगवान समान महत्व देकर उसका सम्मान करता है।

# दत्तात्रेय मंदिर में उल्लासपूर्वक मनाई गई गुरू पूर्णिमा

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक

**थानेसर, 10 जुलाई।** प्राचीन भगवान श्री दत्तात्रेय मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरू पूजा का पर्व बहुत ही श्रद्धा और उत्साहपूर्वक ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष यज्ञ का आयोजन भी किया गया । गुरू पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताते हुए मंदिर के स्वामी शंकरानंद जी महाराज ने बताया कि गुरू पूर्णिमा को व्यास पूजा के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि यह महर्षि व्यास के प्रकट का दिवस भी है अर्थात इस दिन महर्षि व्यास का जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि गुरू का मतलब होता है ऐसा व्यक्तित्व जो अपने ज्ञान के प्रकाश से अपने शिष्यों के अंधकार को हर लेता है अर्थात उनके अज्ञान को नष्ट कर देता है और उनको अपनी तरह प्रकाशित कर देता है। शास्त्रों में भी गुरू की बहुत भारी महिमा बताई गई है। आध्यात्मिक जगत में तो गुरू का महत्व भगवान से भी ऊपर बताया गया है क्योंकि गुरू के बताए हुए शब्दों पर विश्वास करते हुए और वचनानुसार अपने जीवन को चलाते हुए साधारण मनुष्य भी परमात्मा प्राप्ति तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर भगवान दत्तात्रेय चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री साक्षी गोपाल वेद विद्यालय के विद्यार्थियों का जनेऊ संस्कार भी किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर स्वामी शंकरानन्द जी महाराज,डॉक्टर साध्वी मोक्षिता, पंडित राम शर्मा, पंडित रविशंकर शास्त्री, सूरजभान कटारिया, सुशील चित्रा, गोपाल शर्मा, अभिमन्यु वर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, राजपाल कश्यप, सीताराम कश्यप, रोहतास सैनी, डॉक्टर सचिंद्र कुमार, पंडित शिवनारायण बिशनगढ़, पंडित राहुल शर्मा (गोल्डी) पिपली, पंडित विश्वभरण शास्त्री चित्रकूट वाले सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के निर्देश

# जनसेवा ही हमारा संकल्प और आपकी सेवा ही हमारी प्राथमिकता: महिपाल ढांडा

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 10 जुलाई।** हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री और हल्का पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा ने आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, पानीपत में जनता दरबार का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांवों से पहुँचे नागरिकों ने विभिन्न समस्याएं व शिकायतें मंत्री के समक्ष रखीं।

जनता दरबार सुबह 10 बजे शुरू हुआ, और दोपहर तक मंत्री महोदय ने व्यक्तिगत रूप से एक-एक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी। शिक्षा मंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत का समाधान समयबद्ध ढंग से किया जाए।

इस दौरान लोगों ने पेयजल की किल्लत, खराब सड़कों, स्कूली भवनों की मरम्मत, ग्रामीण बिजली आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, और भूमि संबंधी विवादों जैसे मुद्दों को उठाया।

कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान करते हुए मंत्री महोदय ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बात की और तुरंत एक्शन लेने को कहा। साथ ही कई शिकायतों को आगामी विशेष बैठकों में शामिल कर समाधान के लिए सूचीबद्ध किया गया।

महिपाल ढांडा ने कहा- जनता ही जनप्रतिनिधि की असली ताकत होती है। हम इस पद पर सेवा करने के लिए हैं, शासन करने के लिए नहीं। जनता का विश्वास और सहयोग ही हमारी असली पूंजी है। हम एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है और गाँव-गाँव तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है।

जनता दरबार में विभिन्न विभागों के अधिकारी जैसे पीडब्ल्यूडी, जनस्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम, शिक्षा विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग, नगर निगम तथा तहसील प्रशासन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने मौके पर ही लोगों की समस्याएं दर्ज कीं और समाधान की प्रक्रिया शुरू की।

जनता दरबार में शामिल हुए ग्रामीणों ने कहा कि मंत्री महोदय द्वारा इस तरह आम लोगों से सीधे संवाद करना स्वागतयोग्य कदम है। इससे न सिर्फ प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय होती है, बल्कि आम आदमी की आवाज सीधे सरकार तक पहुँचती है।

# गुरु की कृपा से जीवन का अंधकार मिटता है, गुरु पूर्णिमा पर हनुमान जी से भी मांगी जाती है गुरुवत कृपा



जै जै हनुमान गोसाईं, कृपा करहुं गुरुदेव की नाईं। सब जानते हैं कि यह हनुमान चालीसा की चौपाई है। इस चौपाई का अर्थ क्या है? इस पर कम ही ध्यान देते होंगे। हम इस चौपाई के माध्यम से वीर हनुमान जी से गुरू की तरह आशीर्वाद चाहते हैं। याद रखिए आशीर्वाद हमेशा फलीभूत होता है। हनुमान जी की कृपा बहुत जल्दी प्राप्त होती है। हनुमान जी हर दृष्टि से आदर्श हैं। उनसे बड़ा भगवान का सेवक दूसरा नहीं है। भक्ति सेवा के माध्यम से होती है। वे भगवान राम का नाम सुनने से प्रसन्न रहते हैं। उनसे प्रतिदिन राम-राम कहने का स्वभाव बना लीजिए, वह आपका जीवन संवार देंगे। जो जीवन को संवारने की क्षमता रखता है। जो ज्ञान को आत्मसात करता है, वही ज्ञानी कहलाता है। उसका आचरण भी वैसा ही हो जाता है। भारत के ऋषि मुनियों ने इसी ज्ञान मार्ग पर चलकर दुनिया को जीवन का दर्शन दिया है। यह दर्शन केवल भारत की संस्कृति दे सकती है। इस संस्कृति को धारण करने वाले हमारे गुरू ही हो सकते हैं। हमारे मनीषियों ने ऐसे व्यक्तित्वों के लिए गुरु शब्द ऐसे ही नहीं दिया। इसका बहुत व्यापक अर्थ है। दो अक्षर के गुरू शब्द में ही इसकी महिमा छिपी है। संस्कृत में 'गु' का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ हटाने वाला। यानी गुरु वह होता है जिसमें जीवन से अज्ञान का अंधेरा हटाने की सामर्थ निहित हो। भारत की सनातन संस्कृति में गुरु को एक परम भाव माना गया है जो कभी नष्ट नहीं हो सकता। इसीलिए हमारे यहां गुरु को व्यक्ति नहीं, अपितु विचार की संज्ञा दी गयी है। व्यक्ति कभी गुरू हो ही नहीं सकता, उसका विचार क्या है, वह समाज को कितना जाग्रत करता है? यही उसको गुरू बनाने का कारण है। भारत में कई उदाहरण ऐसे भी मिल जाते हैं, जो किसी न किसी प्रतीक को ही अपना आदर्श बनाकर प्रेरणा प्राप्त कर लेता है। यह सार्वभौमिक सत्य है कि भारत के मानबिन्दुओं में प्रेरणा विद्यमान है, इसको देखने के लिए ज्ञान का होना बहुत ही आवश्यक है। इस ज्ञान को विकसित करने के लिए हमारे जीवन में गुरू का होना जीवन को दिशा देने के समान ही है। यह बात सही है कि व्यक्ति किसी न किसी के माध्यम से नियमित रूप से सीखता है। जहां से अच्छी सीख मिले वही गुरू है। गुरु वो है, जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाये। हमें अच्छे बुरे का भान कराये। जब हम रास्ते से भटक रहे हों तो हमें अपने ज्ञान की उंगली पक?ाकर सही रास्ते की ओर ले जाये।

गुरूपूर्णिमा महोत्सव हर साल आषाढ़ के महीने में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस दिन सभी धार्मिक लोग अपने आध्यात्मिक गुरु और प्रेरणा प्रतीकों की पूजा करते हैं। विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कई अवसरों पर भारत की विजय का प्रतीक रहे भगवा ध्वज को अपना गुरू माना है। आज भगवा ध्वज के बारे में जिस प्रकार का भ्रम फैलाया जाता है, वह भारत के सच को नकारने का एक प्रयास भर है। इनको भारत का प्राचीन इतिहास नहीं पता। गुलामी के कालखंड से पूर्व के भारत का अध्ययन करेंगे तो हमें भगवा का विराट दर्शन हो सकता है। भगवा भारत का आराध्य है। संघ ने इसी पृष्ठभूमि को आधार बनाकर ही भगवा ध्वज को अपने गुरू स्थान पर विराजित किया है। कहने का अर्थ यही है कि गुरू सनातन काल से शाश्वत हैं। गुरू की पूजा से हमें निरंतर कुछ न कुछ सीखना चाहिए। भारत में मां को प्रथम गुरु माना गया है, अगर आप विचार करेंगे, तो बचपन में जो कुछ भी हम सीखते हैं वह माँ से सीखते हैं। यह बात शास्त्रों में भी आती है। यह भी सच है कि बचपन के संस्कार कभी मिट नहीं सकते। इसलिए बच्चे को बचपन से ही अच्छे संस्कार देने का क्रम प्रारंभ कर देना चाहिए। व्यावहारिक जीवन में हमारे कई गुरु हो सकते हैं। त्रेता युग में भी दशरथ महाराज के कई गुरु थे। उनके आध्यात्मिक गुरु वशिष्ठ जी ही थे जो उनके पूर्वजों के समय से चले आ रहे थे। भगवान दत्तात्रेय ने 24 गुरू बनाए। इसका अर्थ यह भी है कि उन्होंने अपने जीवन को आदर्श बनाने के लिए हर जगह से सीखने का प्रयास किया। जिस दिन आपके मन में गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा हो जाएगी, आपको गुरु मिल जाएँगे। गुरु स्वयं आपको खोजते हुए आ जाएँगे।

## भक्त हमेशा दातार की कृपा को ही मानते हैं



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

निरलेप जीवन में अहंकार बड़ी बाधा पैदा करता है। क्योंकि अक्सर इन्सान को भ्रम हो जाता है कि शायद मैं खुद ही अपना तथा अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा हूँ। अक्सर कह भी दिया जाता है कि 'दाने दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम', लेकिन दास तो ऐसा मानता है कि 'दाने दाने पर लिखा है देने वाले का नाम।' दाना देने वाला जो प्रभु-दातार है, अगर इसकी कृपा न हो तो इन्सान के सामने भले ही अनेक पदार्थ पड़ रहें, उनमें से एक छोटासा कौर भी उठाकर मुँह में नहीं डाल सकता। भक्त हमेशा दातार की कृपा को ही मानते हैं। अगर कोई व्यापार करता है, तो भी ऐसा ही मानता है कि दातार अगर दिन में बीस-पच्चीस ग्राहक भी आ गये हैं, तो वे मेरे किसी यत्न के कारण नहीं, बल्कि तू मुझे रोजी-रोटी देना चाहता है, इसलिए कोई न कोई रुप धारण र तू ही मुझे रोजी-रोटी देने चला आता है। भक्तों की दृष्टि हमेशा से ऐसी ही रही है। लेकिन संसार का इन्सान अज्ञानतावश खुद कर्ता बन बैठता है। वह सोचता है कि मैं ही करने वाला हूँ, सब कुछ मेरे तन की ताकत के कारण हो रहा है, मेरी क्ल, स्यानप के कारण हो रहा है, या फिर मेरे धन के कारण हो रहा है। ये सभी भ्रम की बातें होती हैं। जैसे अगर एक गाड़ी चल रही है, तो कोई इंजन या कोई घोड़ा या बैल उसको खींच रहा होता है। अगर उस गाड़ी क पहिए पर कोई मक्खी बैठी हो और थोड़ा-थोड़ा जोर भी लगा रही हो, और वह सोचने लगे कि पहिया मेरे जोर लगाने से चल रहा है, तो यह उसकी भूल ही है। इसी तरह कुदरत सभी काम निरंकार की शक्ति से कर रही है। इन्सान खुद को कर्ता मानकर अपने आप को बेकार ही अहंकार में फंसा लेता है। अहंकार को हटाने पर माया का प्रभाव, माया का असर, माया का लेप खत्म हो जाता है।

जब तक इन्सान अपनी 'मैं' को कायम रखता है, तब तक उसे उसका असर भी ग्रहण करना पड़ता है तथा जब इस 'मैं' को हटा देता है तो उस पर कोई सर नहीं होता, वह यश-अपयश से ऊपर हो जाता है।

सुख-दुख में एकरस रहता है तथा इस निराकार का आसरा लेकर अपने आपको निराकार में ही समा देता है।

अपने आपको निराकार के अर्पण कर देने से ही सहज अवस्था बन पाती है, मन के विकार स्वयं ही दूर होने लगते हैं, भेदभाव मिट जाते हं, जाति-पाति की दीवारें टूट जाती हैं, भाषा की दीवारें टूट जाती हैं। फिर कोई पराया नहीं रह जाता। ऐसी अवस्था बनजाने के बाद किसी से वैर करने का कोई आधार नहीं रह जाता। क्योंकि घृणा तो उतनी देर ही होती है, जितनी देर किसी को पराया माना जाए। जब कोई पराया ही नहीं, तो घृणा किससे की जाए? हम अक्सर देखते हैं कि हमारे कमरे में बहुत कीमती सामान पड़ाहोता है, बहुत अच्छा कागज दीवार पर लगा होता है। हमारा अपना बच्चा पेन्सिल लेकर उस पर कुछ लकीरें लगा रहा होता है तो हमें थोड़ा गुस्सा आता है, हम उसे डांटते हैं तथा समझाते हैं।




## नोकरियां यहां देखें

**एसजीपीजीआई एमएस लखनऊ में**
नर्सिंग ऑफिसर, टेक्निकल ऑफिसर व अन्य के
कुल पद : 1479
आवेदन की अंतिम तिथि: 18 जुलाई, 2025
आयु सीमा: 18 से 40 वर्ष
करें आवेदन:
**sgpgims.org.in**

**इंडियन कोस्ट गार्ड में जनरल ड्यूटी (टेक) के**
**कुल पद:** 170
आवेदन की अंतिम तिथि: 23 जुलाई, 2025
योग्यता: स्नातक, इंजीनियरिंग व अन्य पात्रता
करे आवेदन:
**indiancoastguard.gov.in**

**आरसीएफएल में आप्रेटर, नर्स व अन्य के**
**कुल पद: 74**
आवेदन की अंतिम तिथि: 25 जुलाई, 2025
योग्यताएं: बीएससी/डिप्लोमा व अन्य पात्रताएं
करें आवेदन:
**rcfltd.com**

**सी-डैक में डिजाइन इंजीनियर, तकनीकी, प्रबंधक व अन्य के** कुल पद:
आवेदन की अंतिम तिथि: 31 अगस्त 2025
योग्यताएं: बीई, बी टेक व अन्य पात्रताएं
करे आवेदन:
**cdac.in**

**आई सीएफ आरई में साइंटिस्ट-बी के**
**कुल पद:** 25
आदेवन की अंतिम तिथि: 15 जुलाई 2025
आयु सीमा: 21 से 35 वर्ष
करे आवेदन:
**icfre.gov.in**

**एफएसएनएल प्राइवेट लिमिटेड में**
असिस्टेंट, मैकेनिक व अन्य के
**कुल पद:** 50
आवेदन की अंतिम तिथि: 24 अगस्त, 2025
**योग्यता:** ग्रेजुएट, डिप्लोमा व अन्य पात्रताएं
करे आवेदन:
**fsnl.co.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें


## कुरुक्षेत्र के जिवितेश गुप्ता ने जीआईआईएस स्मार्ट कैम्पस, सिंगापुर में अध्ययन के लिए 100 प्रतिशत ग्लोबल सिटिजन स्कॉलरशिप हासिल की



**कुरुक्षेत्र।** ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल (जीआई आईएस) ने अपने प्रतिष्ठित ग्लोबल सिटीजन स्कॉलरशिप (जीसीएस) के नए प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए एरोसिटी, दिल्ली में एक गर्मजोशी भरा सम्मान समारोह आयोजित किया, जो विश्व स्तरीय शिक्षा के माध्यम से प्रतिभाशाली नौजवान मस्तिष्कों को सशक्त बनाने की एक प्रमुख पहल है। इस वर्ष चुने गए 10 असाधारण विद्यार्थियों में कुरुक्षेत्र के जिवितेश गुप्ता भी शामिल हैं, जो अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। जिवितेश अब जीआईआईएस स्मार्ट कैम्पस सिंगापुर में एक परिवर्तनकारी शैक्षणिक यात्रा शुरू करेंगे, जिसमें वरिष्ठ माध्यमिक (सीनियर सैकिंडरी) शिक्षा के दो महत्वपूर्ण वर्षों (ग्रेड 11 और 12) के लिए ट्यूशन फीस, बोर्डिंग और रहने के खर्च का 100 प्रतिशत कवरेज होगा। यह शैक्षणिक संस्थान अपने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, शीर्ष स्तरीय सुविधाओं और अत्यधिक कुशल शिक्षकों के समूह के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम विद्यार्थियों को सीबीएसई या आईबीडीपी पाठ्यक्रम के बीच चयन करने की अनुमति देता है। कुल खर्च, प्रति विद्यार्थी, दो साल के लिए, 1 करोड़ रुपये होगा, जिसे जीसीएस प्रोग्राम पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा।

## आचार्य श्री भिक्षु की जागरूकता ही समूचे संघ को निश्चिन्तता व स्वस्थता प्रदान करती है: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। तेरापंथ एक धर्मसमुदाय है, इसकी प्राण -प्रतिष्ठा महान् तपस्वी आचार्य भिक्षु के हाथों हुई। संघ चिरजीवी व स्वस्थ बना रहे इसके लिए उन्होंने इस धर्मसंघ की नींव में मर्यादा और अनुसाशन के दो ऐसे पीलर लगाये कि ये आने वाले हर खतरे से संघ को सुरक्षित रख लेते हैं, एक आचार्य के नेतृत्व में सारी सत्ता सौंपकर उन्होंने धर्मसंघ पर महान् उपकार किया। आचार्य की जागरूकता ही समूचे संघ को निश्चिन्तता व स्वस्थता प्रदान करती है, संघ के सदस्यों में निश्चिन्तता व आश्वासन ही संघ की जीवन्तता का सबल प्रमाण है। आज से 266 वर्ष पूर्व आचार्य भिक्षु ने केलवा की अंधेरी ओरी में तेरापंथ धर्म की स्थापना की थी। आचार्य भिक्षु एक दूरदृष्टा संत थे। उन्होंने जैन धर्म में आई शिथिलताओं पर प्रहार किया और एक गुरु और एक विधान के सिद्धांत को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि आज इसी धर्मसंघ के लगभग 800 साधु-साध्वियां आचार्य महाश्रमण की एक आज्ञा से देश व विदेश में नैतिकता, सद्भावना एवं नशा मुक्ति का प्रचार-प्रसार कर रहे है। ये



शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने 266वें तेरापंथ स्थापना दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा तेरापंथ धर्म संघ एक मर्यादित धर्मसंघ है। 266 वर्ष आचार्य भिक्षु ने जिन मर्यादाओं का निर्माण किया वह आज भी प्रतिष्ठित है। तेरापंथ धर्मसंघ के साधु-साध्विया जीवन भर पदयात्रा करते हुए स्व-कल्याण के साथ जनता को उपदेश देकर मानवता का संदेश देते है। आचार्य भिक्षु ने कहा था कि अनुशासन के पक्ष में सर्तकता का होना जरूरी है ऐसी सर्तकता, जो कठोरता और कोमलता दोनों से परे हो। कठोरता के पीछे कष्ट देने की नीति होती है। जबकि स्वंतत्रता के पीछे केवल व्यवस्था को बनाए रखने की नीति क्रियाशीलता होती है। विशिष्ट महापुरूषों को समय समय पर विशिष्ट ज्ञान की प्राप्ति होती है, भगवान महावीर को केवल ज्ञान की, बुद्ध को बोधि प्राप्त हुई उसी श्रृंखला में आचार्य भिक्षु के अंतर नेनों का खुलना नई चेतना का उदर्वारोहण सोई सुस्त चेतना का जागरण ही बोधि है। मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया आचार्य भिक्षु ने कहा था कि अनुशासन के पक्ष में सर्तकता का होना जरूरी है ऐसी सर्तकता, जो कठोरता और कोमलता दोनों से परे हो। कठोरता के पीछे कष्ट देने की नीति होती है। जबकि स्वंतत्रता के पीछे केवल व्यवस्था को बनाए रखने की नीति क्रियाशीलता होती है। विशिष्ट महापुरूषों को समय समय पर विशिष्ट ज्ञान की प्राप्ति होती है, भगवान महावीर को केवल ज्ञान की, बुद्ध को बोधि प्राप्त हुई उसी श्रृंखला में आचार्य भिक्षु के अंतर नेनों का खुलना नई चेतना का उदर्वारोहण सोई सुस्त चेतना का जागरण ही बोधि है।

## पंचांग

शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025, सूर्योदय: 05:31 ए एम, सूर्यास्त: 07:22 पी एम, चन्द्रोदय: 08:05 पी एम, चन्द्रास्त: 05:35 ए एम, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2081 नल, अमान्त महीना: आषाढ़, पूर्णिमान्त महीना: श्रावण, वार: शुक्रवार, पक्ष: कृष्ण पक्ष, तिथि: प्रतिपदा - 02:08 ए एम, जुलाई 12 तक, नक्षत्र: पूर्वाषाढा - 05:56 ए एम तक, योग: वैधृति - 08:45 पी एम तक, करण: बालव - 02:10 पी एम तक, द्वितीय करण: कौलव - 02:08 ए एम, जुलाई 12 तक, सूर्य राशि: मिथुन, चन्द्र राशि: धनु - 12:08 पी एम तक, राहुकाल: 10:43 ए एम से 12:27 पी एम, गुलिक काल: 07:15 ए एम से 08:59 ए एम, यमगण्ड: 03:54 पी एम से 05:38 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 11:59 ए एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्त: 08:17 ए एम से 09:13 ए एम, दुर्मुहूर्त: 12:54 पी एम से 01:50 पी एम, अमृत काल: 12:01 ए एम, जुलाई 12 से 01:40 ए एम, जुलाई 12

## भविष्य फल



**मेष:** आज पारिवारिक-जीवन में अस्थिरता रह सकती है। आपका अपने माता-पिता के साथ कुछ वैचारिक मतभेद हो सकता हैं।

**वृष:** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा।

**मिथुन:** नए काम और नई बिजनेस डील सामने आ सकती है।परेशानियों से निपटने के लिए दिन अच्छा रहेगा। कोई नया ऑफर भी मिल सकता है।

**कर्क:** आज आपको भूमि, रिअल-एस्टेट या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है।

**सिंह :** आज आप बहुत भाग्यशाली होंगे और अधिकारियों से विशेष सहयोग प्राप्त करेंगे। आप अपने सभी प्रयासों में सफल होंगे।

**कन्या:** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । कोई ऐसी चीज़ हासिल कर पायेंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडिया आयेंगे।

**तुला:** आप परिस्थितियों का फायदा उठाकर अपने काम पूरे कर सकते हैं। कामकाज में भी आपका मन लगेगा।आज आपको अचानक कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज साहस से काम लें और किसी के उकसावे में न आएं। आपको आपके काम के आधार पर परखा जाएगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**धनु:** आज का दिन बेहद शानदार रहेगा । कठिन समय के बाद आखिरकार आप अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ आराम कर सकते हैं।

**मकर:** आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं। आपको कुछ काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कुंभ:** ऑफिस में खुद को नियंत्रण में रखें। पद लाभ का योग बन रहा है। कार्यक्षेत्र की परेशानियां खत्म हो सकती हैं।

**मीन:** आज आप दिन भर प्रसन्न रहेंगे लेकिन रात के वक्त कोई बुरी खबर आपको काफी चिंतित कर सकती है।

## अमेजन पे ने लॉन्च किया रिवॉर्ड्स गोल्ड दैनिक खर्चों के लिए एक आसान,पारदर्शी कैशबैक प्रोगाम

शिमला। अमेजन पे ने 'रिवॉर्ड्स गोल्ड' को पेश किया है,जो एक आसान रिवार्ड प्रोग्राम है, जिसमें प्राइस मेंबर्स को प्रत्येक योग्य लेनदेन पर 5 प्रतिशत कैशबैक और गैर-प्राइम ग्राहकों को 3 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। इस प्रोग्राम के लिए पात्रता हासिल करना आसान है इन रिवॉर्ड को पाने के लिए अमेजन पे के माध्यम से खरीदारी या भुगतान के 25 लेनदेन पूरे करने होंगे। पात्रता हासिल करने के बाद, मेंबर्स विभिन्न श्रेणियों और मर्चेंट्स के साथ होने वाले हर लेनदेन पर 5 प्रतिशत तक का सुनिश्चित कैशबैक हासिल कर सकेंगे।12 से 14 जुलाई 2025 को होने वाले अमेजन इंडिया के प्रमुख प्राइम डे शॉपिंग इवेंट की उत्तेजना के बीच, ग्राहक रिवॉर्ड्स गोल्ड के लिए जल्दी पात्रता प्राप्त कर करके अपनी बचत को अधिकतम कर सकते हैं। 25 लेनदेन का कोई भी संयोजन चाहे वह यूपीआई भुगतान, पैसे भेजना, क्यूआर कोड स्कैन करना, रिचार्ज करना, या खरीदारी करना हो इन प्रीमियम लाभों को अनलॉक कर देगा। यह प्रोग्राम प्राइम सदस्यों के लिए किराना, कपड़े, यात्रा, मनोरंजन, फूड डिलीवरी आदि जैसे लोकप्रिय खर्च श्रेणियों में 5 प्रतिशत अनलिमिटेड कैश बैक प्रदान करता है।

## इस प्राइम डे पर रोज़मर्रा की ज़रूरतों की चीज़ें और नया गिगलबॉक्स बेबी हैम्पर पर जबरदस्त बचत

**शिमला।** इस प्राइम डे पर अमेजन.इन ने नई शुरुआत को और भी खास बनाने के लिए गिगलबॉक्स नाम से एक विशेष बेबी एसेंशियल्स हैम्पर लॉन्च किया है, जिसका टैग लाइन है, हर शुरुआत के लिए सबसे अच्छा। विश्वसनीय उत्पादों से थॉटफुल तैयार किया गया यह गिफ्ट बॉक्स नए माता-पिता के लिए बेबी गिफ्टिंग को बेहद आसान बना रहा है, वो भी प्राइम डे की सबसे बड़ी बचत के मौके पर।12 जुलाई से 14 जुलाई तक प्राइम मेंबर्स को 30 लाख से ज्यादा रोजमर्रा के जरूरी सामानों पर 60प्रतिशत तक की छूट और ताजे किराना उत्पादों पर 50 प्रतिशत क की बचत मिलेगी, जिसे ब्रू ने प्रस्तुत किया है और दावत व मैक चेन ने सह-प्रायोजित किया है।इस दौरान डाबर, सर्फ एक्सेल, बिंगो, कोक, रियल, टाटा, पैम्पर्स, ऑप्टिमम न्यूट्रिशन, पैडिग्री, मसलब्लेज़, नॉरिशयू, कपिवा, दहोलट्रुथ, एचकेवायटल्स जैसे प्रमुख ब्रांड्स के नए लॉन्च भी उपलब्ध होंगे। यह मौका किचन को रीस्टॉक करने, हेल्थ वेलनेस किट को अपग्रेड करने या कुछ नया ट्राय करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।साथ ही, ग्राहकों को मानसून सीजन के लिए जरूरी स्नैक्स, पेय पदार्थ और हेल्थ प्रोडक्ट्स पर खास डील्स मिलेंगी, 400 रूपये का फ्लैट कैश बैक मिलेगा।

## अपग्रेड कंज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर शानदार प्राइम डे डील्स

शिमला। तैयार हो जाइए प्राइम डे 2025 के लिए, जो 12 जुलाई की आधी रात 12 बजे शुरू होकर 14 जुलाई तक चलेगा, तीन दिन तक बेहतरीन डील्स का ज़बरदस्त मौका! एप्पल, सैमसंग, सोनी, वनप्लस, जेबीएल, शाओमी और एलजी जैसे टॉप ब्रांड्स के लेटेस्ट स्मार्टफोन्स, लैपटॉप्स और स्मार्ट टीवी पर शानदार छूट का लाभ उठाएं।चाहे आप अपना फोन अपग्रेड करना चाहते हों या होम एंटरटेनमेंट सेट अपको बेहतर बनाना हो, यह समय है सबसे सही! इस प्राइम डे पर कंज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स की बेस्ट रेंज पर टॉप डील्स का आनंद लें। सैमसंग, एप्पल, वनप्लस, सोनी, बोट, जेबीएल, एलजी और अन्य लोकप्रिय ब्रांड्स के कंज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर शानदार डील्स का आनंद लें, सभी कैटेगरीज में प्राइम ग्राहक इन ऑफर्स का लाभ 12 जुलाई 2025 की आधी रात से लेकर 14 जुलाई 2025 की आधी रात तक उठा सकते हैं, अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ करें शॉपिंग और मुस्कुराएं!

# सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से न रहे कोई भी पात्र जिलावासी वंचित: सुशील सारवान

> जिलावासी सरकारी योजनाओं से जुड़कर अपने व्यवसाय के लिए सस्ती ब्याज दर पर लें ऋण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिलावासियों को सरलता व सहजता से लाभ कैसे मिले, इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए वीरवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में कार्य कर रहे सभी एबीपीओ, पीओ, बीपीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि जिले का कोई भी पात्र नागरिक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ गांव व शहरों में रहने वाले प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए पूरी गंभीरता से कार्य किया जाए।

सीईओ जिला परिषद अभय सिंह जागंड़ा ने सभी एबीपीओ को निर्देश दिए कि मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत कार्यरत सभी वर्करों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, साथ ही नए पात्र लाभार्थियों का भी पंजीकरण करवाया जाए। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अपने नजदीकी सीएससी केंद्र पर जाकर ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं।

सीईओ ने हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन तथा अन्य योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी तथा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं से जोड़ें, ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग आत्मनिर्भर बन सकें।

एलडीएम हरिश कुमार वर्मा ने बैठक के दौरान बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं का उद्देश्य लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिलावासियों को अपने व्यवसाय के लिए सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभों की जानकारी दी।

एलडीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत सरकार छोटे व्यवसायों के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करती है, जिसे तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इनमें शिशु ऋण 50,000 रुपये तक, किशोर ऋण 50,000 रुपये से 5 लाख रुपये तक, तरुण ऋण 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक दिया जाता है। इसके साथ ही 10 लाख रुपए तक के लोन को सही रूप से चूकने पर 20 लाख रुपए तक का तरुण प्लस लोन भी उपलब्ध करवाया जाता है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को 5 से 7 दिन के बुनियादी प्रशिक्षण और 15 दिन या उससे अधिक के उन्नत प्रशिक्षण के उपरांत सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना पारंपरिक पेशों से जुड़े लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

## अमेजन.इन ने गिगलबॉक्स नाम से एक विशेष बेबी एसेंशियल्स हैम्पर लॉन्च किया

चंडीगढ़। इस प्राइम डे पर अमेजन .इन ने नई शुरुआत को और भी खास बनाने के लिए गिगलबॉक्स नाम से एक विशेष बेबी एसेंशियल्स हैम्पर लॉन्च किया है, जिसका टैगलाइन है, हर शुरुआत के लिए सबसे अच्छा। विश्वसनीय उत्पादों से थॉटफुल तैयार किया गया यह गिफ्ट बॉक्स नए माता-पिता के लिए बेबी गिफ्टिंग को बेहद आसान बना रहा है, वो भी प्राइम डे की सबसे बड़ी बचत के मौके पर। 12 जुलाई से 14 जुलाई तक प्राइम मेंबर्स को 30 लाख से ज्यादा रोजमर्रा के जरूरी सामानों पर 60 प्रतिशत तक की छूट और ताजे किराना उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की बचत मिलेगी, जिसे ब्रू ने प्रस्तुत किया है और दावत व मैकचेन ने सह-प्रायोजित किया है। इस दौरान डाबर, सर्फ एक्सेल, बिंगो, कोक, रियल, टाटा, पैम्पर्स, ऑप्टिमम न्यूट्रिशन, पैडिग्री, मसलब्लेज़, नॉरिश यू, कपिवा, द होल ट्रुथ, एचके वायटल्स जैसे प्रमुख ब्रांड्स के नए लॉन्च भी उपलब्ध होंगे। यह मौका किचन को रीस्टॉक करने, हेल्थ वेलनेस किट को अपग्रेड करने या कुछ नया ट्राय करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। साथ ही, ग्राहकों को मानसून सीजन के लिए जरूरी स्नैक्स, पेय पदार्थ और हेल्थ प्रोडक्ट्स पर खास डील्स मिलेंगी, 400 रूपये का फ्लैट कैशबैक मिलेगा और अमेजन फ्रेश पर हजारों उत्पादों की 2 घंटे की स्लॉट डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध होगी।चाहे आप अपना पैंट्री भर रहे हों, मौसम के अनुसार खरीदारी कर रहे हों या गिगलबॉक्स जैसे सोच-समझकर चुने गए उपहार ले रहे हों, प्राइम डे को आपकी खरीदारी को और भी स्मार्ट, तेज़ और फायदेमंद बनाता है। अभी तक प्राइम मेंबर नहीं हैं? तो अब जुड़ने का सही समय है और साल की सबसे बड़ी बचत का भरपूर लाभ उठाइए।

## अमेजन पे ने लॉन्च किया रिवॉर्ड्स गोल्ड- दैनिक खर्चों के लिए एक आसान, पारदर्शी कैशबैक प्रोगाम

चंडीगढ़। अमेजन पे ने 'रिवॉर्ड्स गोल्ड' को पेश किया है, जो एक आसान रिवार्ड प्रोग्राम है, जिसमें प्राइस मेंबर्स को प्रत्येक योग्य लेनदेन पर 5 प्रतिशत कैशबैक और गैर-प्राइम ग्राहकों को 3 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। इस प्रोग्राम के लिए पात्रता हासिल करना आसान है- इन रिवॉर्ड को पाने के लिए अमेजन पे के माध्यम से खरीदारी या भुगतान के 25 लेनदेन पूरे करने होंगे। पात्रता हासिल करने के बाद, मेंबर्स विभिन्न श्रेणियों और मर्चेंट्स के साथ होने वाले हर लेनदेन पर 5 प्रतिशत तक का सुनिश्चित कैशबैक हासिल कर सकेंगे। 12 से 14 जुलाई 2025 को होने वाले अमेजन इंडिया के प्रमुख प्राइम डे शॉपिंग इवेंट की उत्तेजना के बीच, ग्राहक रिवॉर्ड्स गोल्ड के लिए जल्दी पात्रता प्राप्त कर करके अपनी बचत को अधिकतम कर सकते हैं। 25 लेनदेन का कोई भी संयोजन - चाहे वह यूपीआई भुगतान, पैसे भेजना, क्यूआर कोड स्कैन करना, रिचार्ज करना, या खरीदारी करना हो - इन प्रीमियम लाभों को अनलॉक कर देगा।यह प्रोग्राम प्राइम सदस्यों के लिए किराना, कपड़े, यात्रा, मनोरंजन, फूड डिलीवरी आदि जैसे लोकप्रिय खर्च श्रेणियों में 5 प्रतिशत अनलिमिटेड कैशबैक प्रदान करता है। यह भारत में डिजिटल भुगतान पुरस्कारों के अनुभव में एक महत्वपूर्ण विकास है। ये कैशबैक अमेजन .इन और 55,000 से ज्यादा पार्टनर मर्चेंट्स, जिसमें 5,000 से अधिक ऑफलाइन ब्रांड स्टोर शामिल हैं, पर आसानी से रिडीम किया जा सकता है।

## अमेज़न बिज़नस पर आकर्षक डील्स और बेहतरीन ऑफर्स

चंडीगढ़। अमेज़न बिज़नस 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक अपने बिजनस कस्?टर्स के लिए इस प्राइम डे पर कुछ आकर्षक डील्स की घोषणा करता है। पहली बार, प्राइम डे 72 घंटे का शॉपिंग सेलीब्रेशन होगा, जिसमें बिजनस कस्टमर्स लैपटॉप, टैबलेट, हेडफ़ोन, एसी, कूलर, पंखे, ऑफिस फ़र्नीचर, किचन एप्लायसेंस एवं इंडस्ट्रीयल सप्लाई जैसे विभिन्न उत्पादों आकर्षक डील्स का फायदा उठा सकते हैं। ग्राहक विभिन्न श्रेणियों में बल्क खरीदारी करने पर 20 प्रतिशत प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट का भी लाभ उठा सकते हैं और अपने प्रीपेड ऑर्डर पर एलिजबल श्रेणियों में 9,999 रुपये तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। लैपटॉप, टैबलेट, हेडफ़ोन, एसी, कूलर, पंखे, ऑफिस फ़र्नीचर, किचन एप्लायसेंस और इंडस्ट्रीयल सप्लाई जैसे विभिन्न उत्पादों पर 80 प्रतिशत तक की छूट पाएं।टैबलेट और लैपटॉप की बल्क खरीद पर 65प्रतिशत तक की छूट पाएँ।डेल गेमिंग जी15-5530, इंटेल कोर आई5--13450एचएक्स प्रोसेसर इस लैपटॉप की शानदार पोर्टेबिलिटी इसे घर में या यात्रा के दौरान के लिए एक परफेक्ट सहयोगी बनाती है। इसका आकर्षक डिज़ाइन आपके बैग में आसानी से आ जाता है। पहले इसका अधिकतम खुदरा मूल्य 1,03,146 रुपए था, लेकिन अब बिजनस कस्मर इसकी बल्क खरीद पर इसे सिर्फ 63,854 रुपए प्रति पीस की दर से खरीद सकते हैं।

# पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री

## राज्य में रीनल ट्रांसप्लांट कार्यक्रम शुरू करने के लिए मांगा सहयोग

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़। अरुणाचल प्रदेश में गुर्दा प्रत्यारोपण (रीनल ट्रांसप्लांट) सेवाएं शुरू करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियूराम वहगे वीरवार को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर पहुंचे। उनके साथ स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ सलाहकार और अधिकारी भी शामिल थे। इस दौरे का उद्देश्य राज्य में एक मजबूत और आत्मनिर्भर रीनल ट्रांसप्लांट कार्यक्रम स्थापित करने के लिए पीजीआई से तकनीकी और शैक्षणिक सहयोग को आगे बढ़ाना था। स्वास्थ्य मंत्री के साथ डॉ. मोहेश चाई (स्वास्थ्य मंत्री के सलाहकार), डॉ. मोजी जीनी (निदेशक, त्रिह स नाहरलागुन) और डॉ. गोमी बसर (स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी) मौजूद रहे। पीजीआई की ओर से निदेशक प्रो. विवेक लाल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रो. आर.के. राठो, प्रो. संजय जैन, प्रो. अरुण बंसल, प्रो. विपिन कौशल समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ डॉक्टर और ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि यह अरुणाचल प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मियों का पीजीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला दूसरा दल है। इससे पहले एक दल को पहले ही गुर्दा प्रत्यारोपण संबंधित प्रशिक्षण मिल चुका है। यह साझेदारी राज्य में एक स्थायी और




कुशल ट्रांसप्लांट प्रणाली स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री श्री बियूराम वहगे ने कहा कि आपने मुझे एक बड़ा काम करने में मदद की है। हमारे मरीजों को आज भी राज्य से बाहर जाकर इलाज कराना पड़ता है, अब समय आ गया है कि हम यह सुविधा अपने राज्य में विकसित करें। पीजीआई एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता संस्थान है, और हम आपके अनुभव व मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम सफल बनाना चाहते हैं। पीजीआई निदेशक प्रो. विवेक लाल ने मंत्री की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बिना किसी औपचारिकता के सीधे यहां आए ताकि हमारे सिस्टम को पूरी तरह समझ सकें । उनके भीतर राज्य के स्वास्थ्य तंत्र को बेहतर करने की जो लगन है, वह प्रेरणादायक है। पीजीआई प्रशिक्षण, ऑब्जर्वरशिप और साझा क्लिनिकल प्रोटोकॉल के माध्यम सेपूरी तरह से सहयोग को तैयार है।

पुरुष बांझपन के इलाज में तकनीकी क्रांति की ओर बड़ा कदम

# पीजीआई ने भारत में पहली बार रोबोटिक वासोवासोस्टॉमी सर्जरी कर रचा इतिहास

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के यूरोलॉजी विभाग ने भारत की पहली रोबोटिक वासोवासोस्टॉमी सर्जरी सफलतापूर्वक स पन्न की है। यह अत्याधुनिक सर्जरी 9 जुलाई, 2025 को एडीशनल प्रोफेसर डॉ. आदित्य प्रकाश शर्मा और डॉ. गिरधर बोरा तथा प्रो. रवि मोहन के नेतृत्व में की गई। इस सर्जरी से गुजरने वाला मरीज 43 वर्ष का था जो नसबंदी के बाद से सेकेंडरी बांझपन की समस्या से जूझ रहा था। सर्जरी के एक दिन बाद ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

वासोवासोस्टॉमी एक जटिल माइक्रो सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें वास डिफरेंस के कटे हुए सिरों को पुनः जोड़ा जाता है ताकि पुरुष की प्रजनन क्षमता फिर से बहाल की जा सके। यह सर्जरी पारंपरिक रूप से माइक्रोस्कोप की सहायता से की जाती है, लेकिन इस बार इसे अत्याधुनिक विंसी रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम से अंजाम दिया गया। डॉ. आदित्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि उन्नत तकनीकों को व्यवहार में लाया गया जिससे यह सर्जरी सफल हो पाई। रोबोटिक वासोवासोस्टॉमी में अल्ट्रा-फाइन (मानव बाल से भी पतले) धागों से अत्यंत सटीक टांके लगाए जाते हैं। सर्जन की थकान और हाथों के कांपने की समस्या को भी कम करती है। यह उन दंपतियों के लिए नई उम्मीद बन सकती है जो नसबंदी के बाद प्राकृतिक रूप से संतान की इच्छा रखते हैं।

प्रो. रवि मोहन ने कहा कि यह सफलता दर्शाती है कि रोबोटिक तकनीक केवल कैंसर या पुनर्निर्माण सर्जरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एंड्रोलॉजी और माइक्रोसर्जरी जैसे क्षेत्रों में भी अपनी उपयोगिता साबित कर सकती है। इस उपलब्धि के साथ, पीजीआई उन गिने-चुने वैश्विक चिकित्सा केंद्रों की सूची में शामिल हो गया है जो रोबोटिक वासोवासोस्टॉमी जैसे जटिल ऑपरेशन कर रहे हैं। यह भारत को इस विशेष सर्जिकल क्षेत्र में वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम है। सर्जिकल टीम अपने अनुभव को वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित करने की योजना बना रही है ताकि यह तकनीक व्यापक स्तर पर अपनाई जा सके। यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. उत्तम मेटे और पीजीआई के निदेशक प्रो. विवेक लाल के निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन से यह योजना आगे बढ़ी।

# चंडीगढ़ में बूथ स्तर अधिकारियों का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**चंडीगढ़।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चंडीगढ़ में 7 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में करीब 650 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य इन अधिकारियों की क्षमता और दक्षता को बढ़ाना है ताकि वे जमीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रियाओं का बेहतर संचालन कर सकें। मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में मतदाता पंजीकरण, मतदाता सूची का रखरखाव, मतदाता डेटा का सत्यापन, और मतदान केंद्रों की पहुंच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर फोकस किया जा रहा है। साथ ही, अधिकारियों को मतदाता शिकायतों का समाधान करने और मतदाता जागरूकता बढ़ाने के तरीकों की भी जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण में सिद्धांत और व्यवहार दोनों पर आधारित सत्र शामिल हैं। खास बात यह है कि बीएलओ ऐप और वोटर हेल्पलाइन ऐपर जैसे डिजिटल टूल्स के उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम के तहत वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित सिमुलेशन अभ्यास भी करवाया गया, जिससे क्करु ह्व की निर्णय लेने की क्षमता को परखा और निखारा जा सके। इसके अलावा, अधिकारियों को मतदाता सूची से संबंधित पंजीकरण, सुधार, नाम जोड़ने, हटाने और स्थानांतरण से जुड़े फॉर्म भरने का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सक्षम और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# क्रोमा में कई उत्पादों पर छूट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। भारत के अग्रणी ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, टाटा समूह के एक सदस्य क्रोमा ने जुलाई महीने में अपना एक्स्ट्रा डील डेज़ कैम्पेन शुरू करके उपभोक्ताओं के उत्साह को बढ़ाया है। क्रोमा में ग्राहकों को मिल रही है, इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स की एक बहुत बड़ी रेन्ज पर बेजोड़ छूट, साथ ही प्रमुख उपकरणों पर स्पेशल सीजनल ऑफ़र का भी लाभ उठा सकते हैं। आपके तकनीकी और घरेलू आवश्यक सामानों को अपग्रेड करने, स्मार्ट खरीदारी करने और ज्यादा से ज्यादा बचत करने का यही सही समय है। क्रोमा-ब्रांडेड उत्पादों पर विशेष डील्स पाकर ग्राहक अपने खरीदारी के अनुभव को और भी बेहतर बना सकते हैं, ज़पिकेयर प्रोटेक्शन प्लान चुनकर निश्चिन्त रह सकते हैं। लचीले ईएमआई विकल्प, तत्काल बैंक छूट और एक्सचेंज रिवार्ड्स सहित वित्तीय सुविधाओं की बहुत बड़ी रेन्ज आपके हर खरीद को अधिक स्मार्ट और अधिक फायदेमंद बनाती है।

# स्क्रीन अकैडमी का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** इंडियन एक्सप्रेस समूह और स्क्रीन ने बुधवार को एक अग्रणी गैर-लाभकारी पहल, स्क्रीन अकैडमी जो भारतीय सिनेमा के उभरती प्रतिभाओं की मदद करेगी और उन्हें अपनी कृतियों का प्रदर्शन करने का मौका देगी। अभिषेक लोढ़ा के लिए, अकैडमी का काम भारत की सॉफ्ट पावर (सांस्कृतिक शक्ति) और रचनात्मक कलाओं के लिहाज से वैश्विक स्तर पर अग्रणी के रूप में देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। लोढ़ा फाउंडेशन 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। फिल्में और रचनात्मक कलाएं हमारे राष्ट्र की एक प्रमुख शक्ति हैं और स्क्रीन अकैडमी इस क्षेत्र में भारत को एक वैश्विक अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लोढ़ा फाउंडेशन को इस महत्वाकांक्षी पहल में स्क्रीन अकैडमी के साथ साझेदारी कर खुशी हो रही है।

# पद्मिनी कोल्हापुरे ने साझा की पृथ्वीराज के राज्याभिषेक और राजासोमेश्वर की विरासत पर अपनी भावनाएं

चंडीगढ़। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रही ऐतिहासिक महागाथा'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' भारत के सबसे महान राजाओं में से एकके उदय को बेहद खूबसूरती से दर्शाती है। अब वह बहुप्रतीक्षित क्षण आ चुका है जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था – युवा पृथ्वीराज काराज्याभिषेक, जो राजा सोमेश्वर की भावुक और मार्मिक मृत्यु के बाद होगा। यह शो अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहाहै। वे इसमें राजमाता की भूमिका निभा रही हैं – एक ऐसी माँ, जिसने अभी-अभी अपने बेटे राजा सोमेश्वर को खोया है, और अब उसे अपने भीतर कीपूरी शक्ति जुटाकर अपने युवा पोते के साथ खड़ा होना है, जो अब राज्य कानया सम्राट बनने जा रहा है। यह भावनाओं से भरपूर कथा न केवल पृथ्वीराजके शासनकाल की शुरुआत को दर्शाती है, बल्कि एक स्त्री के भीतर छिपीअसीम शक्ति और धैर्य को भी उजागर करती है।

राजमाता की भूमिका पर अपने अनुभव साझा करते हुए पद्मिनी कोल्हापुरे नेकहा, राजमाता के रूप में मुझे एक ऐसी स्त्री का किरादर निभाना था, जोअपने बेटे राजा सोमेश्वर को खोने के बाद अंदर से टूट चुकी है, लेकिन फिरभी मजबूती से खड़ी है। अब उसका पोता पूरे राज्य की उम्मीद बन चुका है। दर्द और गर्व की इस दोहरी भावना को पर्दे पर उतारना आसान नहीं था, लेकिन एक कलाकार के रूप में यह अनुभव बेहद संतोषजनक रहा। एकपुरानी कहावत है ङ्क 'कुछ महान घटित हो, उससे पहले कुछ समाप्त होनाजरूरी होता है।' यह इस कहानी के इस हिस्से पर पूरी तरह लागू होती है। राजा सोमेश्वर का निधन राज्य के इतिहास का एक अध्याय समाप्त करताहै, लेकिन यह पृथ्वीराज के सम्राट बनने और अपने लोगों के रक्षक बनने कीशुरुआत भी है। पृथ्वीराज की भूमिका निभा रहे उर्वा सावलिया एक बेहदप्रतिभाशाली युवा कलाकार हैं। उनकी अदाकारी में एक सच्चाई है जो बहुतकम देखने को मिलती है – जब वे देखते हैं, तो लगता है उनकी आंखों मेंभावनाएं सच में जिंदा हो उठी हैं। मैंने हमेशा माना है कि कुछ किरदार आपकेजीवन में इसीलिए आते हैं ताकि वे आपको शांति की शक्ति और दबाव में भीगरिमा बनाए रखने की याद दिला सकें – और राजमाता मेरे लिए ठीक वैसाही किरदार रही है।

विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हलके को दी विकास की नई सौगात

# विभिन्न गांवों में सब हेल्थ सेंटर के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की राशि करवाई मंजूर

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई (सोनीपत)। विधानसभा क्षेत्र राई से विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने कहा कि नाहरी गांव के लिए एक खेल स्टेडियम मंजूर करवाया गया है। इसके साथ-साथ विभिन्न गांवों में सब हेल्थ सेंटर निर्माण के लिए तीन करोड़ तीस लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाई है।



विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव पबसरा में 80 लाख 37 हजार रुपए, गांव कुमासपुर में 83 लाख 82 हजार रुपए, गांव दिपालपुर में 72 लाख 77 हजार रुपए, खटकड़ में 46 लाख 64 हजार रुपए, गांव नांगल कलां में 46 लाख 64 हजार रुपए की लागत से सब हेल्थ सेंटर के निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। सब हैल्थ सेंटरों के निर्माण के लिए उपरोक्त राशि स्वीकृत करवाई है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इनके निर्माण से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं गांव में ही मिल जाएंगी। उन्हें अपने इलाज के लिए दूर दराज शहरी क्षेत्र के अस्पतालों का चक्कर नहीं काटना पडेगा।

विधायक कृष्णा गहलावत ने गुरुवार को गांव खेवड़ा में स्वर्गीय राजेश की शोक सभा में पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। इसके पश्चात बहालगढ़ में स्थित देवर्षि स्कूल में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम वासियों ने बहालगढ़ में पीने के पानी की समस्या से विधायक कृष्णा गहलावत को अवगत करवाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि उनकी गत दिवस ही एसएमडीए के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है, जिसमें बहालगढ़ में गंदे पानी की निकासी व पेयजल की समस्या का जल्द ही समाधान करवा दिया जाएगा।

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई विधानसभा को प्रदेश ही नहीं अपितु देश की नंबर-एक विधानसभा बनाना उनका लक्ष्य है। इसके लिए राई में हर प्रकार की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। विकास के नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। राई के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान विधायक गहलावत मुरथल स्थित श्री रामकृष्ण साधना केंद्र में आयोजित गुरूदेव के नाम कार्यक्रम में भी पहुंची, जहां उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती का आशीर्वाद लेते हुए सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन कुलदीप नागल, मंडल अध्यक्ष शेखर आतिल, मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री , विनोद लाला, जोगिंदर आतिल, बहालगढ़ के सरपंच राजेश, नरेंद्र धीमान, अमरजीत, अमित अंतिल, अमित नाहरा आदि मौजूद रहे।

# गांव खरखौदा में विकसीत की जा रही चार अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

डीटीपी अजमेर सिंह ने की लोगों से अपील अवैध कॉलोनियों में न खरीदें कोई भी प्लॉट



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वीरवार को को गांव खरखौदा की राजस्व सम्पदा में शहरी क्षेत्र सोनीपत में लगती हुई कुल 14.65 एकड में बसी 4 अवैध कॉलोनियों जिसमें 6 एकड कच्चे रास्ते, 4 डीपीसी, 2 बाउंडरी वांल व 1 निर्माणाधीन प्रोपर्टी डीलर ऑफिस को ध्वस्त किया गया।

डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं।

डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध निर्माणध्कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक अवैध कॉलोनियों से संबंधित शिकायत या जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित हुड्डा कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

# रेलवे वर्कशॉप कालका में यूआरएमयू द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन

## कर्मचारियों ने भारी बारिश में किया विरोध प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** केंद्रीय नेतृत्व श्री बी.सी. शर्मा जी, महामंत्री यू.आर.एम.यू. (उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन) के आह्वान पर कालका वर्कशॉप ब्रांच द्वारा एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ब्रांच सचिव श्री विकास तलवार ने की। बैठक में एससी/एसटी शाखा अध्यक्ष श्री मंजीत सिंह अपनी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे और यू.पी.एस. से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने की मांग को जोरदार ढंग से उठाया। गौर करने वाली बात यह रही कि बारिश के बावजूद कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। श्री विकास तलवार ने इस मौके पर रेलवे कॉलोनी में व्याप्त समस्याओं जैसे पानी की किल्लत, छतों की लीकेज,




कांग्रेसी बूटी की सफाई, और मेडिकल रेफरल संबंधित मुद्दों को गंभीरता से उठाया। गेट मीटिंग में अन्य पदाधिकारी श्री अमित कौशिक, जैल सिंह, कमल किशोर, अवतार सिंह तथा युवा विंग से सतविंदर जौनी, मुकेश, विक्रम, दिनेश, रोहित, गुरविंदर, सोनू, खेमचंद ने भाग लिया।

महिला विंग से गुरविंदर कौर, अनिता बब्बर, गुरमीत कौर, मंजीत कौर, रेनू, बेबी, सुरेंद्रा देवी तथा वरिष्ठ सदस्य श्री रघुवीर सिंह, राजिंदर सैनी, ललित कालिया और दलीप सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने एक स्वर में चेताया कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

# आरईसीपीडीसीएल ने गुजरात में 33.26 लाख प्रीपेड मीटरों के लिए प्रमुख स्मार्ट मीटरिंग समझौतों पर हस्ताक्षर किए

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आरईसीपीडीसीएल ने गुजरात के राजकोट में पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (पीजीवीसीएल) के अधिकार क्षेत्र में डीबीएफओओटी आधार पर आरडीएसएस योजना के तहत 33.26 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग (चरण- II परियोजना) के रोलआउट के लिए उन्नत मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (एएमआई) सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए पीआईए समझौते और डीडीएफ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके अतिरिक्त, आरईसीपीडीसीएल ने मेसर्स भारत ग्रिड प्राइवेट लिमिटेड के साथ एएमआईएसपी अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत ग्रिड प्राइवेट




लिमिटेड, एक्टिस और ईडीएफ इंडिया का एक संयुक्त उपक्रम है।

के.पी. जोशी, आईएएस, एमडी-पीजीवीसीएल, श्री टी.एस.सी. बोश, सीईओ ङ्क आरईसीपीडीसीएल; श्री सौरभ रस्तोगी, कार्यकारी निदेशक ङ्क आरईसीपीडीसीएल; आर.जे. वाला, मुख्य अभियंता-पीजीवीसीएल; क्रिस्टोफ फ्यूइलार्ड, सीईओ- बीजीपीएल सहित पीजीवीसीएल, आरईसीपीडीसीएल और मेसर्स भारत ग्रिड प्राइवेट लिमिटेड के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

इस परियोजना के प्रमुख लाभों में डाउनटाइम में कमी, नुकसान में कमी, उपभोक्ताओं से बेहतर जुड़ाव और वितरण क्षेत्र की समग्र कार्यक्षमता में सुधार शामिल हैं।

# पलहेड़ी–रुड़की खांम कॉजवे फिर जलमग्न

## पुल निर्माण को लेकर मंडी बोर्ड की लापरवाही से ग्रामीणों में रोष

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** पलहेड़ी न्यू-चंडीगढ़ और रुड़की खाम के बीच बना कॉज-वे भारी बारिश के कारण फिर से जलमग्न हो गया है। सरपंच स्वर्ण सिंह, समाजसेवी सतवीर सिंह पलहेड़ी, गुरशरण सिंह पूर्व पंच, बलविंदर सिंह पूर्व ए एसआई, अमरीक सिंह पूर्व ए एस आई के अलावा अन्य लोगों ने बताया कि पुल बनाने संबंधी ऐसी खबर कई साल पहले भी प्रकाशित हुई थी, लेकिन इतने सालों के बाद भी इस कॉजवे की तरफ किसी अधिकारी व विभाग ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इस कॉजवे पुल में तब्दील करने के लिए सरकार में कई बार अपील की थी।

जिस पर कार्रवाई करते हुए कार्यकारी इंजीनियर, निर्माण डिवीजन नंबर टीआरएम सा एसएएस नगर ने अपने पत्र 878



तारीख 01-09-2023 के जरिए चीफ इंजीनियर, पंजाब मंडी बोर्ड, पंजाब मंडी बोर्ड विभाग एस ए एस, नगर को लिखा कि इस नदी में बरसाती पानी का बहाव की मांग अधिक होने के कारण उचित कॉज-वे पुल से हर साल बरसात के मौसम में यातायात प्रभावित होता है और आस पास गायों के लोगों को आने जाने के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए इस सड़क की चौतरफा कनेक्टिविटी के लिए इस स्थान पर एक उच्च स्तरीय पुल बनाने की बहुत जल्द जरूरत है और इस कॉज-वे को पुल में तब्दील करने के लिए 812.83 लाख रुपए खर्चे का एस्टीमेट भेजा गया था। इसके साथ ही यह भी लिखा गया था कि इस कॉजवे को पुल में तब्दील करने के लिए 812.83 लाख रुपए खर्चे का एस्टीमेट बना कर भेजा गया था। उन्होंने बताया इसके बावजूद भी मंडी बोर्ड विभाग द्वारा 01-09-2023 के बाद कोई कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने बाया कि कई वर्ष पहले रिपेयर किया गया यह कॉज-वे भारी बारिश के कारण पानी में दब गया है तथा किसी समय भी जानी - मानी नुकसान होने का भय बना रहता है। इसलिए उन्होंने तथा आसपास गांव निवासिये द्वारा पुरजोर मांग को जा रही है कि यदि कार्यकारी इंजीनियर, निर्माण डिवीजन, बीटीएम बाच, एसएएम कार ने इस सड़क को पुल में तब्दील करने के लिए एस्टीमेट अनुमानिता 812 83 लाख रुपए खर्च को वो तो उसे तुरत मंजूरी दे जाए ताकि इस स्थान पर पुल का निर्माण किया जा सके।

# आईआरसीटीसी ने 'दक्षिण दर्शन यात्रा' की घोषणा की

## 28 जुलाई से चलेगी भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और अहम कदम उठाते हुए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने एक विशेष तीर्थ यात्रा पैकेज दक्षिण दर्शन यात्रा की घोषणा की है। यह यात्रा भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से कराई जाएगी। यह 13 दिन और 12 रातों की विशेष तीर्थ यात्रा 28 जुलाई 2025 से पठानकोट से शुरू होगी। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को दक्षिण भारत के प्रमुख सात पवित्र स्थलों रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी, मार्कापुर और तिरुपति के दर्शन कराए जाएंगे। यात्रा पैकेज में ट्रेन में कन्फर्म टिकट के अलावा ट्रेन में और यात्रा के दौरान शुद्ध शाकाहारी भोजन, होटल में ठहरने की व्यवस्था, लोकल ट्रांसपोर्ट और गाइडेड ट्रांसफर, यात्रा बीमा, एक समर्पित टूर मैनेजर और सुरक्षा स्टाफ, तीन श्रेणियाँ इकॉनॉमी (स्लीपर क्लास), स्टैंडर्ड और कंफर्ट शामिल हैं। श्रद्धालु इस यात्रा के लिए पठानकोट, जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत जंक्शन, सोनीपत, हजरत निज़ामुद्दीन, मथुरा, आगरा और ग्वालियर से बोर्डिंग और डिबोर्डिंग कर सकते हैं। यात्रा से जुड़ी विस्तृत जानकारी और बुकिंग के लिए श्रद्धालु www.irctctur-ism.càæm पर जा सकते हैं या IRCTC चंडीगढ़ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। एक आध्यात्मिक यात्रा पर निकलने के लिए आईआरसीटीसी की ओर से यह सुनहरा अवसर है जो आपको दक्षिण भारत की पावन धरती से जोड़ेगा।

# शहर के चारों ओर बारिश का पानी जमा होने से बाढ़ जैसे हालात बने

पिछले कई सालों से बारिश के पानी से जूझ रहे दुकानदारों की दुकानों में फिर से घुसा पानी

कोई भी प्रशासनिक अधिकारी जायजा लेने नहीं पहुंचा, लोगों में रोष

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 10 जुलाई।** बीती रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश और पानी की निकासी न होने से शहर चारों तरफ से जलमग्न हो गया है। शहर के ऊपरी हिस्से में जमा पानी खतरे का संकेत दे रहा है। कई सरकारी और गैर-सरकारी संस्थान पानी से घिर गए है। शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, अभी तक कोई भी अधिकारी शहर का जायजा लेने नहीं आया है। जिसके चलते शहरवासियों में भारी रोष है।

रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण बनूड़ के उप-तहसील कार्यालय के आसपास दो से ढाई फीट पानी जमा हो गया है। कार्यालय कर्मचारियों और रजिस्ट्रेशन आदि करवाने वालों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। लोगों ने कहा कि अगर तहसील कार्यालय का यह हाल है, तो तहसील के अंतर्गत आने वाले गांवों और शहर की संभावित समस्याओं का क्या होगा।

यही हाल मार्केट कमेटी कार्यालय और बनूड़ की अनाज मंडी का भी है, जो पानी से लबालब भरे हुए हैं। पिछले आठ वर्षों से बरसाती पानी की मार झेल रहे काउंसिल रोड स्थित दुकानों में आज पंद्रह दिनों में तीसरी बार पानी घुस गया। जिससे दुकानदारों को हर बार की तरह भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। काउंसिल कार्यालय में ही एक फुट से अधिक पानी जमा हो गया है। बरसाती पानी की निकासी न होने के कारण शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भी पानी से घिर गया।

### अगर बारिश जारी रही तो कई कालोनियां बह जायेंगी

तेपला रोड स्थित राधा स्वामी के आसपास भारी मात्रा में पानी जमा होने से इमारत को खतरा पैदा हो गया है। अगर बारिश ऐसे ही जारी रही, तो बनूड़ बैरियर के पास जमा पानी शहर की कई कॉलोनियों को बहा ले जाएगा। इस मामले को लेकर एसएमएस संधू, करम सिंह फौजी, गुरबचन सिंह आदि सहित आसपास के दर्जनों निवासियों ने एसडीएम मोहाली और कार्यकारी अधिकारी बनूड़ को लिखित प्रार्थना पत्र देकर पानी निकासी का प्रबंध करने की गुहार लगाई है। पिछले साल आई बाढ़ से सहमे शहरवासियों ने बाढ़ से निपटने की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है, जिसमें नालों की सफाई, बरसाती पानी की निकासी का प्रबंध, शहर के ऊपर से बहने वाली नदी के तटबंधों की मरम्मत शामिल है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के बीचोंबीच टूटा मैनहोल का ढक्कन दे रहा हादसों को न्योता

10 दिन बीत जाने के बावजूद टोल वसूलने वाली कंपनी, एनएचआई व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



बनूड़। बनूड़-राजपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले 10 दिनों से पानी निकासी के लिए बिछाई गई पाइप का टूटा मैनहोल का ढक्कन हादसों को न्योता दे रहा है। इस गड्ढे की जानकारी होने के बावजूद टोल वसूलने वाली कंपनी, एनएचआई व अन्य किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने इसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। इस टूटे हुए ढक्कन को दिखाते शहरवासी जगजीत सिंह छड़बड़, गुरविंदर सिंह मोला, मनीष कटारिया, अवतार सिंह और पवित्र सिंह ने बताया कि राज्य के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन कमलजीत सिंह के समय पानी निकासी के लिए पाइप लाइन बिछाई थी, जिसका मेन होल बिल्कुल राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पर है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिनों से उस मैनहोल का ढक्कन टूटा हुआ है, जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूलने के बावजूद इस टूटे हुए ढक्कन को नहीं बदला जा रहा है। शहरवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे टूटे हुए ढक्कन की मरम्मत करवाई जाए, ताकि किसी भयानक हादसे को रोका जा सके।

इस मामले संबंधी संपर्क करने पर सड़क मरम्मत कंपनी के मालिक अमनप्रीत सिंह ने बताया कि वह छुट्टी पर हैं, जिस कारण यह मामला उनके ध्यान में नहीं है। उन्होंने कहा कि इस टूटे हुए ढक्कन को जल्द ही बदल दिया जाएगा।

# ग्यारहवीं कक्षा के छात्र पर स्कूल के अन्य छात्रों ने किया जानलेवा हमला, अस्पताल में भर्ती

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**बनूड़, 10 जुलाई।** सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल बनूड़ के ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र पर स्कूल में पढ़ने वाले अन्य छात्रों ने जानलेवा हथियारों से हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया और उसे इलाज के लिए बनूड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल छात्र अभिजोत सिंह पुत्र मस्तान सिंह निवासी गांव चंगेरा ने बताया कि वह सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल बनूड़ में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता है। आज जब वह घर जाने के लिए स्कूल से बाहर निकला, तो स्कूल में पढ़ने वाले लगभग आधा दर्जन अन्य छात्रों ने उस पर तलवारों से हमला कर दिया। उसने बताया कि इस हमले में वह बुरी तरह घायल हो गया, जिसके बाद उसके साथियों ने उसे इलाज के लिए बनूड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित युवक और उसके माता-पिता ने अभिजोत सिंह पर हमला करने वाले छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले के बारे में जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर बहादुर राम ने बताया कि घायल युवक के बयान लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# बलटाना में छह दिन से लापता बच्चा रौशन घर लौटा, नहीं किया गया था किडनैप

मां-बाप को बिना बताए ऑटो में बैठकर चंडीगढ़ दोस्त के पास चला गया था बच्चा

परिवार वालों ने किया था प्रदर्शन, पुलिस की वर्दी फाड़ने के आरोप में 45 लोगों के खिलाफ है एफआईआर दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 10 जुलाई।** बलटाना। बलटाना क्षेत्र से छह दिन से लापता बच्चा रौशन के लिए जो परिवार वाले सड़कों पर प्रदर्शन कर बच्चे के किडनैप होने के आरोप लगा रहे थे वह बच्चा बुधवार शाम को खुद ही घर वापिस लौट आया। बच्चे रौशन ने परिवार को बताया कि वह चंडीगढ़ के पास स्थित किसी गांव में अपने दोस्त के पास चला गया था। कुछ दिन दिन वह चंडीगढ़ बा आस-पास के क्षेत्र में घूमता रहा। घर वापसी के बाद बच्चा डर और सहमा हुआ था।उसने बताया कि वह ऑटो से चंडीगढ़ गया था और वापिस भी ऑटो से ही बलटाना आया। उसके ऑटो में बैठकर जाने की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के पास मौजूद है। बलटाना चौकी इंचार्ज गुरप्रीत ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद बच्चे के पहले दिन से ही लापता होने की एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। परिवार को बताया था कि बच्चे को किडनैप नहीं हुआ है लेकिन गुस्साए परिवार वालों ने प्रदर्शन किया और पुलिस से हाथापाई की। इस मामले में एक नई एफआईआर दर्ज कर 40 से 45 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में चार आरोपियों को पुलिस की वर्दी फाड़ने के आरोप में हिरासत में लिया था जोकि एक दिन के पुलिस रिमांड पर है। इस लापता बच्चे की सूचना देने वाले पर चौकी इंचार्ज ने 11 हजार रुपये ईनाम भी रखा था।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सोनी मूल निवासी मरोदा मछवाड़ा, उत्तर प्रदेश (वर्तमान में सेक्टर 52, चंडीगढ़ में रहती है), नीलम, अमनखेड़ा जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश (वर्तमान में हेम विहार में रहती हैं), मनीष अरोड़ा वधावा नगर बलटाना और नरिंदर कुमार पंजाब मॉडर्न कॉम्प्लेक्स, बलटाना के रूप में हुई थी। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132, 121(1), 221, 285, 191(3) और 190 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि लगभग 40 से 45 अन्य अज्ञात प्रदर्शनकारी भी शामिल थे और उनकी पहचान की जा रही है।

बलटाना पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई गुरप्रीत सिंह ने बताया था कि सड़क जाम की सूचना मिलने पर सुबह करीब सवा सात बजे फनींचर मार्केट इलाके में पहुंचने पर उन पर और उनकी टीम पर हमला किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी थी, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही थी। वे शनिवार से लापता 14 वर्षीय लड़के रोशन के मामले में कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। एफआईआर के अनुसार, सिंह ने एएसआई सुलखान सिंह, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई निर्मल कौर, हेड कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह और कांस्टेबल गुरबिंदर सिंह के साथ भीड़ को समझाने की कोशिश की और उन्हें आश्वासन दिया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और बच्चे का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने सहयोग करने से इनकार कर दिया, आक्रामक हो गए और पुलिस अधिकारियों पर हमला कर दिया। जब एक मोटरसाइकिल सवार ने अवरुद्ध सड़क से गुजरने की कोशिश की, तो भीड़ उस पर टूट पड़ी। जब हमने उसे बचाने की कोशिश की, तो भीड़ ने हम पर हमला कर दिया। दो महिलाओं ने मुलाजिमों की वर्दी फाड़ दी।

# लाइनस क्लब ने धूमधाम से मनाया फाउंडर डे व तीज उत्सव



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर, 10 जुलाई।** लाइनस क्लब ने फाउंडर्स डे और तीज को केक काटकर बड़ी उत्साह के साथ मनाया।एमडीपी लाइनस मनीषा शर्मा ने इन त्योहारों के साथ-साथ स्वतंत्रता दिवस का सामूहिक उत्सव होटल गौर, चंडीगढ़ में आयोजित किया।

सभी को एक -एक पौधा उपहार में देकर प्रकृति व पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया व पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया व सभी को पुरस्कृत किया गया।

अतिथियों में पैट्रन इंदु मेहता, पीडीपी शशि कुठियाला, वाइस प्रेसिडेंट सुमन मित्तल और पूर्व एआईएलसी अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल शामिल थीं। तीन क्लबों ने सामूहिक रूप से भाग लिया क्रमशः लाइनस क्लब सवेरा ज़ीरकपुर, लाइनस क्लब पंचकूला सेंट्रल और लाइनस क्लब स्टार चंडीगढ़।

कार्यक्रम में अध्यक्ष लाइनस डॉ. मधु मनोचा, लाइनस सुरेंद्र गिल और लाइनस बबीता अग्रवाल ने भाग लिया, साथ ही प्रमुख सदस्यों में लाइनस निहारिका मित्तल गर्ग, शालिनी टुली, सुजाता, आशा, हेमा, अंजलि, त्रिलोचन, राधा,लता, रेनुका, विजय,रवि मान ,रंजीत,उमा व अन्य 30 सदस्य शामिल रही।लिनेस क्लब महिलाओं की एक समाजसेवी संस्था है जो समाज सेवा कार्यों में अग्रणी है।

# मीट मछली को खुले में काटने व बिना मेडिकल जांच के मास खाना सेहत के लिए हानिकारक

1 वर्ष पहले कार्यकारी अधिकारी ने दिया था बयान, बिना मेडिकल जांच व खुले में नहीं कटेगा मास

अब भी खुले में मीट मछली जा रहा है काटा अधिकारियों की नहीं है इन पर नजर, कब होगी ठोस कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 10 जुलाई।** मीट मछली खाने वाले लोगों को सावधान रहना चाहिए, क्योंकि मीट मछली को खुले में काटने व बिना मेडिकल जांच के मास खाना आपकी सेहत के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। आज के समय में लोगों द्वारा मीट मछली का सेवन काफी मात्रा में किया जा रहा है। लेकिन जो मीट लोग खा रहे क्या वह स्वस्थ है इसकी जांच करना प्रसाशन कि जिम्मेवारी है साथ लोगों को भी सतर्क होना पड़ेगा। क्योंकि मीट मछली बेचने वाले विक्रेता किसी भी मापदंड का इस्तेमाल नहीं कर रहे है। मीट मछली खुल्ले में काटी जा रही है और मीट मछली बीमार है या नहीं इसकी मेडिकल जांच भी नहीं करवाई जा रही है। जबकि पिछले वर्ष मार्च 2024 में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी द्वारा आदेश दिए थे कि खुल्ले में मीट काटना मना है और बकायादा उसकी जांच होनी चाहिए। जिसके लिए वेटनरी डाक्टर की जांच के बाद बकायादा सर्टिफिकेट देने की बात कही थी। यह भी कहा गया था के यदि कोई मुर्गा या बकरा बीमार पाया जाता है तो उसे काटा नहीं जाएगा। उन्होंने यहां तक बोला था के नगर परिषद द्वारा सलाटर हॉउस के लिए जगह भी देखी जा रही है। लेकिन कार्यकारी अधिकारी के हवा हवाई बयान के एक साल बाद भी शहर में मीट मछली विक्रेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है और वह पहले की तरह खुल्ले में मीट मछली काट रहे हैं और बेच भी रहे है। इसके इलावा एक समस्या यह भी है के कुछ लोग मीट मछली का ना बिकने वाले अवशेष सड़क किनारे खुल्ले में गिरा देते हैं। जिसे कुत्ते खाते हैं और वह लोगों को काटने लगते हैं। यह एक बहुत बड़ी समस्या है। जिस तरफ प्रसाशन को ध्यान देना चाहिए। लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ ना हो इसके लिए नगर परिषद का खुद का स्लाटर हॉउस व डाक्टर की व्यवस्था होने चाहिए ताकि मीट मछली खाने वाले लोग स्वस्थ मीट खा सकें। इसके लिए लोगों को खुद भी सतर्क होना पड़ेगा और डाक्टर व मेडिकल जांच की मांग लोगों को खुद भी करनी चाहिए। इस सबंध में कार्यकारी अधिकारी से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन ही नही उठाया।

शहर में जहां-जहां पर भी खुले में मीट मछली काटा जा रहा है उन जगहों को चिन्हित कर चेक किया जाएगा और नियमों का पालन न करने वाले दुकानदारों पर कानून के हिसाब से बनती कार्रवाई की जाएगी।

**जगजीत सिंह जज कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर।**

# मानसिक रूप से विकलांग बच्ची को किया माता-पिता के हवाले

## एफडीडीआई के पास मिली थी नाबालिग बच्ची



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 10 जुलाई।** बनूड़ कांग्रेस सिटी उपाध्यक्ष बीर सिंह और उनके साथियों द्वारा एक मानसिक रूप से विकलांग 9 वर्षीय प्रवासी नाबालिग बच्ची को उसके माता-पिता के हवाले किया। इस मामले की जानकारी देते हुए बीर सिंह, लक्की, विक्की, शिवचरण, धर्मपाल और अनु ने बताया कि कल रात करीब 9 बजे यह नाबालिग प्रवासी बच्ची एफडीडीआई के पास अकेली घूम रही थी। जब उन्होंने बच्ची से उसके माता-पिता और घर के बारे में पूछा, तो वह इस बारे में कुछ नहीं बता पाई। इसके बाद जब बच्ची का कोई पता नहीं चला, तो वे उसे प्रभ आश्रम कुराली ले गए, लेकिन आश्रम के संचालकों ने उसका सरकारी अस्पताल से मेडिकल करवाकर लाने को कहा। अगली सुबह उन्होंने बच्ची के हाथ पर एक मोबाइल नंबर लिखा देखा, जिसमें से एक नंबर मिटा हुआ था। उन्होंने इस मोबाइल नंबर में एक नंबर जोड़कर बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, तो एक बार यह नंबर उसके माता-पिता को लग गया, जो मूल रूप से प्रवासी है और ज़ीरकपुर में मेहनत-मजदूरी करते हैं। इसके बाद वे लड़की को बनूड़ थाने ले गए, जहां बनूड़ पुलिस की मौजूदगी में इस लड़की को उसके माता-पिता के हवाले कर दिया गया।

# जनऔषधि केंद्र डेराबस्सी में गवर्नमेंट कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी,10 जुलाई।** गवर्नमेंट कॉलेज, डेराबस्सी के एनएसएस स्वयंसेवकों ने जनऔषधि केंद्र, डेराबस्सी में अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ईएलपी) के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने दवाओं की सूची प्रबंधन, वितरण, जनसंपर्क और जागरूकता अभियानों जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्थानीय लोगों को प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के उपयोग के लाभों के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटकों को लोगों ने सराहा और छात्रों के प्रयासों की खूब प्रशंसा की गई। इस सफल पहल के समापन अवसर पर जनऔषधि केंद्र, डेराबस्सी में एक प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल डेराबस्सी के एसएमओ डॉ. धर्मिंदर सिंह, पीएमबीआई पंजाब एवं चंडीगढ़ के सहायक प्रबंधक अराफात अली, गवर्नमेंट कॉलेज डेराबस्सी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीनू सिंह तथा फार्मासिस्ट नीतू, अजय और तेजिंदर कौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने भी समारोह में भाग लिया। अतिथियों ने छात्र स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता और मेहनत की सराहना की तथा कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। समारोह में सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# काउंसिल की मासिक मीटिंग, कौंसिल अधिकारी का अवैध निर्माण पर हंगामा

कहा-जब कौंसिल अधिकारी की ही सुनवाई नहीं, तो अन्य लोगों की क्या सुनवाई होगी

अर्थ प्रकाश/केके



**खन्ना, 10 जुलाई।** नगर कौंसिल खन्ना की मासिक मीटिंग वीरवार की शाम नगर कौंसिल खन्ना के मीटिंग हॉल में हुई, मीटिंग की शुरुआत में ही कौंसिल के वाटर सप्लाई विभाग के इंचार्ज संजय कुमार ने अवैध निरमाण पर हंगामा करते हुए कहा कि बड़ी ही अफसोस की बात है कि एक कौंसिल अधिकारी कौंसिल की बिल्डिंग ब्रांच को शिकायत कर रहा है कि उसके घर के साथ अवैध निर्माण के कारण मेरे घर के नुकसान के साथ मेरे परिवार मेंबर को भी नुकसान पहुंच रहा है, इस अवैध निर्माण की वजह से मेरी घर की दीवार पर कई होल तक बन गए, जिसके बाद मैंने इसकी शिकायत बिल्डिंग ब्रांच के अधिकारी को दी, परंतु उनकी तरफ से कोई सख्त कार्रवाई नहीं, आप सोचिए अगर कौंसिल अपने ही अधिकारी की सुनवाई नहीं कर रहे तो शहर के अन्य लोगों की क्या सुनवाई करेगा, इस बात की शुरुआत पार्षद सुनील कुमार नीटा ने की उन्होंने कहा कि हमारे पास कौंसिल अधिकारी की एक शिकायत कौंसिल के खिलाफ पहुंची, संजय कुमार जो वाटर सप्लाई विभाग के इंचार्ज हैं उनकी सिकायत पर सुनवाई नहीं हो रही, तो शहर के अन्य लोगों की क्या सुनवाई होगी, इस पर माहौल तनावपूर्ण हो गया।

इस बीच बिल्डिंग ब्रांच की इंचार्ज मैडम शिखा गर्ग ने सफाई देते हुए कहा कि संजय कुमार की शिकायत मेरे पास आई थी, मैंने उक्त व्यक्ति को दो नोटिस भी निकले हैं उन्होंने कहा कि इस दौरान उनका आपस में समझौता भी हो गया था, जिस पर संजय ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है अगर हुआ है तो उसका रिटर्न दिखाइए, जिस पर तनाव और बढ़ गया।

उसके बाद नगर कौंसिल प्रधान कमलजीत सिंह ने बीच में बोलते हुए, कहा कि बिल्कुल अधिकारी संजय सही कह रहा है उसके मेरे पास भी करीब 20 जून शिकायत की थी, मैंने भी फोन किया था, अब बाकी काम तो संबंधित अधिकारियों का है, उन्होंने उसी वक्त ईओ चरणजीत सिंह को कहा कि जो हमारे अधिकार क्षेत्र में है वह कार्रवाई कीजिए, अगर वह व्यक्ति फिर भी नहीं मानते तो कानूनी प्रक्रिया कीजिए, तब जाकर मामला शांत हुआ। जिसके बाद मीटिंग में रखे गए सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास कर दिए गए। मीटिंग में लगभग सभी पार्षद मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ग्राउंड ज़ीरो में पहुंचकर बांट रहे आपदा पीड़ितों का दु:ख-दर्द : केवल सिंह पठानिया

सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से सराज विधानसभा क्षेत्र के लोगों को न केवल जरूरी सामान पहुंचाया बल्कि स्वयं राशन वितरण की भी शुरूआत की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 10 जुलाई।** उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश में हाल ही में भारी बारिश के कारण आई आपदा से पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही मुख्यमंत्री को इस प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों की जानकारी प्राप्त हुई तो वह नादौन प्रवास के बीच प्रभावितों से मिलने के लिए मंडी जिला के धर्मपुर तथा सराज विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे।

उन्होंने सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से सराज विधानसभा क्षेत्र के लोगों को न केवल जरूरी सामान पहुंचाया बल्कि स्वयं राशन वितरण की भी शुरूआत की। केवल सिंह पठानिया आज यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि हाल ही की बारिश से प्रदेश में 85 लोगों की मौत हुई है तथा 129 लोग घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त 37 लोग अभी भी लापता है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से प्रदेश को अब तक लगभग 750 करोड़ रुपये का नुकसान आंका जा चुका है, जिसमें लोक निर्माण विभाग को 318 करोड़ तथा जल शक्ति विभाग को 402 करोड़ रुपये का नुकसान शामिल है।

केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री पिछले दो दिन से मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर हैं तथा स्वयं आपदा क्षेत्रों का जायजा लेते हुए पीड़ित परिवारों का दु:ख-दर्द साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आपदा में मकान खोने वाले परिवारों को नया मकान निर्मित करने के लिए 7 लाख रुपये देने की घोषणा की है। जिन लोगों के पास जमीन नहीं बची है उन्हें मकान बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बेघर हुए लोगों के लिए पांच हजार रुपये प्रतिमाह किराया देने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ग्रांउड जीरो में पहुंच कर वर्षा प्रभावित लोगों के दु:ख-दर्द को बांट रहे हैं तथा प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर ही सभी तरह के राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है तथा उन्हें भी इस आपदा की सच्चाई का पता चला है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की आपदा के दौरान प्रदेश को 16 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था लेकिन केंद्र ने मात्र 2006 करोड़ रुपये जारी किए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से दूसरे राज्यों की तर्ज पर प्रदेश को भी जल्द से जल्द राहत पैकेज जारी करने की मांग की है ताकि प्रभावित क्षेत्रों में तीव्र गति से राहत और पुनर्वास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने इकट्ठे होकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। उन्होंने प्रदेश हित में इसे एक अच्छी परम्परा करार दिया तथा इसी तरह केंद्र सरकार से मिलकर प्रदेश के लिए राहत पैकेज की मांग करने का भी आह्वान किया है ताकि पीड़ित परिवारों के राहत व पुनर्वास कार्यों को समयबद्ध पूरा किया जा सके। उप-मुख्य सचेतक ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ ज्वाली व देहरा के लिए 261 करोड़ रुपये 'सूखाहार मध्यम सिंचाई परियोजना' स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा केंद्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 12 से 14 वर्षों से इस परियोजना की स्वीकृत के लिए कार्य किया जा रहा था तथा अब इसे केंद्र सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने से लाखों किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

# सुंदरनगर में लगेंगी औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग की कक्षाएं : जगत सिंह नेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 10 जुलाई।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज यहां पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि 30 जून की रात को आई आपदा से बने हालातों के मद्देनजर औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग में विद्यार्थियों की कक्षाएं जारी रखना संभव नहीं है। इस महाविद्यालय में लगभग 300 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया है। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर आपबीती सुनाई है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने गहन विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया कि औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग की कक्षाएं अब सुंदरनगर में लगाई जाएंगी। यह वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है क्योंकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

मंत्री ने कहा कि औद्यानिकी एवं वानिकी विवि नौणी को सुंदरनगर में लोकेशन की पहचान कर तुरंत प्रभाव से कक्षाएं शुरू करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आपदा के कारण बच्चों की पढ़ाई को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए परीक्षाओं के लिए उन्हें अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए 14 जुलाई तक छुट्टियां घोषित की गई हैं।

जगत सिंह नेगी ने कहा आपदा में थुनाग महाविद्यालय के विद्यार्थी बाल-बाल बचे। पूर्व सरकार ने अधोसंरचना तैयार किए बिना थुनाग में कक्षाएं शुरू कर दीं और ज्यादातर विद्यार्थी पी.जी में रह रहे थे। थुनाग महाविद्यालय में नए सत्र के लिए 100 विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया भी जारी है। उनकी पढ़ाई में व्यवधान न हो, इसलिए ये कक्षाएं भी सुंदरनगर में लगाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2023 में 10 हजार करोड़ रुपये आपदा उपरांत आवश्यकता आकलन किया गया। केंद्र ने दो साल बाद सिर्फ 2006 करोड़ रुपये की राशि जारी की है जिसमें 25 फीसदी हिस्सा प्रदेश सरकार को जमा करना है। उन्होंने कहा कि 2024 में भी मानसून में भारी क्षति हुई है लेकिन केंद्र ने अभी तक कोई सहायता नहीं की है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल से हैं और केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री भी। उन्हें और चारों भाजपा सांसदों को प्रदेश के हितों के लिए केंद्र सरकार के समक्ष आवाज उठानी चाहिए।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ दिल्ली जाने के लिए सहमत हो गए हैं। केंद्र सरकार के समक्ष वे प्रदेश के हितों के लिए अपना पक्ष मजबूती से रखेंगे जिससे आपदा प्रभावितों के पुर्नवास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने 2023 में ही यह हामी भरी होती तो शायद प्रदेश को पूरी राहत राशि मिलती।

मंत्री ने कहा कि मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत पर तंज कसते हुए कहा कि नदी-नालों से गुजरकर आपदा प्रभावित परिवारों तक पहुंचना, उनका दुःख दर्द बांटना और जनसेवा करना अभिनेत्री के बस का काम नहीं है वे सिर्फ बॉलीवुड में ही काम कर सकती हैं जहां मंच सजा होता है, मेकअप मैन है, डायलॉग राइटर ने डायलॉग तक लिख कर दिए होते हैं।

# गौपाल योजना के अंतर्गत अगस्त माह से मिलेगी बढ़ी दर से प्रोत्साहन राशि : चंद्र कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 10 जुलाई।** पशुपालन एवं कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गौसेवा आयोग द्वारा गौपाल योजना के अंतर्गत प्रति माह प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 700 रुपये से 1200 रुपये प्रतिमाह प्रति गौवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि गौ-सदनों को यह राशि अगस्त, 2025 से उपलब्ध करवाई जाएगी।

पशुपालन एवं कृषि मंत्री आज यहां गौसेवा आयोग की 6वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान प्रदेश में गौसदनों की स्थापना, संचालन व बेसहारा गौवंश के पुनर्वास पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 276 गौसदनों और गौ-अभ्यारण्यों में 21,306 बेसहारा गौवंश को आश्रय प्रदान किया जा रहा है। जिला कांगड़ा, हमीरपुर व ऊना में नए गौ-सदनों और गौ-अभ्यारण्यों को स्थापित करने का कार्य जारी है।

बैठक में गौपाल योजना के अंतर्गत प्रतिमाह दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया गया।

आयोग ने कृषि विभाग की सहायता से गौ-सदनों और गौ-अभ्यारण्यों में बायोगैस प्लांट स्थापित करवाने का निर्णय लिया। पशुपालन मंत्री ने पशुपालन विभाग द्वारा सभी गौ-सदनों और गौ-अभ्यारण्यों में नियमित पशु चिकित्सा उपलब्ध करवाने और इनका उचित अभिलेख रखने के निर्देश दिए। प्रदेश की सीमाओं में लगते राज्यों से पशु तस्करी और आवारा पशु छोड़ने के मामलों में पुलिस विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए।

बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि आयोग भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ मिलकर गौ-सदनों व गौ-अभ्यारण्यों के निर्माण एवं संचालन के लिए एक नीति निर्धारण करेगा जिसमें सामुदायिक भागीदारी को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा।

बैठक में सचिव पशुपालन रितेश चौहान, निदेशक डॉ. संजीव धीमान और हिमाचल प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य उपस्थित थे।

# पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन गोहर के चुनाव 20 जुलाई को

**गोहर 10 जुलाई (सुभाग सचदेवा)।** पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन खंड चच्योट गोहर के त्रैवार्षिक चुनाव आगामी 20 जुलाई को वन विश्राम ग्रह चल चौक में होने निश्चित हुए हैं।

महासचिव दिले राम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की 20 जुलाई रविवार को वन विश्राम गृह चैल चौक में पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन खंड चच्योट गोहर के त्रैवार्षिक चुनाव होने हैं उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि 20 जुलाई को सुबह 11.00 बजे सभी सदस्य वन विश्राम गृह चैल चौक में पधारे और संगठन को मजबूत करने में अपना सहयोग दें।

# जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 10 जुलाई।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि समेकित बाल विकास परियोजना के तहत लक्षित वर्गों के कल्याण एवं पोषण के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं और इन योजनाओं के माध्यम से समय पर सहायता प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। मनमोहन शर्मा आज यहां समेकित बाल विकास परियोजना (आई.सी.डी.एस.) के तहत ज़िला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि समेकित बाल विकास परियोजना सोलन ज़िला के विभिन्न विकास खण्डों में प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित समय से कार्यरत की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आई.सी.डी.एस. के तहत 1281 आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 613173 लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 06 वर्ष तक आयुवर्ग के बच्चों, गर्भवती एवं धातृ महिलाओं को समय पर पोषाहार प्रदान करने में आई.सी.डी.एस. की महत्वपूर्ण भूमिका है। सोलन ज़िला में वर्तमान में 06 माह से 03 वर्ष तक आयुवर्ग के 17984, 03 वर्ष से 06 वर्ष तक आयुवर्ग के 4168 बच्चों और 6229 गर्भवती एवं धातृ महिलाओं को पोषाहार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषाहार के लिए लक्षित वर्गों को चिन्हित करने के लिए सभी स्तरों पर आपसी समन्वय से कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि बालिका सशक्तिकरण के लिए बालिकाओं की सुरक्षा, उनके सम्मानजनक जीवन-यापन एवं उन्हें आर्थिक रूप से मज़बूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। खेलकूद, राजनीति, सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक गतिविधियों एवं सतत विकास प्रक्रिया में लड़कियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित बनाने तथा उन्हें सक्षम बनाने के लिए अनेक योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। बैठक में अवगत करवाया गया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत वर्तमान में पात्र लाभार्थियों को 51 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। सोलन ज़िला में इस वर्ष अभी तक 16 पात्र लाभार्थियों को 07 लाख 90 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई है। विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत 04 लाभार्थियों को 08 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। बैठक में जानकारी दी गई कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत 18 वर्ष तक की आयुवर्ग के 1132 बच्चों को सहायता के रूप में 81 लाख 35 हजार 130 रुपए तथा 18 से 27 वर्ष तक के 34 लाभार्थियों को 2 लाख 53 हजार 946 रुपए की सहायता प्रदान की गई है। शगुन योजना के तहत 18 लाभार्थियों को 5 लाख 58 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई है।

बैठक में अवगत करवाया गया कि वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पात्र महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है। सोलन ज़िला में बच्चों के लिंगानुपात में सुधार हुआ है। वर्ष 2023-24 में जहां यह 923 था वहीं वर्ष 2024-25 में यह 964 हो गया है। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

# ज़िला सोलन में 30 सितम्बर तक 'मध्यस्ता राष्ट्र के लिए अभियान'

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 10 जुलाई।** सोलन ज़िला के सभी न्यायालयों में 30 सितम्बर, 2025 तक 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान' कार्यान्वित किया जा रहा है। यह जानकारी आज यहां अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि 90 दिन तक कार्यान्वित किया जा रहा। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति के मार्गदर्शन में कार्यान्वित किया जा रहा है। यह अभियान प्रथम जुलाई, 2025 से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विवाह सम्बन्धित पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन चालान मामले, घरेलू हिंसा मामले, चैक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, श्रम वसूली के मामले, विभाजन व बेदखली के मुकद्दमे, भूमि अधिग्रहण मामले और अन्य उपयुक्त नागरिक मामलों का निपटारा करना है। उन्होंने कहा कि अभियान जनता को विवादों के वैकल्पिक समाधान की दिशा में प्रेरित करने और काफी समय से लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित बनाना की दिशा में कार्य कर रहा है। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पक्षकारों के मध्य एक प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता से आपसी सहमति से विवाद को सुलझाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया गोपनीय, लचीली और कम खर्चीली होती है।उन्होंने ज़िलावासियों से आग्रह किया कि 'मध्यस्था राष्ट्र के लिए अभियान' का लाभ उठाएं और लम्बित विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया को अपनाएं।

# मंडी आपदा प्रभावितों के लिए बिलासपुर की सामाजिक संस्थाओं ने भेजी राहत सामग्री

उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर राहत सामग्री को किया रवाना



अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई, 10 जुलाई।** मंडी जिला में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए बिलासपुर जिला की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं एकजुट होकर आगे आई हैं। वीरवार को श्री बाबा विश्वकर्मा मान्दर कमेटी डियारा, श्री राम नाटक समिति डियारा, श्री नवदुर्गा समिकेतन समिति डियारा तथा श्री खाटू श्याम मित्र मंडल समिति डियारा द्वारा मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भेजी गई जरूरी राहत सामग्री को उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर हिमुडा बोर्ड के निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल ने बताया कि इन सामाजिक संस्थाओं ने उपायुक्त बिलासपुर से भेंट कर मंडी में राहत सामग्री भेजने की इच्छा व्यक्त की थी। इस पर उपायुक्त बिलासपुर ने मंडी जिला प्रशासन से संपर्क कर वहां की वर्तमान आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की और संस्थाओं से अनुरोध किया कि उन्हीं आवश्यकताओं के अनुसार सहायता सामग्री भेजी जाए।

इन संस्थाओं द्वारा भेजी गई सामग्री में कुकर, बाल्टी, परात, थाली, कटोरी, गिलास, करछी, तसला, विमटा, तवा, चम्मच, चकला-बेलन, महिलाओं और पुरुषों के लिए जूते, लोटा, नहाने व कपड़े धोने के साबुन, बीमवार, टूथपेस्ट और ब्रश जैसी घरेलू व दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल थीं।

इस अवसर पर उपायुक्त ने संस्थाओं के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय समाज की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और बिलासपुर की संस्थाओं ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया है।

# एनसीसी कैंप में रावमापा बरठी के बच्चों ने लहराया परचम

दो कैडेट्स ने फायरिंग में हासिल किया प्रथम स्थान

अर्थ प्रकाश/देशराज

**बरठी, 10 जुलाई।** लेफ्टिनेंट कर्नल रविंद्र सिंह की अगवाई में ऊना के पेखूबेला में 10 दिनों तक चलने वाले एनुअल ट्रेनिंग कैंप - 187 में रावमापा बरठी के 25 कैडेट ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

बच्चों के साथ एस्कॉर्ट कर रहे प्रवक्ता मैथमेटिक्स अशोक कुमार ने बताया कि इस कैंप में 6एचपी यूनिट के करीब साढ़े 400 कैडेटस ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठी के 25 कैडेट्स ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। जबकि कैंप में जेडी हर्षित कुमार व जेडबल्यू दिव्य ठाकुर ने फायरिंग इवेंट में प्रथम स्थान हासिल किया तथा अब वे थल सेना कैंप जोकि सोलन में आयोजित किया जाएगा में भाग लेंगे। पाठशाला पहुंचने पर बच्चों का स्वागत किया गया। उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। पाठशाला के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी पाठशाला के लिए यह हर्ष का विषय है। उन्होंने बाकी बच्चों से भी अन्य गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान करते हुए अपने उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने की बात पर बोल दिया।



एनुअल ट्रेनिंग कैंप-187 में भाग लेने के उपरांत बरठी के कैडेट्स अध्यापकों के संग सामूहिक चित्र में।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुर रामलाल ने भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के प्रश्न पर आश्चर्य जताया

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 10 जुलाई।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं मे से एक एवं पार्टी की राज्य समनव्य समिति के सदस्य राम लाल ठाकुर ने भाजपा के राज्य अध्यक्ष राजीव बिंदल के उस प्रश्न पर आश्चर्य व्यक्त किया है जिसमें बिंदल ने कहा है कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे फोरलेन के पक्ष में हैं या विरोध में ?

रामलाल ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि फोरलेन के मामले में गहन विचार एवं पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। क्योंकि जहां एक ओर हिमाचल प्रदेश की परिस्थितियों के अनुकूल विशेषज्ञों की राय जानना आवश्यक है वहीं इस बात की ओर ध्यान दिये जाने की भी आवश्यकता है कि फोरलेन निर्माण में काम कर रही कंपनियाँ क्या सही ढंग से कार्य कर रही है और इस निर्माण के कारण जो हानि हो रही है उसका दाईत्व किस पर है ?

रामलाल ठाकुर ने कहा कि बिंदल आपदा राहत क्षेत्रों के बारे मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेताओं की तत्काल प्रभावितों को राहत पहुंचाने के प्रयासों पर प्रश्न उठा कर यह प्रमाणित करने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकार तो कुछ नहीं कर रही है पर भाजपा नेता दिन-रात एक करके राहत कार्यों में लगी है।

रामलाल ठाकुर ने कहा कि सब कुछ जानते ब्रूझते भी भाजपा के राज्य अध्यक्ष द्वारा इस प्रकार का रवैया अपनाना धरातल की सच्चाई से कोसों दूर है। जबकि उन्हें ईमानदारी से स्वीकार करना चाहिए कि सरकार आपदा राहत में जो भी कार्य कर रही है वह अपनी क्षमता के अनुरूप करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ रही है। किन्तु भाजपा नेता इसमें भी राजनैतिक लाभ ढूंढ रहे है जो न केवल सामाजिक अपराध है बल्कि नैतिकता, मानवीय मूल्यों व सिद्धांतों के भी विरुद्ध है।

रामलाल ठाकुर ने कहा कि बाढ़ अथवा आपदाग्रस्त क्षेत्रों में प्रभावितों को राहत पहुंचाने का दाईत्व प्रत्येक पार्टी, नेता व समाज के हर व्यक्ति का है और इसमें किसी भी प्रकार की डींगे हाँकने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि ऐसा करके वे मानवीय धर्म ही निभा रहे हैं।

रामलाल ठाकुर ने कहा कि यह अच्छी बात है कि भाजपा नेताओं के कहने पर केंद्र ने राहत कार्यो के लिए हेलीकाप्टर भेजे हैं किन्तु उन्होने भाजपा नेताओं से पूछा है कि बाढ़ प्रभावितों को राहत पहुंचाने का दाईत्व क्या मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुकखू और हिमाचल सरकार का ही है और केंद्र सरकार का नहीं है ?

रामलाल ठाकुर ने कहा कि यदि केन्द्रीय राहत टीम व हेलीकाप्टर आए हैं तो वह केंद्र सरकार का दाईत्व है जिसके लिए वे केंद्र का आभार प्रकट करने में कोई संकोच नहीं करते हैं क्यों कि प्रभावितों को राहत पहुंचाने के कार्य में हर व्यक्ति व संस्थाएं हिमाचल सरकार के साथ खड़ी हैं।

# धार्मिक आस्था और साहस की प्रतीक ऐतिहासिक श्रीखंड यात्रा शुरू

वीरवार को प्रात 5 बजे रवाना हुआ पहला जत्था

मिल्क फैड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने यात्रा को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 10 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश की धार्मिक आस्था और साहस की प्रतीक श्रीखण्ड महादेव यात्रा वीरवार से शुरू हो गई। मिल्क फैड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार उप मंडल अधिकारी (नागरिक) निरमंड मनमोहन सिंह, डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ सहित यात्रा ट्रस्ट के सदस्य और सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रद्धालुओं का पहला जत्था वीरवार सुबह 5:00 बजे श्रीखंड के लिए रवाना हो गया। यह यात्रा 23 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। यात्रा की सभी तैयारियां ज़िला प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई हैं।

आज तक 5200 लोगों ने श्रीखण्ड यात्रा के लिये ऑनलाइन पंजीकरण करवा लिया है।

उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस. रवीश ने बताया कि पहला जत्था गुरुवार सुबह 5 बजे सिंहगाड से रवाना हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले जत्थे में 150 से 200 श्रद्धालु शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा में प्रतिदिन अधिकतम 800 श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति दी जा रही है।

उपायुक्त ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग को 5 सेक्टरों में विभाजित किया गया है और 5 बेस कैंप स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सिंहगाड, थाचड़ू, कुंशा, भीमडवारी और पार्वतीबाग में बनाए गए इन बेस कैंपों में स्वास्थ्य,पुलिस, होमगॉर्ड, एसडीआरएफ, अभिमास मनाली की टीम तैनात होगी एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

उन्होंने बताया कि सिंहगाड में श्रद्धालुओं बाकी रेजिस्ट्रेशन और स्वास्थ्य जांच की जायेगी।सिंहगाड में ही किसी कारणवश जिनका ऑनलाइन पंजीकरण नही हो पाया है, ऐसे श्रद्धालुओं के लिये सिंहगाड में ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी दी गई है। उन्होंने कहां कि सभी बेस कैंपों में नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किए गए हैं।

उपायुक्त ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 60 पुलिस जवान, 18 एसडीआरएफ के जवान, 10 होमगार्ड, 24 अभिमास मनाली के स्वयंसेवी, 20 राजस्व, 20 पंचायती राज, 15 वन, जल शक्ति, लोक निर्माण और विद्युत विभागों के कर्मचारी तैनात रहेंगे।

### यात्रा के दौरान भोजन के रेट तय

उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान भोजन और विश्राम की दरें तय कर दी गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं से मनमाने शुल्क न वसूले जाएं। उन्होंने बताया कि सिंहगाड में खाना 110 रुपये, चाय 15 रुपये, परांठा 35 रुपये, नास्ता 75 रुपये और बिस्तर का रेट 110 रुपये तय किया गया है। बराटी नाला में खाना 130 रुपये, चाय 20 रुपये, परांठा 45 रुपये, नास्ता 100 रुपये और बिस्तर का रेट 150 रुपये, थाचडू में खाना 200 रुपये, चाय 25 रुपये, परांठा 55 रुपये, नास्ता 130 रुपये और बिस्तर का रेट 210 रुपये, काली घाटी व कुंशा में खाना 230 रुपये, चाय 35 रुपये, परांठा 65 रुपये, नास्ता 150 रुपये और बिस्तर का रेट 250 रुपये, भीम डवारी में खाना 270 रुपये, चाय 40 रुपये, परांठा 70 रुपये, नास्ता 170 रुपये और बिस्तर का रेट 300 रुपये और पार्वतीबाग में खाना 290 रुपये, चाय 45 रुपये, परांठा 75 रुपये, नास्ता 180 रुपये और बिस्तर का रेट 320 रुपये रेट तय किया गया है। इसके अतिरिक्त सिंहगाड, थाचडू और भीमडवारी में लंगर व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि यात्रा मार्ग पर पेयजल, स्वच्छता बनाए रखने के लिए मोबाइल शौचालय लगाए गए हैं। इसके अलावा निजी टेंट संचालकों को भी शौचालय लगाने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता को लेकर किए गए समुचित प्रबंधों से यह सुनिश्चित किया गया है कि यात्रा सुचारू, सुरक्षित और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

# अनुसूचित जाति आयोग ने थाने में थर्ड डिग्री टॉर्चर पर लिया संज्ञान

पुलिस को 15 जुलाई को किया तलब, महिला के अब तक किए इलाज की मांगी रिपोर्ट

आरोपी पुलिसकर्मियों पर एससी व एसटी एक्ट की जुड़ेगी धाराएं

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 10 जुलाई।** सीवन थाना में पुलिस कर्मियों की ओर से थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग ने संज्ञान लिया है। इस मामले में आयोग अभी तक हुई पुलिस की कार्रवाई में असंतुष्ट दिखाई और पुलिस 15 जुलाई को अपने कार्यालय में तलब किया है। आयोग के अध्यक्ष रविंद्र बाल्याना ने पुलिस को आयोग के समक्ष अगले सप्ताह पेश होने के आदेश जारी किए है। इसके साथ ही करनाल एडीजीपी कार्यालय से फेक्ट फाइडिंग रिपोर्ट तो स्वास्थ्य विभाग महानिदेशक से महिला ममता की अब तक किए इलाज और स्वास्थ्य की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने एसपी की ओर से जांच जारी होने का हवाला देने नाराजगी जताई। आयोग ने एडीजीपी कार्यालय से फेक्ट फाइडिंग रिपोर्ट सात दिन में देने और स्वास्थ्य विभाग महानिदेशक जांच रिपोर्ट के लिए पीजीआई रोहतक में एक डॉक्टर की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की सिफारिश की। इसके साथ ही शुरूआत में सीवन से कैथल रेफर करने वाले निजी अस्पताल के डॉक्टर को भी आयोग में उपस्थित होने के निर्देश दिए। आरोपी पुलिसकर्मियों पर दर्ज केस में एससी व एसटी एक्ट की धाराओं को शामिल करने के आदेश दिए।

आयोग चेयरमैन ने इस मामले के अंतर्गत एडीजीपी करनाल को फेक्ट फाइडिंग रिपोर्ट आयोग को एक सप्ताह में देने, स्वास्थ्य महानिदेशक को मेडिकल बोर्ड द्वारा तैयार की हुई महिला की मेडिकल रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। इस बोर्ड में एक डॉक्टर पीजीआई रोहतक से शामिल किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पीड़ित महिला की शिकायत पर दर्ज मामले में एससीएसटी एक्ट लगाने की सिफारिश की। साथ ही जिला पुलिस व जिला प्रशासन से अधिकारियों को व सीवन में उस निजी चिकित्सक को आयोग में 15 जुलाई को तलब किया, जिसने सबसे पहले पीड़ित महिला का इलाज करने से इंकार कर दिया था। इसके साथ-साथ पीड़ित महिला की जिला अस्पताल में अब तक हुए इलाज की रिपोर्ट भी आयोग में जमा करवाने के निर्देश दिए। एसपी आस्था मोदी ने आयोग को विश्वास दिलवाया कि इस मामले में पुलिस द्वारा शिकायत मिलते ही तीन कर्मचारियों को लाइन हाजिर कर दिया था। इसके अलावा अब इस मामले की जांच करनाल पुलिस की एसआईटी कर रही है। पुलिस जांच में जो भी सच्चाई सामने आएगी उसी अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दोनों पक्षों को सुना

लघु सचिवालय के सभागार में दलित समाज के मामलों की सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष व सदस्य पहुंचे थे। सभी मामलों की सुनवाई पूरी होने के बाद आयोग के अध्यक्ष ने थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में दोनों पक्ष के लोगों को सुना। इसके बाद पुलिस प्रशासन की ओर से की कार्रवाई को लेकर पूरी जानकारी मांगी। आयोग की ओर से कार्रवाई को लेकर मांगी गई जानकारी एसपी की ओर से जांच जारी होने का हवाला देने पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताई। अध्यक्ष ने पूछा कि अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की। इस पर एसपी ने करनाल एसआईटी पर जांच होने का जवाब दिया। इस मामले में आगामी जांच भी करनाल एसआईटी ही कर रही है। मामले में अभी तक महिला ममता को अस्पताल से छुट्टी नहीं मिली है।

### यह है पूरा मामला

सीवन थाना में गत 26 जून को दर्ज एक युवती की गुमशुदगी मामले में महिला पर उसके भगाने का आरोप लगा था। इसके बाद 29 जून को सीवन थाना में उसे पूछताछ के लिए बुलाया था। महिला ने आरोप लगाया था कि एक महिला सहित तीन पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे आंतरिक चोट पहुंचाई। इसके बाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर बिना नाम के महिला सहित तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया था। वहीं, पुलिस ने चार दिन पहले ही लापता हुई युवती की भी तलाश कर ली थी। महिला से मारपीट का मामला सामने आने के बाद से हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग ने हस्तक्षेप किया था और संबंधित अधिकारियों को नोटिस देकर जवाब मांगा था।

# हरियाणा में जल्द लगेंगे बोर्ड व निगमों के चेयरमैन

## एक सप्ताह में दो हजार नेताओं को बनाया सत्ता व संगठन में भागीदार

अब विधायकों, पूर्व विधायकों वरिष्ठ नेताओं की बारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



फाइल फोटो

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** हरियाणा में अब बहुत जल्द बोर्ड व निगमों के चेयरमैन नियुक्त किए जाएंगे। सरकार के स्तर पर इस बारे में लंबे मंथन के बाद सहमति बन गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी इसे लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा प्रदेश प्रभारी समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। भाजपा ने कार्यकर्ताओं में सरकार के प्रति असंतोष फैलने से पहले ही नियुक्तियां करके उन्हें सत्ता व संगठन में भागीदार बना लिया है।

भारतीय जनता पार्टी पिछले करीब दो सप्ताह से पार्टी के लिए धरातल पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं व नेताओं को पदों से नवाज रही है। सरकार ने पिछले सप्ताह शिकायत निवारण कमेटियों के गैर सरकारी सदस्यों की सूची जारी करके करीब 1200 कार्यकर्ताओं को सत्ता में बाहरी तौर पर भागीदार बनाया। बुधवार को जिलों में संगठन का गठन करते हुए 600 कार्यकर्ताओं को जिला स्तरीय संगठन में जिम्मेदारी दी गई। गुरुवार को निकायों में पार्षद नॉमिनेट करके करीब 200 शहरी नेताओं को एडजस्ट किया गया। इसके अलावा प्रदेश में 100 लॉ अफसरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सरकार किसी भी समय राज्य में डिप्टी एडवोकेट जनरल, एडिशनल एडवोकेट जरनल के पदों पर नियुक्तियां कर सकती है।

अब बहुत जल्द प्रदेश में बोर्ड व निगमों के चेयरमैन की सूची जारी होने वाली है। बोर्ड व निगम चेयरमैन पदों पर तैनाती को लेकर सरकार होमवर्क पूरा कर चुकी है। यह सूची सबसे अहम होगी। क्योंकि इसमें कई मौजूदा विधायकों, संगठन के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व विधायकों, हारे हुए पार्टी प्रत्याशियों को एडजस्ट किया जाएगा। यह सूची जारी होने के बाद किसी प्रकार का विरोध न हो इसके लिए हर वर्ग, प्रत्येक वरिष्ठ नेता की पसंद-नापसंद का ख्याल रखा जाएगा। सरकार में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सेदारी मिलने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष की भावना खत्म हो गई है।

# हरियाणा के निगमों, परिषदों व पालिकों में पार्षद नामजद

स्थानीय निकाय विभाग ने जारी की अधिसूचना

निगमों में 24 तो परिषदों व पालिकाओं में 168 नेता एडस्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** प्रदेश की जिला शिकायत निवारण कमेटियों में पार्टी कार्यकर्ताओं को नियुक्त करने के बाद भाजपा ने गुरुवार को प्रदेश के नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं में पार्टी कार्यकर्ताओं को नामजद पार्षद घोषित कर दिया है। प्रदेश सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

प्रदेश सरकार ने आठ नगर निगमों के लिए नॉमिनेटेड पार्षदों की लिस्ट जारी की है। प्रत्येक निगम में तीन पार्षद नॉमिनेट किए गए हैं। स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार यमुनानगर नगर निगम में ऊषा रानी,सीमा गुलाटी ,सरदार हरभजन सिंह, करनाल निगम में गौरव नागपाल, उमेश परोचा, विशेष वर्मा, पानीपत से धर्मबीर कश्यप,डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव ,हिमांशु बंगा, रोहतक से रमेश बोहर, अशोक वर्मा,अनिता गर्ग को नॉमिनेटेड पार्षद बनाया गया है।

इसी प्रकार फरीदाबाद से योगेश शर्मा, प्रियंका बिष्ट बुधनी, जसवंत सैनी, गुरुग्राम नगर निगम से सचिन देवतवल, विक्रांत यादव, कृष्ण स्वामी, मानेसर नगर निगम से सतदेव शर्मा, किरोड़ी तंवर व शेर सिंह, हिसार से सुरेश जांगड़ा,गगन शर्मा,सुरजीत सैनी को नॉमिनेटड पार्षद बनाया गया है। निकाय विभाग द्वारा एक अन्य अधिसूचना जारी करके प्रदेश के 21 जिलों की 72 नगर पालिका में भी नॉमिनेटेड पार्षद की लिस्ट भी हुई जारी हुई है। सरकार द्वारा निगमों की तर्ज पर नगर परिषदों में भी तीन-तीन तथा नगर पालिकाओं में दो-दो पार्षदों को नॉमिनेट किया गया है।

# गोल्डन लायंस जिला ए-2 द्वारा चंडीगढ़ में दिव्यांगजनों के लिए सेवा शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 10 जुलाई।** सेवा भाव और मानव कल्याण को समर्पित एक सराहनीय पहल के अंतर्गत गोल्डन लायंस जिला ए-2 की ओर से चंडीगढ़ के सेक्टर-7 स्थित होटल शिप एण्ड डाइन में दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य उन लोगों को सहायता प्रदान करना था, जो अत्यधिक चलने-फिरने में असमर्थ हैं या जिनके शरीर का कोई अंग कार्य नहीं कर रहा है।

इस अवसर पर गोल्डन प्रीमियर क्लब की ओर से दिव्यांगजनों को सत्रह व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, सहारा देने वाले वॉकर, विकलांग सहायक छड़ियां, रीढ़ की हड्डी के लिए बेल्ट आदि आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

यह सेवा शिविर गोल्डन लायंस जिला ए-2 की प्रधान श्रीमती ललिता भोला के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से मदर क्लब की श्रीमती ललिता रखियाना, पीडीपी श्रीमती मधु अरोड़ा, श्रीमती मनजीत भाबरा, श्रीमती नीलम पूरी, श्रीमती मंजू सूद, श्री सुरेन्द्र जी आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ़ की महापौर श्रीमती हरप्रीत बबला को आमंत्रित किया गया। उनका स्वागत पंचकूला प्रीमियर क्लब की अध्यक्ष श्रीमती निशा सचदेवा, पीडीपी श्रीमती सुरेन्द्र कौर, श्रीमती आशा जी, श्रीमती पम्मी जी तथा जिला प्रधान श्रीमती ललिता भोला द्वारा भव्य रूप से किया गया।

महापौर श्रीमती हरप्रीत बबला ने अपने संबोधन में इस सामाजिक कार्य को अत्यंत प्रशंसनीय बताया और गोल्डन लायंस प्रीमियर क्लब को इस पुनीत कार्य के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम भविष्य में भी ऐसे कार्यों के लिए क्लब का पूरा सहयोग करेगा।

क्लब की अध्यक्ष श्रीमती निशा सचदेवा ने इस अवसर पर सभी आगंतुकों, सहयोगियों और सदस्यों का हृदय से अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# जलभराव नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित: डीसी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद, 10 जुलाई।** जिला में हाल ही में हुई भारी वर्षा की पृष्ठभूमि में जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर जलभराव, ड्रेनेज एवं डिस्पोजल की वस्तुस्थिति का त्वरित मूल्यांकन करें तथा उसकी संक्षिप्त रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि वर्षा जनित समस्याओं का समय रहते संज्ञान लेना व उसका समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डीसी ने यह भी अवगत कराया कि प्रशासन द्वारा मानसून पूर्व जल निकासी तंत्र की मजबूती, नालों की सफाई एवं आवश्यक स्थानों की पूर्व पहचान जैसी तैयारी के चलते, ओल्ड अंडरपास, एनएचपीसी अंडरपास, मेवला अंडरपास एवं चार्मवुड विलेज जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई, जो एक सराहनीय उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को चाहिए कि वे प्रत्येक वर्षा के दौरान स्वयं फील्ड में रहकर निगरानी करें और तकनीकी अमले के साथ तालमेल बनाए रखें। जलनिकासी, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति तथा नागरिक सुविधाओं में बाधा न उत्पन्न हो, इसके लिए अग्रिम एवं कारगर रणनीति अपनाई जाए।

डीसी विक्रम सिंह ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि जनहित सर्वोपरि है और सभी अधिकारी निरंतर सजगता एवं तत्परता के साथ कार्य सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आपात स्थितियों में भी सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे।

# कांवड़ियों के मार्ग पर पूर्ण सुविधा सुनिश्चित करें अधिकारी: डीसी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद, 10 जुलाई।** कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान दिल्ली-मथुरा रोड (राष्ट्रीय राजमार्ग-2), आगरा कैनाल और बाईपास रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं।

डीसी ने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख कांवड़ शिविरों में उचित लाइटिंग, साफ-सफाई और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एनएचएआई, एफएमडीए, नगर निगम सहित सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि शिविरों व मार्गों पर रिफ्लेक्टर, दिशा-निर्देश दर्शाने वाले संकेतक बोर्ड लगाए जाएं ताकि कांवड़ियों को मार्ग की स्पष्ट जानकारी मिल सके। चिन्हित स्थानों पर एंबुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध होनी चाहिए। कांवड़ियों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए चिन्हित स्थानों पर एम्बुलेंस कि भी व्यवस्था हो। चिन्हित जगहों पर जहा स?क में जलभराव होते हो वहां जलभराव को रोकने के उचित प्रबंध किये जाए। उन्होंने कहा कि आगरा कैनाल और बाईपास रोड से कांवड़ियों का आवागमन ज्यादा होता है, इसलिए संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में उस सड़क की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें, जिससे कांवड़ियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कावड़ियों के निकलने वाले रास्ते पर कोई डंपिंग यार्ड होतो उसकी साफ सफाई कराई जाए। रास्ते में जहां भी बिजली की तारे नीचे लटक रही हो उनकी ठीक व्यवस्था करें। जिन रास्तों पर बिजली की तारे ज्यादा नीचे हो उन रूटों को बंद किया जाए। कावड़ियों के निर्धारित रास्ते में कोई मीट की दूकान होतो उसको तुरंत बंद करवाया जाए।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि कांवड़ियों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पर असर पड़ता है। इस दौरान ट्रैफिक को सामान्य बनाए रखने के लिए भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित थाना प्रबंधकों को भी निर्देश दिए कि जहां ट्रैफिक ज्यादा तेज हो वहां बैरिकेड लगाए जाएं। निर्धारित मार्गो पर कावड़ियों के अलावा आमजन के वाहनों के आवागमन को न जाने दे।

डीसी विक्रम सिंह ने जिलावासियों से अपील की कि यात्रा के दौरान सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करें। विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया गया कि ट्रकों या अन्य वाहनों पर डीजे सिस्टम को अधिक ऊंचाई तक न लगाएं, जिससे बिजली की तारों या पुलों से टकराने जैसी घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा का विषय है, लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जजों के बनाए गए 17 बेंच: रीतू यादव

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद, 10 जुलाई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव रीतू यादव के सक्षम नेतृत्व में की देखरेख, में जिला अदालत सेक्टर 12 में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में लोगों की आपसी सहमति से केसों के निपटान के लिए अदालत में 17 बेंच लगाए जाएंगे। सीजेएम रीतू यादव ने बताया ने बताया कि लोक अदालत में केस का फैसला होने पर जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती कोर्ट फीस वापस हो जाती है तथा केस का फैसला हमेशा हमेशा के लिए हो जाता है। जिससे पैसे व समय की बचत होती है और आपस में प्रेम भाव बना रहता है।

सीजेएम रीतू यादव ने बताया कि मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं के लिए एल.डी. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार, साथ सुश्री अर्चना गोयल, पैनल अधिवक्ता/सदस्य तथा एल.डी. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अजय शर्मा के साथ रईस खान पैनल अधिवक्ता/सदस्य को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विद्युत अधिनियम मामलों के लिए श्री संदीप यादव, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ उमा चौहान पैनल अधिवक्ता/सदस्य नियुक्त किया गया है। पारिवारिक न्यायालय के मामलों के बेंच केसों के लिए सुश्री सौरभ गुसाई, एल.डी. अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय के साथ आशा अरो?ा को पैनल अधिवक्ता/सदस्य नियुक्त किया गया है।

# सांसद नवीन जिन्दल की ओर से गांव चुहड़माजरा में नवीन संकल्प शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 10 जुलाई।** सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल की ओर से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविरों का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पात्र नागरिकों की सरकारी कागजातो की खामियां दूर कर, सरकारी योजनाओं का लाभ देने का सहरानीय काम लगातार किया जाता रहा है। हलका प्रभारी अरविंद गोलन ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के पात्र, अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करना है। ये संकल्प शिविर नियमित रूप से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आज गुरुवार को पूंडरी विधानसभा के गांव चुहड़माजरा में गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में सुबह 10 से 4 बजे तक नवीन संकल्प शिविर का सफल आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ संजीवा नंद जी महाराज ने किया। हलका प्रभारी अरविंद गोलन पूंडरी ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 51 लोगों को कागजात और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 88 लोगों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई जबकि 35 लोगों के निःशुल्क टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद जिन्दल का प्रयास है कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि समाज सेवी सांसद नवीन जिंदल लगातार जनहित सामाजिक व मानव हित के कार्य करते रहे हैं इस प्रकार के कार्य उनके लिए राजनीतिक कार्य न होकर सामाजिक व मानवीय कार्य होते हैं। इस प्रकार के जनहित के कार्य से उन्हें लगातार बुजुर्गों, माताओं का आशीर्वाद मिलता रहता है। गोलन ने कहा कि संकल्प शिविर का उद्देश्य, सबका साथ-सबका विकास है। संसदीय क्षेत्र के लोगों की इस प्रकार की बिना किसी लोभ लालच के निरंतर सेवा करने से नवीन जिंदल लगातार मानव हित के कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर नवीन जिंदल ऑफिस से डॉ. बलविंद्र, राहुल शर्मा, सुमित गोयत, निधि मोहन, प्रमोद चुहड़माजरा, अंकुश, सुखबीर, प्रदीप शर्मा, सूरजभान शर्मा, बीरभान चौकीदार, प्रदीप, नितिन, देवेन्द्र, काजल व अन्य मौजूद रहे।

# दवाओं के थोक विक्रेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में हरियाणा राज्य केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन

एनसीबी द्वारा तीन विक्रेताओं को किया गया गिरफ्तार, दो दिन के रिमांड में पूछताछ जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर-20 के गांव फतेहपुर, सेक्टर-4 और सेक्टर-12 से दवाइयों के होलसेल कारोबार से जुड़े थोक विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। इन विक्रेताओं की गिरफ्तारी को लेकर हरियाणा राज्य केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की तरफ से कड़ा विरोध जताया गया है। साथ ही एसोसिएशन ने केंद्र और राज्य सरकारों से इस मामले में हस्तक्षेप कर दवा विक्रेताओं पर एनसीबी द्वारा की जा रही इस कार्रवाई को तुरंत रोकने की मांग की है।

बता दें कि एनसीबी की टीम ने सभी थोक विक्रेताओं को गिरफ्तार कर कालका कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उन्हें दो दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में दहशत का माहौल है।

**एसोसिएशन ने बुलाई आपात बैठक:** हरियाणा राज्य केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक संरक्षक बीबी सिंघल की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचकूला में हुई। अध्यक्ष मंजीत शर्मा और महासचिव ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार से विनम्र अनुरोध करते हैं कि इस मामले में हस्तक्षेप करें क्योंकि तीनों थोक विक्रेताओं को राज्य सरकार द्वारा उन सभी दवाओं की बिक्री के लिए विधिवत लाइसेंस प्राप्त है जिनके लिए उन पर मामला दर्ज किया गया है। राज्य सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह इन दवाओं के रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था को आसान बनाए या जन औषधि जैसे अपने स्वयं के माध्यमों या सरकारी औषधालयों से इन दवाओं का वितरण करे।

**क्रोनिक रोगियों के लिए उपयोगी दवाएं:** मंजीत शर्मा ने बताया कि ये दवाएं क्रोनिक रोगियों के लिए उपयोगी हैं, जो फाइकोट्रोपिक रोगों से पीडति हैं। रोगियों के लिए इन दवाओं को समय पर लेना बहुत ज़रूरी है, लेकिन ऐसे कठोर नियमों के कारण, भविष्य में हरियाणा के केमिस्ट आपूर्ति श्रृंखला को नियमित नहीं रख पाएंगे। यह जनता के साथ-साथ केमिस्ट प्रजनन क्षमता के लिए भी उत्पीड़न होगा।




## मोहाली में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़

# पुलिस ने 6 जालसाज गिरफ्तार किए, अब तक 338 पीड़ितों से लगभग 20,000 डॉलर की ठगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 10 जुलाई।** मोहाली पुलिस ने एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (पीबीआई) दीपिका सिंह ने यह जानकारी दी। उनके साथ प्रेस वार्ता में डीएसपी सिटी-1, पृथ्वी सिंह रंधावा और डीएसपी (साइबर अपराध एवं फोरेंसिक) रूपिंदर दीप कौर सोही भी उपस्थित थीं।

दीपिका सिंह ने बताया कि यह अवैध कॉल सेंटर मोहाली के फेज 8-बी, औद्योगिक क्षेत्र में रोहित मेहरा नाम के एक व्यक्ति द्वारा चलाया जा रहा था। यह सेंटर लगभग 8 से 10 दिन पहले शुरू हुआ था, लेकिन इतने कम समय में ही इस गिरोह ने लगभग 20,000 डॉलर (अनुमानित 16 लाख रुपये) की ठगी कर ली। उन्होंने बताया कि एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस के निर्देश पर पुलिस ने ऐसे तत्वों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की गई, जिसके दौरान 6 आरोपियों को 6 लैपटॉप और 3 मोबाइल फोन के साथ हिरासत में लेकर पूछताछ की। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित मेहरा निवासी भाग कलां, लुधियाना, अनवर रोड्रिग्स निवासी गोवा, वर्तमान में जीरकपुर निवासी, सोमदेव निवासी कलकत्ता, वर्तमान में निवासी जीरकपुर, बुद्ध भूषण कामले निवासी पुणे, वर्तमान में जीरकपुर निवासी, एथनी गोम्स निवासी कोलकाता, वर्तमान में ज़ीरकपुर निवासी और जितेश कुमार निवासी लुधियाना शामिल हैं।

### विदेशी नागरिकों को ऐसे फंसाया

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये आरोपी गूगल ऐड के जरिए विदेशी नागरिकों को अपने जाल में फंसाते थे और झूठे मैसेज या पॉप-अप के जरिए बताते थे कि उनके कंप्यूटर या लैपटॉप में तकनीकी खराबी आ गई है। फिर उन्हें अपने नंबरों पर कॉल करने के लिए कहा जाता था, ठगी के जाल में फंसे लोगों को एंटीवायरस या सिस्टम अपडेट के नाम पर एप्पल या वॉलमार्ट के गिफ्ट कार्ड खरीदने के लिए कहा जाता था, जिनके कोड लेकर उनसे ठगी की जाती थी। इस कॉल सेंटर का मास्टरमाइंड एलेक्स नाम का व्यक्ति है, जो फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का कहना है कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गत 9 जुलाई को धारा 318(4), 61(2) बीएनएस. थाना फेज 1, एसएएस नगर में दर्ज किया गया है।

### साइबर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बरामद 6 लैपटॉप, 3 मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच जारी है। मोहाली पुलिस ने इस बड़े घोटाले का पर्दाफाश करके यह साबित कर दिया है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके बैंक लेनदेन और डेटा की जाँच की जा रही है और और पीड़ितों की पहचान की जा रही है।

## पंचकूला और कालका में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पंचकूला अपर्णा भारद्वाज ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई शनिवार को जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर-1, पंचकूला और उप-मंडल न्यायालय, कालका में आयोजित की जाएगी। वेद प्रकाश सिरोही, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पंचकूला के अनुमोदन से कुल 9 पीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय पंचकूला और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय भवन में कानूनी सहायता हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। हेल्प डेस्क का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय लोक अदालत, इसके लाभों और इस व्यवस्था के माध्यम से विवादों के समाधान की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता पैदा करना है। लोक अदालत के दौरान सभी प्रकार के मामलों पर विचार किया जाएगा, जिनमें मुकदमे से पहले के और लंबित मामले भी शामिल हैं। इनमें दीवानी विवाद, आपराधिक समझौता योग्य मामले, राष्ट्रीय विधिक सेवा अधिनियम की धारा 138 के तहत चेक बाउंस के मामले, वैवाहिक विवाद, एमएसीटी मामले, बैंक वसूली मामले, बिजली और पानी के बिल संबंधी विवाद और इसी तरह के अन्य समझौता योग्य मामले शामिल हो सकते हैं। इसका उद्देश्य लंबित मामलों को कम करना और समयबद्ध तथा वादी-अनुकूल तरीके से सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देना है।

लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सेक्टर-1, जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला के कार्यालय में आने या हेल्पलाइन नंबर 0172-2585566 पर कॉल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वे मुफ्त सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## पुलिस का सर्वेंट वेरिफाई करने के लिए शिविर का आयोजित

शिविर 5 जुलाई से 20 जुलाई तक

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते किराएदार और सर्वेंट वेरिफाई करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 5 जुलाई से 20 जुलाई तक चलेगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किरायेदारों और सर्वेंट का आसान पहुँच और त्वरित, परेशानी मुक्त वेरिफाई प्रदान करना और साथ ही अवैध रूप से रह रहे किसी भी व्यक्ति या बिना सूचना दिए क्षेत्र में रहने वाले किसी भी असामाजिक तत्व की पहचान करना है। अधिकतम वेरीफाई जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए एसएचओ अपने क्षेत्रों में विशेष रूप से अपने अधिकार क्षेत्र के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में घोषणाएँ कर रहे हैं।

### तुम जियो हजारों साल



सुधीर पाहुजा को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

### तुम जियो हजारों साल



अनुराम अग्रवाल को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

### तुम जियो हजारों साल



पूनम दीदी को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं



















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)